सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:06

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,454 |
| निफ्टी | 24,008 |
| सोना 96416 | चांदी 75726 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



हिमाचल में अगले एक सप्ताह में होगी प्री शिक्षकों की भर्तियां

पृष्ठ 03 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 10 मई 2025 | 28 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 131, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### आईपीएल एक हफ्ते के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया और बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है। (अनंत ज्ञान)

...विस्तृत समाचार पेज 14 पर

### दिल्ली एयरपोर्ट पर 138 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार को 138 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को विभिन्न एयरलाइनों ने दिल्ली हवाई अड्डे से आने-जाने वाली 138 उड़ानें रद्द की हैं। हवाई अड्डों पर भी सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर देश के विभिन्न भागों में लगभग 27 हवाई अड्डे बंद हैं। सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच दिल्ली एयरपोर्ट जाने वाली कुल 66 घरेलू और 63 आने वाली उड़ानों के साथ ही पांच अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान और 4 आगमन उड़ानें रद्द कर दी गईं। (अनंत ज्ञान)

### इमरान खान को जेल से रिहा करने की मांग

**इस्लामाबाद।** भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की अदियाला जेल में भ्रष्टाचार मामले में सजा काट रहे पूर्व पीएम इमरान खान को जेल से रिहा करने की मांग की गई है। इसे लेकर पूर्व पीएम की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि लंबे समय से हिरासत में रहने के कारण पूर्व पीएम की जान को खतरा है। साथ ही भारत के साथ मौजूदा स्थिति चलते उनकी जान को खतरा है। (अनंत ज्ञान)



### कोर्ट से केजरीवाल व आतिशी को राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आपराधिक मानहानि के मामले में सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत को ट्रायल कोर्ट ने बरकरार रखा है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने पूर्व सीएम आतिशी और केजरीवाल को लेकर भी दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस सुनवाई पर लगी रोक को 4 सप्ताह के लिए बढ़ा दिया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- जोलसप्पड़ में शराब का ठेका खोला तो होगा प्रदर्शन -पेज 2
- पंजाब-दिल्ली के खिलाड़ियों को जालंधर से ट्रेन में किया रवाना -पेज 3
- ज्वालामुखी मंदिर की बढ़ाई सुरक्षा, पुलिस बल किया तैनात -पेज 4
- प्रदेश सरकार ने डाला जनता की जेब पर डाका : राजेंद्र गर्ग -पेज 6
- 15 दिन में सड़क न बनाई तो करेंगे चक्का जाम -पेज 9

# भारत की जवाबी कार्रवाई से पाक को भारी नुकसान

- तुर्किये ड्रोनों से 36 जगहों को निशाना बनाने की कोशिश नाकाम
- भारत की खुफिया व वायुरक्षा प्रणाली की टोह लेना चाहता था पाक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान ने 8-9 मई की मध्यरात्रि को भारत की 36 जगहों को ड्रोन से निशाना बनाना चाहा, लेकिन सेना की सतर्कता ने उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया। इस दौरान मिसाइलें भी दागी गईं, जिन्हें भी धरती पर नहीं गिरने दिया। पाकिस्तान ने हमले के लिए तुर्किये ड्रोनों का इस्तेमाल किया है। भारत इन ड्रोनों के मलबे की जांच कर रहा है। ये बातें विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं। प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से भारतीय युद्ध क्षेत्र में कई बार हमला किया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 36 स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास किया गया। करीब 300-400 ड्रोन का इस्तेमाल किया था। इनका मकसद खुफिया जानकारी और वायु रक्षा प्रणालियों की जानकारी लेना था। शुरुआती जांच में यह सामने आया कि ड्रोन तुर्किये के थे। इनकी जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)



ड्रोन हमलों के बारे में आधिकारिक ब्रीफिंग देते विदेश सचिव व सैन्य अधिकारी।

### पाकिस्तान एलओसी पर नागरिकों को बना रहा निशाना : विक्रम मिसरी

**विदेश** सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि वीरवार रात की पाकिस्तानी सेना की कायरतापूर्ण गतिविधियों से आपको अवगत करा दिया गया है। ये उकसाने वाली कार्रवाई थी, उन्होंने भारतीय शहरों और सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर और कुछ मिलिट्री ठिकाने को टारगेट किया। भारतीय सैन्य इकाइयों ने इनका उत्तर दिया। पाकिस्तान दावा करता है कि उन्होंने किसी धार्मिक स्थान पर हमला नहीं किया। उन्होंने पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया। इन हमलों की जिम्मेदारी लेने की बजाय पाकिस्तान कह रहा है कि भारतीय आर्मी ऐसा कर रही है। पाकिस्तान अपनी हरकतों और आक्रमणों को मानने से इनकार कर रहा है और दुनिया को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान कह रहा है कि हमने ननकाना साहिब पर ड्रोन हमला किया है। पाकिस्तान कोशिश कर रहा है कि इस मामले को धार्मिक रंग दिया जा सके। पहलगाम हमले में ही यही दिखाई दिया है। यह कैंपेन पाकिस्तान ने पहलगाम अटैक के वक्त से ही शुरू किया है। वह शुरू से ही इन हालात को धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। हमें आश्चर्य नहीं है, लेकिन भारत की एकता खुद में ही पाकिस्तान के लिए चुनौती है।

### चंडीगढ़ और अंबाला में हवाई हमले की वॉर्निंग

- जैसलमेर में बॉर्डर के गांव खाली कराए
- पाकिस्तान की फायरिंग में 17 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच चंडीगढ़ और अंबाला में शुक्रवार को हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, NIA का भी दफ्तर है। अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन मौजूद है। राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान बॉर्डर से 20 किलोमीटर दायरे में गांव खाली कराए जा रहे हैं। जैसलमेर में मिलिट्री स्टेशन है और पाकिस्तान बॉर्डर का 500 किमी हिस्सा सटा हुआ है। वहीं, एलओसी पर पुंछ इलाके में लगातार पाकिस्तानी सेना फायरिंग कर रही है। पुंछ समेत जम्मू-कश्मीर में 17 सिविलियंस की मौत हुई। इनमें 5 बच्चे भी शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा रहा है।

# हिमाचल के संवेदनशील स्थानों पर हथियारबंद पुलिस जवान तैनात

## सीएम ने इमरजेंसी मीटिंग में सुरक्षा को लेकर जारी किए दिशा-निर्देश

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

भारत-पाकिस्तान तनाव को देखते हुए हिमाचल में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होगी। सीमावर्ती इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ेगी। आपातकालीन स्थिति में सीएम दफ्तर के साथ जीएडी और कंट्रोल रूम एक्टिव रहेंगे। किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। प्रदेश सचिवालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक आपात बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ये तमाम निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पठानकोट, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों के प्रशासन को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। आपात बैठक में मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक समेत सभी एसपी, डीसी के साथ सुरक्षा संबंधी उपाय करने को लेकर मंथन किया गया और सुरक्षा व्यवस्था को हर स्तर पर पुख्ता बनाने की सहमति बनाई गई। प्रदेश की राजधानी शिमला में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शहर के ऐतिहासिक रिज मैदान, मालरोड व अन्य मत्वपूर्ण स्थानों पर हथियारों के साथ पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। (अनंत ज्ञान)

- आपात स्थिति में सीएम दफ्तर के साथ जीएडी व कंट्रोल रूम रहेंगे एक्टिव



सचिवालय में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आपात बैठक करते सीएम सुक्खू।

### श्रीनगर से हिमाचल के छात्रों को सुरक्षित लाने का दिया भरोसा

**उपमुख्य** सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर जम्मू-कश्मीर, विशेष रूप से श्रीनगर में पढ़ाई कर रहे हिमाचली छात्रों को सुरक्षित वापस लाने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि इन विद्यार्थियों के अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति चिंतित हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 103 विद्यार्थी जम्मू-कश्मीर में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। भारत-पाकिस्तान के मध्य बढ़ रहे तनाव के दृष्टिगत इनके परिजन अत्यंत चिंतित हैं और बच्चों की सुरक्षित वापसी की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के छात्रों को सुरक्षित वापस लाने का पूरा भरोसा दिया।

### हिमाचल से पंजाब और जम्मू की रात्रि बस सेवा को किया बंद

**एचआरटीसी** ने पंजाब और जम्मू राज्य को जाने वाली रात्रि बसों की आवाजाई पर रोक लगा दी है। यहां से फिलहाल पठानकोट, अमृतसर, जालंधर और जम्मू के लिए रात के समय बसें नहीं चलेंगी। इन रूटों पर करीब 20 से 25 बसें जाती हैं। दोपहर में जाने वाली बसों पर रोक नहीं रहेगी। वह सामान्य रूप से चलती रहेगी। प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि कि यह कदम क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा को लेकर उठाया गया है। बस सेवाओं के दोबारा शुरू होने की जानकारी जल्द ही यात्रियों को दी जाएगी। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा जाने वाली बसें भी सिर्फ जसूर तक ही जाएंगी।

### हवाई अड्डों, बांधों पर सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश

**सीएम** ने धार्मिक स्थलों, हवाई अड्डों, बांधों, पुलों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों में पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नियमित रूप से मॉकड्रिल आयोजित करने को भी कहा। उन्होंने प्रदेश में स्थापित नियंत्रण कक्षों को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# बीएसएफ ने सांबा बॉर्डर पर मार गिराए 7 आतंकी

**एजेंसी, जम्मू**

बीएसएफ ने 8-9 मई की रात ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में इंटरनेशनल बॉर्डर से घुसपैठ कर रहे सात आतंकवादी मार गिराए हैं। इसके अलावा पाकिस्तानी पोस्ट ढांढ़र को भी भारी नुकसान पहुंचा है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सुरक्षा बलों से मिलने और जमीनी हालात की समीक्षा करने के लिए उरी पहुंचे। पाकिस्तान ने वीरवार रात उरी सेक्टर में नागरिक इलाकों को निशाना बनाया था। (अनंत ज्ञान)

### रक्षामंत्री ने हालातों की ली जानकारी

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और सीडीएस अनिल चौहान ने ताजा हालात की जानकारी दी।

### हमारे गोदाम भरे हुए

**केंद्रीय** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा कि हमारे कृषि भंडार भरे हुए है। हम आतंकियों को नहीं छोड़ेंगे।

### गृह मंत्री अमित शाह ने ली सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की शुक्रवार को समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि शाह ने भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति की समीक्षा करने के अलावा देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया। सीमा सुरक्षा बल भारत-पाकिस्तान सीमा की सुरक्षा करता है तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल देश के हवाई अड्डों, मेट्रो नेटवर्क और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का जिम्मा संभालता है। शाह के साथ बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और बीएसएफ, सीआईएसएफ एवं नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक शामिल हुए।



# सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान को झटका

## वर्ल्ड बैंक का भारत पर दबाव बनाने से इनकार, कहा- हम सिर्फ मध्यस्थ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के साथ तनाव के बीच वर्ल्ड बैंक ने शुक्रवार को सिंधु जल समझौता विवाद में दखलअंदाजी से इनकार कर दिया है। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, 'वर्ल्ड बैंक भारत को फैसला बदलने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

सिंधु जल समझौता में हमारा रोल सिर्फ मध्यस्थता का है।' दरअसल, भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद 23 अप्रैल पाकिस्तान के साथ हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान ने कहा था कि वो भारत के इस फैसले को रद्द कराने के लिए वर्ल्ड बैंक से अपील करेगा।

वहीं, भारत-पाकिस्तान विवाद को लेकर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि भारत-पाक संघर्ष खत्म करना उनका काम नहीं हैं। वेंस ने कहा कि हम दोनों देशों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकते हैं।




### स्वास्थ्य मंत्री ने सभी हेल्थ सेंटर्स में सुविधाओं का किया रिव्यू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच राजधानी नई दिल्ली में आज एक के बाद एक कई बैठकों का दौर जारी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को देश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की। निर्माण भवन में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कंट्रोल सेंटर से पूरी निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि देश के अस्पताल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

### आरएसएस बोला- पूरा देश सरकार और सेना के साथ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार और सुरक्षा बलों को बधाई दी। संघ ने कहा कि हिंदू टूरिस्ट्स के क्रूर हत्याकांड में पीड़ित परिवारों और देश को न्याय दिलाने के लिए इस कार्रवाई से पूरे देश का स्वाभिमान और साहस बढ़ा है। राष्ट्रीय संकट की घड़ी में पूरा देश तन, मन और धन से सरकार और सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है। हम सीमा पर धार्मिक स्थलों और रिहायशी इलाकों पर पाकिस्तानी सेना के हमलों की निंदा करते हैं। हमलों के शिकार हुए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तानी सांसद ने पीएम शहबाज को बताया कायर

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने पीएम शहबाज शरीफ को गीदड़ और कायर बताया है। नेशनल असेंबली में बोलते हुए शाहिद ने कहा कि शहबाज ने मोदी के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला। दूसरी तरफ पाक सरकार ने कराची पोर्ट को उड़ाने से जुड़ी खबरों को झूठा बताया है। कराची पोर्ट के एक्स हैंडल ने इसकी जानकारी देते हुए पोर्ट को सुरक्षित बताया है। वहीं, पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार को दावा किया कि अब तक भारत के 35 ड्रोन को मार गिराया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के हमलों में उनके 31 लोग मारे गए हैं। वहीं, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बुधवार को हुए भारतीय ड्रोन हमलों का मकसद पाकिस्तान के भीतर ठिकानों की पहचान करना था। (अनंत ज्ञान )



- बोले, मोदी के खिलाफ एक शब्द नहीं कहा

### शहबाज से नवाज शरीफ बोले -तनाव कम करें

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पड़ोसी देश के नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के बाद भारत ने पाकिस्तान की हर हिमाकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत को अशांत करने के मंसूबे पालने वाले पड़ोसी देश के हुक्मरानों की हेकड़ी निकलने लगी है। पीएम शहबाज शरीफ से उनके बड़े भाई नवाज ने तनाव कम करने के उपाय तलाशने को कहा है। नवाज शरीफ ने कूटनीतिक समाधान तलाशने की नसीहत दी है। उन्होंने तनाव कम करने के रास्ते तलाशने की बात भी कही है।

### भारत ने ओकारा आर्मी कैंट पर किया ड्रोन अटैक

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ओकारा आर्मी कैंट पर भारत ने ड्रोन अटैक किया है। यह अटैक शुक्रवार सुबह ही किया गया, जिसकी पुष्टि की गई है। पाकिस्तान में इस समय दहशत का माहौल है। इससे पहले कल पाकिस्तान ने भारत में ड्रोन और मिसाइलों से हमले की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।

### ट्रंप ने चीन पर शुल्क को 80 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर लगे सीमा शुल्क को घटाकर 80 प्रतिशत करने का शुक्रवार को प्रस्ताव रखा है। इसे दोनों देशों के बीच छिड़े व्यापार युद्ध को कम करने वाले कदम के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच सप्ताहांत में होने वाली बैठक से पहले शुल्क में कटौती का यह कदम उठाया गया है। अमेरिकी के शीर्ष अधिकारी इस सप्ताह के अंत में स्विट्जरलैंड में चीन के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करने वाले हैं। व्यापार युद्ध शुरू होने के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली बड़ी वार्ता होगी। आयात पर उच्च शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले के बाद चीन ने भी जवाबी कदम उठाए और दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध जैसी स्थिति बन गई। ट्रंप के शुल्क लगाने के बाद अप्रैल में चीन ने भी जवाब में अमेरिका पर शुल्क लगाने की घोषणा की थी। अब चीन के खिलाफ अमेरिका का शुल्क 145 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका पर चीन ने 125 प्रतिशत शुल्क लगा रखा है। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को घोषणा थी की कि वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर जिनेवा में अपने समकक्षों से मिलेंगे।



**डिजिटलीकरण** हिमाचल प्रदेश का विधिक माप-विज्ञान विभाग हुआ पेपरलेस, बिलासपुर जिले से हुई शुरुआत

# दुकानदारों को अब ऑनलाइन मिलेगी वेट मशीनों की जांच रिपोर्ट

**शुभम राही, बिलासपुर**

सूबे में अब विधिक माप-विज्ञान विभाग पूरी तरह से पेपरलेस होने की ओर अग्रसर हो गया है। दुकानदारों को अब विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि विभाग ने अपनी सभी सेवाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। इस पहल के तहत विभाग ने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर अपनी सुविधाओं का डिजिटल संचालन शुरू कर दिया है। वर्तमान में यह सुविधा प्रदेशभर में ट्रायल मोड में शुरू की गई है, जिसकी शुरुआत बिलासपुर सहित सभी जिलों में हो गई है।

इस प्रणाली के तहत अब व्यापारियों और दुकानदारों को वेट मशीनों की जांच, सत्यापन, लाइसेंस आवेदन और नवीनीकरण जैसी तमाम सेवाओं के लिए विभागीय दफ्तर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे घर बैठे ही मोबाइल या कंप्यूटर की मदद से सभी आवश्यक कार्य कर सकेंगे।

आपको बता दें कि नए सिस्टम के तहत उपभोक्ता न सिर्फ लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे, बल्कि संबंधित शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन माध्यम से कर सकेंगे। साथ ही, लाइसेंस अप्रूवल की प्रक्रिया भी डिजिटल रूप से संचालित की जाएगी। इससे प्रक्रिया पारदर्शी होने के साथ-साथ समय की भी बचत होगी।

इस नई व्यवस्था के अंतर्गत यदि किसी व्यापारी को अपनी वेट मशीन या अन्य माप-तौल उपकरणों की जांच करानी हो, तो वह ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से विभाग से ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेगा। इससे दोनों पक्षों के लिए सुविधा बढ़ेगी और कार्यों में पारदर्शिता बनी रहेगी। अब तक व्यापारियों को माप-विज्ञान विभाग का लाइसेंस, सत्यापन और मशीन चेकिंग के लिए कई बार विभागीय कार्यालय जाना पड़ता था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि कार्य में अनावश्यक देरी भी आती थी। नई ऑनलाइन प्रणाली से यह झंझट खत्म हो जाएगा। विधिक माप विज्ञान विभाग, बिलासपुर के सहायक नियंत्रक प्रवीण सिउटा ने इस पहल की पुष्टि करते हुए बताया कि ऑनलाइन सिस्टम को ट्रायल मोड में शुरू कर दिया गया है। हमारा लक्ष्य है कि सभी सेवाएं चरणबद्ध तरीके से पेपरलेस हों और आम जनता को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से त्वरित सेवा मिले। आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में इसे पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा।

यह डिजिटल पहल राज्य सरकार की ई-गवर्नेंस योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और त्वरित बनाना है। यदि यह ट्रायल सफल रहता है, तो आने वाले समय में यह मॉडल अन्य विभागों के लिए भी एक मिसाल बन सकता है। (अनंत ज्ञान)



- ऑनलाइन जमा होगी लाइसेंस फीस, आवेदन और अप्रूवल भी
- वेट मशीन सत्यापन के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा

> **विभाग** सारे कार्य को ऑनलाइन शुरू कर रहा है। इसके लिए ट्रायल शुरू हो गया है। ऑनलाइन प्रक्रिया से दुकानदारों का लाइसेंस बनाने से लेकर अन्य सारे विभागीय कार्यों की घर बैठे सुविधा मिलेगी। इससे सरकार की ई-गवर्नेंस योजना को भी बढ़ावा मिल रहा है।
>
> **-प्रवीण सिउटा, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, बिलासपुर।**



अनंत ज्ञान विशेष

### पाकिस्तान के साइबर हमलों से बचने की सलाह

**शिमला।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से होने वाले संभावित साइबर हमलों से बचाव के लिए प्रदेश साइबर क्राइम पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। राज्य सीआईडी, साइबर अपराध के डीआईजी मोहित चावला की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा है कि हाल ही में पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ साइबर हमले के प्रयासों में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा है कि इन हमलों का उद्देश्य भारतीय नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी, बैंकिंग विवरण चुराना और डिजिटल संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना है। ऐसे में लोगों को सुरक्षित रहने के लिए सात तरह के साइबर सुरक्षा उपायों का पालन करने की सलाह दी गई है। आज की दुनिया में साइबर युद्ध एक नया मोर्चा है और जन जागरूकता ही सबसे मजबूत रक्षा पंक्ति है। डिजिटल सतर्कता ही साइबर सुरक्षा की कुंजी है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### शिवानी, वंशिका जिला स्तर पर रहीं द्वितीय

**अनंत ज्ञान, रंगस।** हिम कोस्ट द्वारा जिला स्तरीय नेशनल साइंस-डे और नेशनल मैथेमेटिक्स-डे के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया, जिसमें राजकीय कॉलेज जोलसप्पड़ की दो छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। जानकारी देते हुए प्रिंसिपल रतन जरियाल ने बताया कि स्कूल की दो स्टूडेंट्स वंशिका और शिवानी ने जिला स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। शुक्रवार को प्रार्थना सभा के दौरान इन बच्चियों को सम्मानित भी किया गया।

### धंगड़ में कल से होगा भागवत कथा का शुभारंभ

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धंगड़ में 11 से 18 मई तक भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। भागवत कथा कमेटी के सदस्य रघुनंदन कौंडल ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ मंगली गूगा से भगवत स्थल तक सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा निकाल कर किया जाएगा। भागवत कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अंकुश शर्मा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का व्याख्यान करेंगे। इसके अलावा प्रतिदिन शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा एवं 18 मई को कथा के समापन पर विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा और उसी दिन विशाल भंडारा भी होगा तथा 18 मई की शाम को विशाल भगवती जागरण किया जाएगा। कथा कमेटी ने धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

### मनसोली में कल से होगी भागवत कथा

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत सपोड़े के बाबा बालक नाथ मंदिर मनसोली में 11 से 17 मई तक भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। भागवत कथा कमेटी के सदस्य भाग सिंह कटोच ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा निकाल कर किया जाएगा। यह कलश यात्रा 11 मई को सुबह 9 बजे निकाली जाएगी। भागवत कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अजय शर्मा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का व्याख्यान करेंगे। प्रतिदिन शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा एवं 17 मई को कथा के समापन पर विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा और उसी दिन विशाल भंडारा भी होगा। कथा कमेटी ने सभी क्षेत्र वासियों से इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का विशेष आग्रह किया है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबेरी को दिए दो बेड

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** स्थानीय निवासी देशराज ने मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबेरी में दो इमरजेंसी बेड दान किए, जो आपातकालीन स्थिति में रोगियों को ले जाने के लिए उपयोग किए जाने वाले पहिएदार प्लेटफॉर्म हैं। इन्हें आमतौर पर स्ट्रेचर या गर्नी कहा जाता है और ये चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले रोगियों के लिए डिजाइन किए गए हैं। अन्य उपयोग किए जा सकते हैं उनमें ट्रॉली, बिस्तर या गाड़ी शामिल हैं। एक बुनियादी स्ट्रेचर के रूप में, ये बिस्तर मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ डोगरा की देखरेख में केंद्र को सौंपे गए, उनके समाज सेवा के प्रति अनूठे योगदान को दर्शाता है। डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने उनके इस कार्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे लोग जो निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करते हैं, वे वास्तव में सराहनीय हैं। डॉ. डोगरा ने आगे कहा कि हर व्यक्ति को निष्काम भाव से प्रकृति और जीवन के संरक्षण के लिए काम करना चाहिए।

### हर्षोल्लास से मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** महाराणा प्रताप चौक टौणी देवी में पहली बार महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया और बच्चों ने महाराणा प्रताप जिंदाबाद, महाराणा प्रताप अमर रहें, भारत माता की जय के नारे लगाकर महाराणा प्रताप को याद किया। इस दौरान लोगों के लिए मीठे पानी की छबील भी लगाई गई। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप एक वीर योद्धा थे। भावी पीढ़ी को उनकी गाथा के बारे में पता चले, जिसकी शुरुआत महाराणा प्रताप जयंती मनाकर की गई है। इस दौरान वार्ड नंबर 4 के पार्षद मनोज कुमार, वीरेंद्र ठाकुर, राजकुमार, अश्वानी डोगरा, प्रवीण कुमारी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीएवी भड़ोली स्कूल में मातृ दिवस पर रही धूम

**शशि सोनल, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हर्षोल्लास से मातृ दिवस पर धूम मचाई। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन ओपी सौंधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल के प्रिंसिपल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने बच्चों से कहा कि माताएं ईश्वर की ओर से एक अमूल्य उपहार हैं और प्रेम, समर्पण और त्याग का एक आदर्श मिश्रण हैं। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने बड़े ही मनमोहक अंदाज में अपनी माताओं के लिए कविता पाठ किया। बच्चों ने यह तो सच है कि भगवान है धरती पर रूप मां - बाप का ...गीत पर नृत्यकर सब को भावुक कर दिया। अंत में प्रिंसिपल ने सबको मातृदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली माताओं को इनाम देकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### बस किराया वृद्धि पर सुक्खू सरकार की आलोचना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** बस किराए में की गई बढ़ोतरी पर भाजपा की जिला इकाई ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर जोरदार हमला बोला है। भाजपा ने कहा है की बस किराए में की गई वृद्धि आम जनता पर सीधा बोझ डालता है या वृद्धि भी पिछले कुछ समय में लगातार दो बार कर दी गई है और हिमाचल देश में अब बस किराये के मामले में श्रेष्ठ श्रेणी में आ गया है। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा है कि बस किरायों में की गई भारी वृद्धि का भाजपा कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सरकार ने आम जनता और गरीब वर्ग की परेशानियों की अनदेखी करते हुए एक बार फिर बस किराये में 15 की बढ़ोतरी कर दी है, जो जनविरोधी कदम है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर प्रदेश की जनता को मिलने वाली सुविधाओं को बंद किया जा रहा है। पार्टी इस जनविरोधी निर्णय की कड़ी निंदा करती है और सरकार से मांग करती है कि बस किराये में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए।

### भागवत कथा में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** लोअर हड़ेटा गांव के रामतीर्थ में चल रही भागवत कथा में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्म होते ही भक्त जमकर झूमे। कथा प्रवाचक शास्त्रीअमित लखनपाल ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं। शुक्रवार को भागवत कथा में धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गए। पहरेदार सो गए। वासुदेव व देवकी बंधन मुक्त हो गए। प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है। कृपा न होने पर प्रभु मनुष्य को सभी सुखों से वंचित कर देते हैं। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने भरी जमुना पार करके उन्हें गोकुल पहुंचा दिया। वहां से वह यशोदा के यहां पैदा हुई शक्तिरूपा बेटी को लेकर चले आए। कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गीत पर भक्त जमकर झूमे। इस अवसर पर प्रकाश, राममूर्ति, प्यार चंद, अजय, रोहित, पूनम, मधु, संतोष, रीना सहित क्षेत्र के कई भक्तों ने कथा का आनंद लिया।

# आपात स्थिति के लिए रहें तैयार

## हमीरपुर में उपायुक्त अमरजीत सिंह ने आपदा प्रबंधन पर बैठक में दिए निर्देश



आपदा प्रबंधन पर आयोजित बैठक में मौजूद डीसी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर हमीरपुर जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अमरजीत सिंह ने की। यह बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गई।

बैठक में जिला प्रशासन ने सभी विभागों को सतर्क रहने और किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और लोगों से अपील की गई कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। उपायुक्त ने फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से बचने के लिए लोगों को सचेत रहने का आग्रह किया। उपायुक्त ने कहा

**कहा-एआई जनरेटेड फेक वीडियो और झूठी खबरों के प्रसार से सावधान रहें**

कि एआई जनरेटेड फेक वीडियो और झूठी खबरों के प्रसार से सावधान रहें और केवल अधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। उन्होंने कहा कि कोई भी मैसेज आगे भेजने से पहले इसकी सत्यता की जांच जरूर कर लें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह, एसडीएम संजीत सिंह, एसीटूडीसी अनुपम कुमार, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता विद्युत एनपी अबरोल, भोटा चैरिटेबल अस्पताल के प्रशासक कर्नल जे.जग्गी, कमांडेंट होमगार्ड विनय कुमार, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहशत : रात को सो नहीं पाए लोग

## सेवानिवृत्त सैनिकों को तैयार रहने के निर्देश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**नादौन, ज्वालामुखी सहित कई इलाकों में रात को बिजली रही गुल**

भारत-पाकिस्तान के दरमियान बॉर्डर पर चल रही युद्ध जैसी स्थिति को लेकर इस इलाके में रात भर लोग दहशत में रहे। कई इलाकों में बगैर किसी ऐलान के बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने मुकम्मल तौर पर बिजली काट दी, जबकि ज्यादातर इलाकों में रात को बिजली बहाल रही, लेकिन सबसे अहम बात यह है कि सेवा से कुछ समय पहले तक जो फौजी सेवानिवृत हुए हैं, उन्हें युद्ध जैसी स्थिति में खुद को शामिल करने के लिए तैयार रहने के लिए भी कह दिया गया है।

हमीरपुर जिला मुख्यालय पर बिजली का कोई भी कट नहीं था। यही स्थिति जिला के ज्यादातर इलाकों में थी लेकिन नादान और ज्वालामुखी क्षेत्र में रात को बिजली काट दी गई थी जिसे सुबह होते ही बहाल किया गया लेकिन विडंबना यह रही कि जिला प्रशासन या सरकार के इन क्षेत्रों में बिजली सप्लाई काटने के कोई भी आदेश नहीं थे। लोगों के पूछने पर बताया गया कि ऐतिहातन ऐसा किया गया है।

**एहतियातन करवाई थी बिजली बंद : एसई**

हमीरपुर के एसई आशीष कपूर का कहना था कि नादौन और ज्वालामुखी का एक ही एक्सईएन के पास चार्ज था और एहतियातन उन्होंने बिजली बंद करवा दी थी। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले में कहीं भी बिजली को बंद करने के आदेश नहीं जारी किए गए थे।

उधर, कुछ समय पहले सेना से सेवानिवृत होकर घर लौटे कई सैनिकों ने बताया कि उन्हें युद्ध जैसे हालात बनने की वजह से तैयार रहने को कहा गया है। हालांकि अभी इस तरह के कोई लिखित आदेश नहीं आए हैं, लेकिन ऐसी सूचना उनके वरिष्ठों से मिली है।

# सहकारी सभाओं के विक्रेताओं की समस्याओं का निपटारा शीघ्र हो : कवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



ज्ञापन सौंपते हुए डिपो संचालक समिति के पदाधिकारी।

हिमाचल प्रदेश में सहकारी सभाओं के विक्रेताओं की समस्याओं का शीघ्र निपटारा करने के लिए डिपो संचालक समिति के बैनर तले इसके अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी ने सहकारिता विभाग के पंजीयक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है प्रदेश के अधिकांश जिलों में सहकारी सभाओं की कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते सभाओं की प्रबंधन समितियां सभाओं के विक्रेताओं का जमकर शोषण कर रहे हैं।

इन सहकारी सभाओं के विक्रेता खाद्य आपूर्ति निगम के गोदामों से अपना पैसा लगाकर राशन ला रहे हैं और सभाओं के पास अपना भवन न होने के कारण विक्रेताओं को राशन रखने के लिए दुकानें भी अपनी जेब से पैसा खर्च करके किराये पर लेनी पड़ रही हैं। इसके साथ साथ डिपो के लाइसेंस के नवीनीकरण की फीस बिजली का बिल स्टेशनरी का खर्च व डिपुओं पर लगी पॉश मशीनों को चलाने के लिए नेट का खर्च भी विक्रेता अपनी जेब से अदा कर रहे हैं, बावजूद इसके राशन पर मिलने वाले मात्र 4 प्रतिशत कमीशन के 50 प्रतिशत हिस्से की मांग प्रबंधन समितियां अपने विक्रेताओं से करके विक्रेताओं का शोषण करने पर उतारू हैं। उन्होंने कहा है कि जिन सहकारी सभाओं के पास राशन खरीदने के लिए न तो पैसा है और न ही राशन रखने के लिए अपने भवन हैं, उन सहकारी सभाओं के विक्रेताओं को या तो निजी डिपो देने की सिफारिश की जाए या फिर ऐसी सभाओं की प्रबंधन समितियों को विक्रेताओं से राशन पर मिलने वाले कमीशन के आधे हिस्से की मांग न करने के आदेश जारी किए जाएं।

जिन जिलों में सहकारी सभाओं की आर्थिक स्थिति मज़बूत हैं, उनमें से भी अधिकांश सभाएं अपने विक्रेताओं को सेवा नियमों के तहत वेतन न देकर मनमाने ढंग से वेतन दे रही हैं। ऐसी सभाओं को भी अपने विक्रेताओं को सभा के ग्रेड के अनुसार वेतन देने के कड़े आदेश जारी किए जाएं, ताकि विक्रेताओं को उनका हक मिल सके।

# लगमन्वी पंचायत में रात को अपनी अपनी लाइटें बंद करने की अपील

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरन्ज उपमंडल की लगमन्वी पंचायत के पदाधिकारीयों के द्वारा पाकिस्तान के साथ तनाव की स्थिति होने पर पंचायत में प्रस्ताव डालकर लोगों से अपील की कि हम सभी की जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी भूमिका निभानी होगी ताकि सरहद पर लड़ रहे हमारे जवानों का हौंसला बुलंद रहे। प्रस्ताव में लिखा है कि केंद्र सरकार के के द्वारा दिए गए हर निर्देशों का पालन करना होगा।

पंचायत के प्रस्ताव के माध्यम से सभी लोगों से आग्रह किया रात के समय अपनी सभी लाइटें बंद करनी होंगी। इस समय हिमाचल प्रदेश के सभी गांवों में सोलर लाइटें लगी हुई हैं, जिनको बंद करना होगा, जब तक तनाव का माहौल खत्म नहीं हो जाता। इन सोलर लाइटों के बंद करने के लिए संबंधित विभाग को भी कदम उठाने चाहिएं। लोगों को चाहिए कि सोलर लाइट को गहरे हरे रंग के कपड़े से ढक दें ताकि रिचार्ज न हो सके या फिर सोलर से दिए गए तार के कनैक्शन को काट देना चाहिए।

प्रस्ताव में सभी लोगों से आग्रह किया गया कि एसी परिस्थिति में हम सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए अपने सभी कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए सीमाओं पर लड़ रहे फौजियों का हौंसला बुलंद रहे। लगमन्वी पंचायत के प्रधान शशी शर्मा ने बताया कि पाकिस्तान के साथ तनाव को देखते हुए लोगों से पंचायत में प्रस्ताव के माध्यम से आग्रह किया गया कि रात के समय अपनी सभी लाइटें बंद रखें। केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी निर्देशों का पालन करें। इस प्रस्ताव की पंचायत रास्तों के किनारे या चौराहों पर लगा दिया गया है।

# डीसी के सफल प्रयासों से मरीजों को मिली लैब टेस्ट की सुविधा

## फंड की कमी होने के कारण रेडक्रॉस लैब में नहीं हो रहे थे टेस्ट, मशीनें भी हो गई थीं खराब

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



अनंत ज्ञान खास खबर

गत दिवस विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हमीरपुर की रेडक्रॉस लैब को दोबारा से शुभारंभ किया है। डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में स्थापित रेड क्रॉस लैब पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ी थी, जिससे यहां पर आने वाले मरीजों के टेस्ट नहीं हो पा रहे थे। इसका मुख्य कारण था कि प्रदेश सरकार के पास बजट न होने के कारण नेशनल हैल्थ मिशन के तहत फंड रिलीज नहीं किया जा था।

रेडक्रॉस लैब द्वारा बाहर करवाए जाने वाले टेस्ट व अन्य खरीदे जाने वाले सामान की लगभग 80 लाख रुपए की देनदारियां हो गई थीं। इसके अलावा मशीनों में खराबी आ जाने के कारण और नई मशीनें न होने के कारण लैब में होने वाले सभी टेस्ट बंद कर दिए थे। फंड की कमी होने के कारण यहां तक कि लैब में तैनात 7 कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी राशि उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। जिला प्रशासन ने रेडक्रॉस लैब की देनदारियों को चुकाने और फिर से लैब को चलाने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन कहीं से भी फंड उपलब्ध नहीं हुआ, लिहाजा हमीरपुर के डीसी ने रेडक्रॉस संस्था को फिर से खड़ा करने का निर्णय लिया। इसके लिए सबसे पहले उपायुक्त कार्यालय के बाहर रेडक्रॉस की कैंटीन खोली गई जिससे यहां पर होने वाली आय को कर्मचारियों को दिया गया। रेडक्रॉस की कैंटीन में अच्छी बिक्री हो रही है और उपायुक्त कार्यालय में आने वाले लोग व कर्मचारी कैंटीन से सामान खरीद रहे हैं व आर्डर भी बुक कर रहे हैं। कैंटीन चलाने के लिए आईएचएम के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने निशुल्क खाद्य पदार्थ भी तैयार कर रहे हैं, जो कैंटीन के लिए एक प्लस प्वाइंट साबित हुआ है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी को विधायक और मुख्यमंत्री की ओर से 23 लाख रुवपए प्रदान किए गए हैं, जिससे लैब के लिए नई मशीनें खरीदी जाएंगी।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह के प्रयासों ने एक बार फिर से रेडक्रॉस को फिर से जीवित कर दिया है, जो पिछले कुछ वर्षों से निष्क्रिय हो गई थी। वर्तमान समय में रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक जो 25 हजार देकर पेट्रन व एक हजार रुपए देकर लाइफ मेंबर बन सकते है, उनमें भी इजाफा हुआ है। वर्तमान समय में रेडक्रॉस सोसायटी के 17 पैट्रन और 740 लाइफ मेंबर बन गए हैं। यह सब उपायुक्त के प्रयासों से ही संभव हुआ है। इसक अलावा रेडक्रॉस सोसायटी ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर दो एंबुलेंस लगाई हैं, जो मरीजों को 15 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से लोगों को उपलब्ध रहेंगी। एक एंबुलेंस मेडिकल कॉलेज हमीरपुर और दूसरी बड़सर अस्पताल में लगाई गई है।

इसके अलावा जिला प्रशासन को रैफरल ड्रॉ से 51 लाख 91 हजार रुपए एकत्रित हुए हैं। उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी की लैब को शीघ्र ही अत्याधुनिक रूप से चलाया जाएगा जिसके लिए नई मशीनें खरीदी जाएंगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को यहां पर फिर से टेस्ट करवाने की सुविधाएं वीरवार से शुरू कर दी हैं। (अनंत ज्ञान)

# धनेटा कॉलेज में विज्ञान की कक्षाएं हों शुरू

**अनंत ज्ञान, धनेटा**



मेडिकल, नॉन मेडिकल कक्षाएं शुरू करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन।

राजकीय महाविद्यालय धनेटा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से विज्ञान स्नातक (मेडिकल और नॉन-मेडिकल) की कक्षाएं शुरू करने के लिए विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने वालों में पंचायत धनेटा, भदरू, हथोल, बदारन, झलान, ग्वाल पत्थर, मनसाईं आदि पंचायतों के प्रतिनिधि शामिल थे। उन्होंने प्राचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को अनुरोध किया कि राजकीय महाविद्यालय धनेटा, जिला हमीरपुर मे शीघ्र अतिशीघ्र विज्ञान स्नातक की कक्षाएं शुरू की जाएं।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इससे हमारे क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर बढ़ेंगे। प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस विषय के बारे में प्रदेश सरकार तथा उच्चतर शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश को अवगत करवाएंगे।

# हिम अकादमी स्कूल में मदर्स डे पर विशेष कार्यक्रमों की धूम




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में 'मातृत्व दिवस' के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दिन को माताओं के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने हेतु विद्यालय ने कक्षा अनुसार गतिविधियों की एक विशेष रूपरेखा तैयार की है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा, उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, समन्वयिका कंचन लखनपाल को पुष्प गुच्छ भेंट करके किया गया। कार्यक्रम के अनुसार, कक्षा पहली से पांचवीं के छात्रों ने अपनी माताओं के प्रति भावनाओं को व्यक्त करते हुए भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत की। वहीं, कक्षा पहली से दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए सुंदर कार्ड बनाएं तथा चित्रकारी गतिविधियों में भाग लिया। इस रचनात्मक कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को कलात्मक ढंग से व्यक्त किया। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में माताओं के प्रति प्रेम, आदर और कृतज्ञता की भावना को बल मिलेगा है। साथ ही, ये गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# एचपीआरसीए के अध्यक्ष राजीव ने सदस्य जगदीश को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) के अध्यक्ष राजीव कुमार ने पूर्व शिक्षा उप-निदेशक जगदीश चंद कौशल को आयोग के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

आयोग के हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सर्वप्रथम आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने प्रदेश सरकार की ओर से जारी जगदीश चंद कौशल की नियुक्ति आदेश को अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके बाद अध्यक्ष राजीव कुमार ने जगदीश चंद कौशल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान आयोग के उपसचिव राजीव ठाकुर, आयोग के सदस्य सुखदेव सिंह, नव-नियुक्त सदस्य के परिजन, एचपीआरसीए के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जगदीश चंद कौशल कर्मठ व्यक्तित्व के धनी हैं तथा अभी हाल ही में शिक्षा उपनिदेशक के पद से सेवानिवृत हुए हैं, जिसके बाद उन्हें एचपीआरसीए के सदस्य के रूप में नियुक्ति के आदेश जारी किए थे।

# राज्य पेंशनर महासंघ का जिला सम्मेलन कैंसिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राज्य पेंशनर्स संघ की जिला इकाई का यहां टाउन हॉल में 15 को आयोजित किया जाने वाला सम्मेलन फिलहाल कैंसिल कर दिया गया है। ऐसा बॉर्डर पर भारत और पाकिस्तान के दरमियान चल रहे तनाव के कारण फैसला लिया गया है। ज्ञात रहे इस सम्मेलन में सांसद अनुराग ठाकुर और हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करने वाले थे। यह जानकारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य पुरुषोत्तम ठाकुर ने दी।

# नशे के खात्मे तक जारी रहेगी मुहिम : रूबल

**एसके ठाकुर, बड़सर**



नशा निवारण समिति ने पंचायत प्रतिनिधियों से बैठक की।

बिझड़ी ब्लॉक में प्रदेश में बढ़ रहे नशे का जड़ से समाप्त करने की प्रदेश सरकार की मुहिम ने रंग लाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नशा निवारण समिति सदस्य रूबल ठाकुर ने समिति हाल में पंचायत प्रधानों के साथ नशे को जड़ से खत्म करने की उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक की।

उन्होंने कहा कि नशे के खात्मे के लिए सबके साझा प्रयासों से ही सार्थक सिद्ध हो सकता है। ठाकुर ने कहा कि जनप्रतिनिधि भी अगर नशे के खिलाफ सरकार का सहयोग करेंगे तो ऐसे में प्रदेश भर से नशे को जड़ से खत्म किया जा सकता है। अगर हर पंचायत में जनप्रतिनिधि सूझबूझ के साथ युवाओं के साथ काउंसिलिंग करके उन्हें नशे से दूर रहने का सदेश दें। यह मुहिम नशे के खिलाफ सरकार ने शुरू की गई मुहिम तब तक नहीं रुकेगी, जब तक नशा पूर्णतया खत्म नहीं होता

रूबल ने कहा कि जनप्रतिनिधि ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखें, जो नशा करते हैं, साथ में युवाओं को नशे की ओर धकेलते हैं। ऐसे लोगों की तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि पुलिस तत्काल कार्रवाई करके सलाखों के पीछे भेज जा सके। इस अवसर पर विकास खंड बिझड़ी के विभिन्न पंचायतों के प्रधानों ने भाग लिया। इससे पूर्व विकासखंड अधिकारी राजेश कुमार ने भी नशे को जड़ से खत्म करने पर विचार रखे।

# निधि डोगरा खेलो इंडिया यूथ गेम के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



निधि डोगरा का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 के लिए हुआ है। इन खेलों का आयोजन बिहार के गया में 11 से 14 मई तक योगासन खेल की प्रतियोगिताओं के तहत होगा। इस प्रतियोगिता में निधि डोगरा हिमाचल प्रदेश की एकमात्र और पहली योगासन खिलाड़ी है, जो हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 में करेगी।

गौरतलब है कि निधि डोगरा का चयन राष्ट्रीय स्तरीय स्कूली योगासन खेल प्रतियोगिता में 2023 में रजत पदक, 2024 में कांस्य पदक जीतने पर हुआ है। निधि डोगरा हिमाचल प्रदेश की प्रथम योगासन खिलाड़ी है, जिसने स्कूली योगासन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किए हैं। निधि डोगरा कर्म योगशाला योगासन स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर हमीरपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। निधि डोगरा जिला हमीरपुर, चौरी, खियून्ड की रहने वाली है तथा सुपर मैग्नेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में बाहरबीं कक्षा की छात्रा है।

निधि डोगरा के प्रशिक्षक पिता शशि कुमार डीपीई ने निधि डोगरा को शुभकामनाएं दी और खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 में अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए प्रेरित भी किया तथा साथ में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से निधि डोगरा का सहयोग करने वाली महान विभूतियों का भी धन्यवाद किया।

**विरोध** मेडिकल कॉलेज के आसपास बार-बार हो रही ठेके को खोलने की कोशिश

# जोलसप्पड़ में शराब का ठेका खोला तो होगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, रंगस**



जोलसप्पड़ में मेडिकल कॉलेज के पास खुला शराब का ठेका तो करेंगे विरोध।

जोलसप्पड़ में बन रहे मेडिकल कॉलेज के आसपास बार-बार शराब के ठेके को खोलने की कोशिश की जा रही है, अगर मेडिकल कॉलेज के आसपास कहीं भी शराब का ठेका खोला गया तो इसका जोरदार विरोध होगा। जरूरत पड़ने पर यहां धरना-प्रदर्शन से भी गुरेज नहीं किया जाएगा।

यह बात रंगस पंचायत के पूर्व उपप्रधान फांदी खान के अलावा ग्रामीणों सुखवीर कौंडल, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार, विकास शर्मा, जीवन कुमार, कमल कुमार, गुलाम मोहम्मद, इंद्रजीत सिंह, मुस्ताक मोहम्मद, नरेश कुमार, अतुल कुमार, राजीव कुमार, यशपाल सिंह, रविकांत, पवन कुमार सहित अन्यों ने कही।

ग्रामीणों का कहना है कि जोलसप्पड़ में बन रहे मेडिकल कॉलेज के आसपास बार-बार शराब के ठेके को खोलने की कोशिश की जा रही है, जो कि गलत है। मेडिकल कॉलेज के आसपास ठेका खुलने से इसका गलत असर छात्रों पर पड़ेगा। उनका कहना है कि यहां मेडिकल कॉलेज के आसपास दो निजी स्कूल भी हैं, जहां बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं, ठेका खुलने से उन पर भी इसका गलत असर होगा।

उनका कहना है कि इससे पहले भी जोलसप्पड़ में ठेका खोलने की कोशिश की गई थी, लेकिन अब फिर मेडिकल कॉलेज के आसपास ठेका खोलने की जदोजहद की जा रही है। उन्होंने चेताया है कि अगर दोबारा से यहां शराब का ठेका खोलने की परमिशन दी गई, तो लोग धरना-प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

वहीं रंगस पंचायत प्रधान और जोलसप्पड़ पंचायत के उपप्रधान संतोष कुमार का कहना है कि रंगस में करीब एक-डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर पहले ही शराब का ठेका है, ऐसे में मेडिकल कॉलेज के पास शराब के ठेके को खोलने का कोई औचित्य नहीं है। अगर यहां शराब का ठेका खोलने की परमिशन दी जाती है, तो वे लोगों के साथ हैं।

# हमीरपुर में सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर पदों के लिए साक्षात्कार 15 मई को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मेसर्स एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए बिलासपुर शाहतलाई रोजगार कार्यालय हमीरपुर के सहयोग से सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 70 रिक्त पदों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित करने जा रहा है। योग्य पुरुष उम्मीदवारों से इन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी हमीरपुर ने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा फेल से लेकर दसवीं पास और उससे अधिक निर्धारित की गई है। चयन के लिए उम्मीदवारों की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, आवेदकों की न्यूनतम ऊंचाई 168 सेमी और वजन 54 किलोग्राम से 95 किलोग्राम के बीच होना अनिवार्य है। साक्षात्कार 15 मई को जिला रोजगार कार्यालय, हमीरपुर में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 16,500 से 22,000/- रुपए तक का वेतन दिया जाएगा। कंपनी द्वारा चयनित आवेदकों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, हिमाचल प्रदेश के स्थायी निवासी प्रमाण पत्र और रोजगार कार्यालय पंजीकरण के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# हिमाचल में अगले एक सप्ताह में होगी प्री-शिक्षकों की भर्तियां

## राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन को मिली मंजूरी, अब आउटसोर्स कंपनियां करेंगी काम आवंटित

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा विभाग अगले एक सप्ताह के अंदर राज्य में प्री शिक्षकों की भर्ती आरंभ करेगा। राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन आउटसोर्स कंपनियों को काम आवंटित करेगा। आउटसोर्स कंपनियां ठेके पर शिक्षकों की नई भर्तियां करेगा।



जानकारी मिली है कि आगामी 15 मई के बाद 6297 प्री-प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होंगी। 21 से 45 वर्ष की आयु के 12वीं कक्षा में 50 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले हिमाचली भर्ती के लिए पात्र होंगे। नर्सरी टीचर ट्रेनिंग करने वालों को भर्ती में प्राथमिकता मिलेगी। चयनित होने वाले शिक्षकों को 10 हजार रुपए मासिक पारिश्रमिक मिलेगा। इस संदर्भ में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन को इसके निर्देश जारी कर रखे हैं। भारत सरकार के पास पंजीकृत कंपनियों के माध्यम से यह भर्तियां होंगी। नर्सरी और केजी कक्षाओं वाले स्कूलों में भर्ती किए जाने वाले शिक्षकों को सरकार ने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रशिक्षक का पदनाम दिया है। इसमें अंकों में पांच फीसदी की छूट दी जाएगी और मान्यता प्राप्त संस्थान से नर्सरी शिक्षक शिक्षा, प्री-स्कूल शिक्षा, प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा कार्यक्रम (कम से कम दो वर्ष का) में डिप्लोमा या बीएड (नर्सरी) होना जरूरी है एससी, एसटी, ओबीसी, पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए योग्यता अंकों में पांच प्रतिशत की छूट रहेगी। प्रदेश के बाहर के संस्थानों से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को वास्तविक हिमाचली होना आवश्यक रहेगा। स्कूलवार रिक्तियां स्कूल शिक्षा निदेशक निर्धारित करेंगे।

**ठेके पर होगी नई भर्तियां**

स्कूलवार रिक्तियां स्कूल शिक्षा निदेशक निर्धारित करेंगे। करों और सेवा प्रदाता शुल्क सहित 10 हजार का मासिक पारिश्रमिक तय किया गया है। इसमें एजेंसी चार्जेज, जीएसटी, अन्य खर्च शामिल हैं।

हर जिले में स्कूल शिक्षा के उपनिदेशक के पूरे नियंत्रण में रहते हुए प्रशिक्षक स्कूल के सबसे वरिष्ठ शिक्षक की देखरेख में काम करेंगे। सरकार की मंजूरी के बिना किसी भी प्रशिक्षक को वियोजन से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। नामांकन भिन्नता या प्रशासनिक कारणों से प्राथमिक शिक्षा निदेशक के परामर्श से स्थानांतरण हो सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

**प्रशासनिक विभाग के माध्यम से ही होगी तमाम प्रक्रिया**

**प्रदेश** शिक्षा सचिव राकेश कंवर की ओर से जारी निदेशकों को ये सुनिश्चित करने के लिए सलाह दी है कि ऐसे सभी प्रस्ताव, जिनमें पुनर्नियुक्ति, नीतिगत मामले और वित्तीय शामिल हैं। प्रशासनिक विभाग के माध्यम से भेजे जाएं। ऐसा नहीं करने पर सरकार की ओर से जवाबदेह अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर दे चुके पहले ही सहमति**

**हिमाचल** प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर इस बारे में पहले ही अपनी मंजूरी दे चुके हैं। उन्होंने राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन को आउटसोर्स में नियुक्तियां करने के निर्देश जारी कर रखे हैं। अदालत में मामला फंसने से यह प्रक्रिया रुक गई थी। अब इसका रास्ता साफ हो गया है और अब ये नियुक्तियां 15 मई के बाद दोबारा शुरू होंगी।

## सीएम ने अपने सरकारी आवास में सुनी लोगों की समस्याएं



सरकारी आवास ओक ओवर में लोगों की समस्याएं सुनते सीएम सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनके लिए जनहित सर्वोपरि है और हर व्यक्ति की समस्या का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अपनी सरकारी आवास अक्तूबर में आम आदमी की जन सुनवाई के दौरान कहा कि जनसुनवाई संवाद और समाधान का प्रभावी माध्यम बन चुकी है। इसके लिए उनकी सरकार त्वरित प्रयास कर रही है। सुक्खू ने बताया कि वे समस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। उन्होंने शुक्रवार को शिमला में विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं।

**न्यूज ब्रीफ**

### तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की प्रवेश परीक्षा स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने 10 और 11 मई को प्रस्तावित हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2025 स्थगित किया है। जल्द ही नई तिथि घोषित की जाएगी। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि वर्तमान स्थिति का ध्यान में रखते हुए प्रवेश परीक्षा आगामी निर्देशों तक स्थगित की गई है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट चंडीगढ़ सहित प्रदेश के दस जिला में प्रस्तावित था, जिसके लिए 10517 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

### बद्दी शहर के विकास के लिए किया जा रहा योजनाबद्ध कार्य

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण बद्दी शहर के सौंदर्यकरण व विकास के लिए योजनाबद्ध कार्य किया जा रहा है और यह सुनिश्चित बनाया जाएगा कि यह शहर स्थानीय निवासियों के साथ बड़ी संख्या में यहां कार्यरत श्रमिकों को भी बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम हो। राम कुमार चौधरी शुक्रवार को बद्दी में साई मार्ग के सुदृढ़ीकरण व अन्य विकास कार्यों के संबंध में अयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बद्दी क्षेत्र के सौंदर्यकरण करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि बद्दी में यातायात व्यवस्था, सीवरेज व्यवस्था व अन्य समस्याओं के निपटारे के लिए बजट का प्रावधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार बद्दी क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे है। विधायक ने विभिन्न विभागों से साई मार्ग बद्दी के मुरम्मत कार्यों से संबंधित कार्य योजना की जानकारी प्राप्त की तथा उचित निर्देश दिए। उन्होंने साई मार्ग पर विशेष रूप से वर्षा जल की निकासी के लिए आवश्यक स्थानों पर उचित गुणवत्ता वाले चैंबर लगवाने तथा सड़क विस्तारीकरण के लिए विद्युत खंबों को सड़क के किनारों पर लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सम्पर्क मार्ग के निर्माण पर भी कार्य किया जा रहा है।

# पंजाब-दिल्ली के खिलाड़ियों को जालंधर से ट्रेन में किया रवाना

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने युद्ध के हालातों के चलते धर्मशाला में वीरवार बीती रात पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल मैच को एकाएक बीच में रोक कर रद्द करने के बाद शुक्रवार सुबह दोनों टीमों सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को जालंधर से ट्रेन के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना किया।

**खिलाड़ियों को कांगड़ा पुलिस ने पंजाब की सीमा होशियारपुर तक छोड़ा**

सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों के कड़े पहरे में गाड़ियों के माध्यम से दोनों टीम के खिलाड़ियों को कांगड़ा पुलिस ने पंजाब की सीमा होशियारपुर तक छोड़ा। उसके बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा का जिम्मा उठाते हुए इन्हें जालंधर रेलवे स्टेशन तक पंहुचाया। गौर हो कि युद्ध के हालात के चलते कांगड़ा का गगल एयरपोर्ट भी बंद कर सेना के हवाले कर दिया गया है।

एएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार सुबह सभी टीम के खिलाड़ियों सहित अन्य स्टाफ और ब्रॉडकास्ट सदस्यों को धर्मशाला से करीब 40 से 50 छोटे वाहनों के जरिये पंजाब की सीमा होशियारपुर तक कड़ी सुरक्षा के बीच छोड़ा गया। वहां से आगे पंजाब पुलिस ने उन्हें जालंधर रेलवे स्टेशन पंहुचाया। जालंधर से विशेष ट्रेन के माध्यम से उन्हें दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

गौरतलब है कि भारत पाकिस्तान के बीच बीती रात हुए दरों व मिसाइल हमलों के चलते धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच खेले गए मैच को बीच मे ही रोकना पड़ी था। अचानक मैच रुकने के बाद पुलिस कर्मियों ने महज 20 मिनट में ही स्टेडियम को खाली करवा दिया और सभी दर्शकों को जल्द स्टेडियम से बाहर जाने को कहा। वहीं इससे पूर्व धर्मशाला में रात 9 बजकर 28 मिनट पर पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच के दौरान ब्लैकआऊट कर दिया गया और मैदान में लगी फ्लड लाइट्स को एक के बाद एक को बंद करवा दिया गया। मैदान से सबसे पहले पंजाब व दिल्ली के खिलाड़ियों को शांतिपूर्वक बाहर निकालकर होटलों में सुरक्षित भेजने के लिए रवाना किया गया था।

# हवाई सेवाएं बंद होने से पर्यटकों ने पकड़ी लेह से निमो पददुम दारचा मनाली की राह

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच हवाई सेवाएं बंद होने से पर्यटकों ने लेह से निमो पददुम दारचा मनाली की राह पकड़ ली है। दो दिन में 400 से अधिक वाहन इस मार्ग से होकर मनाली पहुंचे हैं।

**दो दिन में 400 से अधिक वाहन पहुंचे मनाली, दारचा के बढ़ाई सतर्कता**

लाहौल-स्पीति पुलिस ने दारचा चैक पोस्ट में सतर्कता बढ़ा दी है। आने-जाने वाले हर वाहन की एंट्री की जा रही है। भारत पाक में युद्ध जैसे हालात के चलते बंद हुई हवाई सेवा के बाद लेह निमो होकर पद्दुम व शिंकुला होकर मनाली के लिए पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है। गौर हो कि निम्मू-पदुम-दारचा मनाली सड़क बीआरओ ने गत वर्ष ही बनकर तैयार हुई है। इस सड़क के बन जाने से लेह लद्दाख की सीमा तक भारत कज पहुंच आसान होने के साथ साथ सुरक्षित भी हुई है। निम्मू-पदुम-दारचा सड़क पर मनाली से लेह पहूंचने में मात्र 10-12 घंटे लग रहे हैं, जबकि लेह सरचू मनाली राजमार्ग पर लगभग 14-16 घंटे लगते हैं। यह सड़क भारतीय सेना के लिए रणनीतिक है, क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय सीमा से दूर है और सुरक्षित सैन्य आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगी।

हालांकि, सरचू होकर लेह को बीआरओ ने मनाली से जोड़ दिया है, लेकिन अभी वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हुई है, लेकिन कुछ ही दिनों में इस मार्ग से भी वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। सरचू चैक पोस्ट प्रभारी मेघ सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिन से लेह से निमो व पददुम शिंकुला होकर वाहनों की आवाजाही बढ़ी है। (अनंत ज्ञान)

**कुल्लू और लाहौल में मौसम ने बदले मिजाज**

**जिला** कुल्लू और लाहौल में लगातार मौसम का मिजाज बदल गया है। वीरवार रात को कुल्लू में रातभर बारिश और लाहौल की चोटियों में पांच से 10 सेंमी तक ताजा बर्फबारी हुई है। इससे न केवल कुल्लू-मनाली से लेकर लाहौल घाटी में तापमान गिरा है। बल्कि बर्फबारी से रोहतांग व कुंजम दर्रा बहाली को काम भी प्रभावित हो रहा है।

# फेसबुक पर देश विरोधी पोस्ट डालने के आरोप में महिला काबू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

थाना कंडाघाट के तहत पुलिस को शिकायत मिली की एक महिला ने अपनी फेसबुक आईडी पर देश विरोधी पोस्ट डाली है। इस पर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला का गिरफ्तार कर लिया है।




आरोपी महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

जानकारी के मुताबिक 8 मई को कंडाघाट निवासी व्यक्ति ने पुलिस थाना कंडाघाट में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि कंडाघाट में रहने वाली एक महिला जो सिलाई का व्यवसाय करती है ने अपनी फेसबुक आईडी से आपत्तिजनक देश विरोधी और भड़काऊ पोस्ट शेयर की है। उसकी पोस्ट से भारतीय सेना और भारत के आम लोगों के मनोबल को ठेस पहुंची है जो उसका इस तरह की पोस्ट समाज में तनाव उत्पन्न करने वाली है। जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में उपरोक्त अभियोग दर्ज किया गया है। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपी महिला निवासी डाकघर व तहसील कंडाघाट जिला सोलन उम्र 48 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त महिला अपने परिवार के साथ लगभग 25/30 वर्षों से कंडाघाट में किराए के कमरे में रह रही है जो सिलाई का कम करती है। गिरफ्तार महिला को अदालत में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

# बिना पहचान वालों को एक सप्ताह में बाहर निकाले हिमाचल सरकार : सनातन मंच

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल सनातन मंच ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वह अवैध घुसपैठियों और बगैर किसी पहचान के रह रहे प्रवासियों को पहचान कर उन्हें तत्काल बाहर भेजें। मंच ने कहा कि तकरीबन 25000 इस तरह के अवैध लोग हिमाचल में शरण लिए हुए हैं। मंच ने इसके लिए सरकार को एक सप्ताह का समय दिया है। साथ ही यह भी ऐलान किया है कि यदि मंच की इस मांग पर गौर नहीं किया गया, तो फिर एक सप्ताह के बाद प्रदेश भर में सनातन मंच आंदोलनात्मक रूख अख्तियार कर लेगा।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंच के पदाधिकारी।

शुक्रवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी, करनी सेना, हिंदू रक्षा मंच और युवा मोर्चा एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। उनका आरोप था कि इस तरह के अवैध रूप में रह रहे लोग हिमाचल के माहौल को खराब कर रहे हैं। निर्दोष हिंदुओं से धर्म पूछ कर देश में उनकी निर्मम हत्या कर रहे हैं यह

**धरना प्रदर्शन शुरू करेगा संगठन**

स्थिति असहनीय है। हिंदू समाज इससे बुरी तरह आहत और आकर्षित है हिंदुओं के सब्र का बांध कभी भी टूट सकता है।

मंच ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में रहकर इस तरह के लोग न केवल लव जिहाद, भूमि जिहाद, व्यापार जिहाद और सांस्कृतिक जिहाद जैसे घृणित कृत्य कर रहे हैं। बल्कि इस शांत प्रदेश के माहौल को बिगड़ने में भी अपना योगदान दे रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मनोज कुमार के अलावा करनी सेना के अध्यक्ष नकुल शर्मा, हिंदू रक्षा मंच के कुलदीप शर्मा और युवा मोर्चा के अध्यक्ष दीक्षित गौतम भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# किराया वृद्धि दुर्भाग्यपूर्ण, युद्ध जैसे हालात में ऐसा फैसला अनुचित : बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की बसों के न्यूनतम किराए को 10 रुपए तक बढ़ाने और लंबी दूरी के किरायों में भी वृद्धि किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। डॉ. बिंदल ने इस निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण और अनुचित करार देते हुए कहा कि इस समय जब देश में युद्ध जैसे हालात हैं और हमारी सेनाएं पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही हैं, ऐसे में प्रदेश सरकार का किराया बढ़ाने जैसा कदम आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला है।



**बोले-फैसले को तुरंत वापस के सरकार**

उन्होंने कहा कि देश की सेना इस समय अदम्य साहस दिखा रही है और सीमाओं पर डटी हुई है, वहीं प्रदेश सरकार जनता की पीड़ा को नजरअंदाज कर आर्थिक भार बढ़ा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि इस फैसले को तुरंत वापस लिया जाए और जनता को राहत दी जाए।

# बस किराया बढ़ाकर आम जनता से की नाइंसाफी : हर्ष महाजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने बसों के किराए में 15 फीसदी बढ़ोतरी कर हिमाचल की जनता के साथ नाइंसाफी की है और साथ ही जनता की जेब पर भारी- भरकम बोझ डाला है। जब से कांग्रेस सरकार आई है, एचआरटीसी प्रदेश के लोगों को परेशान करने का जरिया बन गया है, वैसे तो एचआरटीसी जन सेवा के लिए बनाई गई थी, पर कांग्रेस सरकार ने इसके धन सेवा का माध्यम बना लिया है।



**15 फीसदी बढ़ोतरी करना दुर्भाग्यपूर्ण, आम लोगों पर डाला भारी बोझ**

उन्होंने शिमला से जारी बयान में बताया कि एचआरटीसी आम आदमी की सवारी है, लोग अपने रोजमर्रा के कामों में एचआरटीसी की बसों का इस्तेमाल करते हैं। पहले शुल्क की सरकार ने बसों के न्यूनतम किराए में 2 गुना वृद्धि कर आम लोगों के परिवार की जेबों पर महंगाई का बोझ डाला और अब लंबी दूरी के किराए में भी 15 फीसदी की बढ़ोतरी की है, इससे आम लोगों को महंगाई का एक और झटका दे दिया है।

महाजन ने कहा कि हम कांग्रेस सरकार से पूछना चाहते हैं कि हिमाचल प्रदेश में डीजल पर वैट किसने बढ़ाया? उनको बताना चाहिए कि कितना बढ़ाया? आंकड़े जग जाहिर है पर फिर भी हम कांग्रेस के मुख से ही सुनना चाहते हैं। पहले टैक्स बढ़ोतरी कर महंगाई को सरकार ने खुद बुलाया और उसके बाद महंगाई की आड़ में हर चीज को महंगा करने का काम वर्तमान कांग्रेस सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने वन विभाग में ठेकेदारी लाइसेंस फीस दस गुना बढ़ा दी है। अब नए पंजीकरण पर 500 रुपये की जगह 5000 रुपए अदा करने होंगे। साथ ही हिमाचल सरकार ने प्रदेश में 300 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वालों को बड़ा झटका दिया है।

**आत्मनिर्भर हिमाचल की आड़ में लूटा जा रहा जनता को**

**प्रदेश** की बात करें, तो सीमेंट महंगा, सरिया महंगा, राशन में दालें महंगी, तेल महंगा और कहीं भी नजर घुमा ले, तो सब कुछ महंगा ही महंगा हो रहा है और इसके पीछे केवल मात्र वर्तमान कांग्रेस सरकार है, जो आत्मनिर्भर हिमाचल की आड़ में जनता को लूटने का काम कर रही है।

**बिजली उपभोक्ताओं को एक रुपए की सब्सिडी बंद की**

**इन** उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट मिलने वाली एक रुपए की सब्सिडी को बंद कर दिया है। अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट 5.90 रुपए चुकाने होंगे। मई में जारी होने वाले अप्रैल की खपत के बिल इस आधार पर आएंगे।

# नाजी सेना की हार पर माकपा ने मनाया विजय जुलूस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने 9 मई सन 1945 को दूसरे विश्व युद्ध में साम्राज्यवादी फासीवादी हिटलर की नाजी सेना की हार व समाजवादी सोवियत यूनियन की जीत पर कालीबाड़ी हॉल शिमला में विजय दिवस मनाया।

इस कार्यक्रम में पार्टी नेता राकेश सिंघा, संजय चौहान, डॉ. कुलदीप सिंह तंवर, विजेंद्र मेहरा, फालमा चौहान, जगमोहन ठाकुर, सत्यवान पुंडीर, जगदीप पंवर सहित सैंकड़ों लोग शामिल रहे। कार्यक्रम को कॉमरेड राकेश सिंघा, संजय चौहान व विजेंद्र मेहरा ने संबोधित किया। उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध में मारे गए लोगों को याद करते हुए हिटलर की नाजी सेना द्वारा किए गए घृणित कार्यों की निंदा की। उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध में सोवियत यूनियन द्वारा निभाई गई भूमिका व उसके द्वारा साम्राज्यवादी फासीवादी जर्मनी को दी गई करारी हार को ऐतिहासिक घटना करार दिया। अगर सोवियत यूनियन ने जर्मनी को दूसरे विश्व युद्ध में न रोका होता तो पूरी मानव सभ्यता ही खतरे की जद में आ सकती थी।




विजय जुलूस में शामिल होते सीपीआईएम के नेता।

समाजवादी सोवियत यूनियन की जीत ने वर्ष 1945 व 1960 के मध्य एशिया व अफ्रीका महाद्वीप के दर्जनों देशों की आजादी के दरवाजे खोले थे। पूरी दुनिया में लोकतंत्र मजबूत हुआ था व तानाशाही ताकतों पर अंकुश लगा था। सोवियत यूनियन की जीत से दुनिया के मजदूरों व मेहनतकश जनता की ताकत मजबूत हुई थी। उन्हें लोकतांत्रिक अधिकार हासिल हुए थे। महिला समानता को बल मिला था।

**नव फासीवादी ताकतें बन रही गंभीर खतरा**

**उन्होंने** कहा कि वर्तमान दौर में एक बार फिर से नव फासीवादी ताकतें सिर उठा रही हैं, जो कि मानव सभ्यता के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने जनता की जनवादी एकता को मजबूत करने आह्वान करते हुए 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने मजदूर किसान एकता को मजबूत करने का प्रण लिया।

# मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए 789 निर्णय पूरी तरह कार्यान्वित : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में यहां पर मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि मंत्री यादविंद्र गोमा भी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई।



बैठक की अध्यक्षता करते जगत सिंह नेगी।

बैठक में अवगत करवाया गया कि 13 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2024 तक मंत्रिमंडल की बैठकों में 831 निर्णय लिए गए, जिनमें से 789 निर्णयों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा चुका है। शेष बचे 42 निर्णयों को लेकर चर्चा की गई, जिनमें जलशक्ति, कृषि, वित्त, बागवानी, कार्मिक और लोक निर्माण विभाग से जुड़े निर्णय शामिल हैं।

नेगी ने अधिकारियों को इन निर्णयों को समयबद्ध कार्यान्वित करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को लाभ मिल सके। बैठक में सदस्य सचिव हरबंस सिंह ब्रसकोन और संयुक्त सचिव सामान्य प्रशासन विभाग कुलविंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

**प्रतिक्रिया**

**देश पर बुरी नजर लगाने वालों को सबक सिखा रहा सुदर्शन**

# दुनिया देख रही सेना व मोदी का दमखम: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि आतंक की फैक्टरी पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया है। हमारी बहादुर सेनाओं ने पाकिस्तान के ईंट का जवाब पत्थर से और गोली का जवाब गोले से दिया है। पाकिस्तान के खिलाफ हमारे देश की कार्रवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता और सेनाओं की लंबे समय से की गई तैयारियों का प्रतिफल है।

**आतंक की फैक्टरी पाकिस्तान को मिल रहा करारा जवाब**



पीएम मोदी ने कहा था कि आतंकियों और उनके आकाओं को ऐसी सजा मिलेगी, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। पाकिस्तान के अंदर घुस कर मारने वाली भारतीय सेना ने कंधार अपहरण कांड का भी बदला लिया और मुंबई में हुए 26/11 के हमले की प्लानिंग के दोषी रऊफ अजहर को उसके परिवार के साथ ढेर कर दिया। भारत की यह कार्रवाई देश के लोगों की आतंकियों द्वारा की गई हत्या का न्याय है।

जयराम ने कहा कि देश की सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सीमा की सुरक्षा को लेकर शुरू अपनी तैयारियां शुरू कर दी थीं। आत्म रक्षा के साथ-साथ आक्रामकता के लिए देश की क्षमता के निर्माण में जुटे रहे।

**पाकिस्तान हमारा बाल बांका भी नहीं कर पाया**

**जयराम** ने कहा कि आज पाकिस्तान को धूल चटाने में जिन रक्षा उपकरणों का इस्तेमाल हुआ है, उनमें से ज्यादातर भारत द्वारा बनाए गए हैं या भारत में बनाए गए थे। यही कारण है कि सैकड़ों मिसाइलों और ड्रोन के हमले के बाद भी पाकिस्तान हमारा बाल भी बांका नहीं कर पाया।

**पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह**

**उन्होंने** बताया कि पाकिस्तान के हर वार को नाकाम करने के साथ-साथ पाकिस्तान को भी सबक सिखाया गया। उनका एयर डिफेंस सिस्टम भी तबाह किया गया, जिससे आज पाकिस्तान घुटने के बल आ गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सजाओ पीपलू, विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि. प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत सज्याओ पीपलू विकास खंड धर्मपुर जिला मण्डी द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन विकास कार्यों के लिए निष्पादन हेतू आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाति है। निविदाये दिनांक 16/05/2025 को अपराह्न 5.00 बजे तक डाक द्वारा या By Hand पंचायत में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 17/05/2025 को प्रातः 11.00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यलय में खोली जाएगी। **वस्तु का विवरणः** - 1. रेत (खड्डु/नदी की) प्रति घन मीटर 2. रेत (क्रशर की) प्रति घन मीटर. 3. बजरी 20 mm ( खड्डु/नदी की)- प्रति घन मीटर 4. बजरी 40mm (खड्डु/नदी की)- प्रति घन मीटर 5. बजरी 20mm (क्रशर की) प्रति घन मीटर, 6. सोलिंग/बोल्डर पत्थर- प्रति घन मीटर, 7. पत्थर (cutstone)- प्रति घन मीटर, 8. पक्की इंटें (मिट्टी के भट्ठे की)- प्रति 1000 न0, 9. मशीन द्वारा कटान (cutting through JCB Machine)- प्रति घन मीटर / प्रति घंटे, 10. सामग्री ढुलान ट्रैक्टर / जीप / अन्य वाहन द्वारा-प्रति किलोमीटर, 11. शटरिंग प्रति वर्ग मीटर, 12. शटरिंग प्रति मीटर 13. सीमेंट टाईल 14. सोलर लाईट, 15. लोडिंग अनलोडिंग इत्यादि। **नियम व शर्ते :-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST नंबर होना आवश्यक है। 2. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M- Form जमा करवाने होंगे M-Form जमा न कवने पर सामग्री की कोई अदायगी नहीं की जाएगी। 3. सभी करों का लेनदेन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेशिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. दरें अंकों और शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 6. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 7. पारित निविदादाता को मु0 50,000/- रूपये धरोहर सुरक्षित राशी को नगद रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करने होंगे। 8. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की राशी देय नहीं होगी। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसको गत समय में दी गई सामग्री की देय रासी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम / सुरक्षित राशी वापिस होगी। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11 सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ तर्कसंगता negotation अनुसार / उपरांत किया जायेगा।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत सजाओ पीपलू, विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि. प्र.**

## न्यूज ब्रीफ

### संसारपुर टैरेस में कैंपस साक्षात्कार 15 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** आईटीआई पास आउट लडकों तथा लडकियों के लिए राजकीय मॉडल औ. प्र. संस्थान संसारपुर टैरेस में राजस्थान की कंपनी की ओर से 15 मई को सुबह 10 बजे कैंपस साक्षात्कार लिए जाएंगे। आईटीआई पास आउट ट्रेड फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक वाहन, इलेक्ट्रीशियन व बिना पास उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार रखा गया है। चयनित अभ्यर्थियों को 14430 रुपए व बिना आईटीआई को 14130 रुपए का आठ घंटे ड्यूटी करने पर प्रति माह वेतन दिया जाएगा। अन्य सुविधाएं जैसे फ्री बर्दी, जूते, कैंटीन, बस सुविधा आदि भी दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ योग्यता के प्रमाण पत्र दसवीं व अपने व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज, पहचान के लिए आधार कार्ड आदि अपने साथ लाना होगा। आयु 18 से 30 बर्ष तक होनी चाहिए। यह जानकारी प्रधानाचार्य ललित मोहन ने दी।

### लंज महाविद्यालय में दो दिवसीय संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** लंज कॉलेज में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' रहा। संगोष्ठी के मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने शिरकत की। संगोष्ठी के समन्वक डॉ. बृजेंदर भूषण ने मुख्यातिथि को टोपी और मफलर भेंट किया। डॉ. संजय कुमार शर्मा ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व और इसके धरातल पर लागू होने पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देशभर के बहुत सारे राज्यों में यह नीति लागू की जा चुकी है और हिमाचल में भी आगामी समय में इस नीति के लागू होने की संभावना है। अतः इस नीति के हर पहलू से सभी का जागरूक होना जरूरी है। तभी इसका उचित क्रियान्वयन किया जा सकता है।

### अरला में लोगों से सतर्क रहने की अपील

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अरला पंचायत में प्रधान सुनीता देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न हुई युद्ध की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक वार्ड से 25 लोगों के सिविल डिफेंस वालंटियर के नाम लिए व लोगों से सतर्क करने की अपील की। पंचायत में लगी सोलर लाइट को बंद करने की व्यवसी की और कहा कि हर नागरिक अपने घर में दवाइयां व अन्य जरूरी वस्तुएं रखे। बैठक में उप प्रधान व सभी वार्ड मेंबरर्स उपस्थित रहे।

### नूरपुर की जनता घबराए नहीं : अशोक रत्न

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने देश की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर जनता से अपील की कि वह घबराएं नहीं, सतर्क रहें। पठानकोट जैसे रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र के समीप नूरपुर स्थित है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन पर पुलिस नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर 01893-299400, मोबाइल नंबर 9317750026 या आपातकालीन नंबर 112 पर दें। अति संवेदनशील एवं सीमावर्ती क्षेत्र में अनावश्यक यात्रा से बचें व सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाह से बचें।

### बैजनाथ कॉलेज में करवाई मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में शुक्रवार को आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आपदा से निपटने के उद्देश्य से मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास फायर अधिकारी विजय कुमार एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों जैसे बिजली बंद होने (ब्लैकआउट), अग्निकांड और घायलों को प्राथमिक उपचार देने के तरीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही अग्निशमन यंत्रों के सही प्रयोग, आपातकालीन निकासी प्रक्रिया तथा संयम बनाए रखने के उपायों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स एवं रेंजर्स के छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विक्रम सिंह और प्रो. अनिल कुमार के मार्गदर्शन में किया गया तथा संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल के नेतृत्व में हुआ। प्राचार्य डॉ. कौंडल ने कहा कि मॉकड्रिल से विद्यार्थियों में आपातकालीन स्थितियों से निपटने की दक्षता विकसित होती है।

# ज्वालामुखी मंदिर की बढ़ाई सुरक्षा, पुलिस बल किया तैनात

## डीएसपी आरपी जसवाल ने किया निरीक्षण, सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी

- नारियल ले जाने पर अब पूरी तरह प्रतिबंत
- मंदिर क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस करेगी गश्त



डीएसपी आरपी जसवाल ने टीम के साथ किया मंदिर परिसर का निरीक्षण।

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

डीएसपी ज्वालामुखी आरपी जसवाल ने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए। डीएसपी ने बताया कि मंदिर के भीतर अब नारियल ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त पुलिस बल और होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी लगातार की जा रही है और मंदिर क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस की गश्त जारी है। लोगों से अपील की गई है कि लावारिस वस्तुओं को न छुएं और सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस मौके पर एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा ने भी मंदिर प्रशासन को जरूरी निर्देश दिए।

# पक्का घर बनाने के लिए 30 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर** नगर पंचायत क्षेत्र में अपना पक्का घर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के लिए लाभार्थी 30 मई तक आवेदन कर सकते हैं। नगर पंचायत शाहपुर की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत पात्र लाभार्थियों के लिए मांग सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया है।

इस योजना का उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों को उनके स्वयं के पक्के घर उपलब्ध करवाना है। पात्र व्यक्ति 30 मई तक लोकमित्र केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज नगर पंचायत शाहपुर कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। नगर पंचायत शाहपुर सचिव प्रदीप दीक्षित ने बताया कि आवेदक हिमाचल का स्थायी निवासी होना चाहिए। नगर पंचायत क्षेत्र में उसकी स्वयं की भूमि होनी चाहिए। वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख से कम होनी चाहिए। भारत में पहले से कोई पक्का मकान नहीं होना चाहिए, पिछले 20 साल में योजना का लाभ न लिया हो। एक परिवार में माता-पिता और अविवाहित बच्चे सम्मिलित माने जाएंगे। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 2.50 लाख रुपए की सहायता राशि चार किस्तों में प्रदान की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया लाभार्थी लोकमित्र केंद्र से ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन के बाद सभी आवश्यक दस्तावेज नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

इसके बाद दस्तावेजों की जांच और साइट निरीक्षण के आधार पर पात्रता तय की जाएगी। इसके लिए निम्न दस्तावेज होना अनिवार्य है। इसमें हिमाचली प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की कॉपी, बैंक खाता विवरण, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), भूमि से संबंधित दस्तावेज आदि होने चाहिए।

# बीसीसीआई लेगी आईपीएल के बचे मैचों पर फैसला : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** क्रिकेट स्टेडियम में वीरवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मध्य आईपीएल का मैच खेला जा रहा था, लेकिन मैच के दौरान वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मैच को रद्द करना पड़ा और स्टेडियम को खाली करवाना पड़ा।

एचपीसीए के निदेशक संजय शर्मा ने कहा कि भारत में कुछ ऐसी परिस्थिति बनी की इस मैच को बीच में ही रद्द करवाना पड़ा। इस मैच को देखने के लिए बाहरी राज्यों से हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में पहुंचे हुए थे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और एचपीसीए प्रशासन क्रिकेट खिलाड़ियों सहित सभी लोगों को स्टेडियम से बाहर निकलने में सफलता हासिल की और सभी लोगों को सुरक्षित स्टेडियम से बाहर निकाला गया।



- बोले- मैच से पहले की थी आपातकालीन परिस्थिति की रिहर्सल

उन्होंने कहा कि आईपीएल के बचे मैचों पर बीसीसीआई ही फैसला लेगी। फिलहाल एक हफ्ते के लिए आईपीएल के सभी मैचों को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एचपीसीए और पुलिस प्रशासन ने किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पहले ही रिहर्सल की हुई थी और इसी वजह से स्टेडियम को खाली करवाने में पुलिस और एचपीसीए को ज्यादा परेशानी नहीं उठानी पड़ी।

## भ्रामक सूचना व पोस्ट साझा न करें : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर उपमंडलीय अधिकारी विश्रुत भारती ने अपील की कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी संवेदनशील स्थिति को ध्यान में रखते हुए कोई भी भ्रामक सूचना समाचार या पोस्ट के रूप में साझा न करें। एसडीएम ने कहा कि अफवाहों का प्रसार न केवल जनता में भय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न करता है, बल्कि इससे क्षेत्र की शांति और सौहार्द भी प्रभावित होता है। उन्होंने आग्रह किया कि केवल अधिकृत एवं सत्यापित स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं को ही प्रसारित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे संयम बरतें और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है।

# पपरोला-अंद्रेटा सड़क पर जरा संभल कर

## सड़क पर जगह-जगह पड़े गड्ढे, हादसों का शिकार हो रहे लोग



पपरोला-अंद्रेटा सड़क पर पड़े गड्ढे, जो हर दिन हादसे का कारण बन रहे हैं।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पपरोला**-अंद्रेटा सड़क पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं। रोजाना इस सड़क से दर्जनों बड़ी व छोटी गाड़ियां का आवागमन होता है, लेकिन विभाग की तरफ से इस रोड को सुधारने का कोई प्रयास नहीं किया गया। कई जगह सड़क के किनारे इतने ऊंचे हो गए हैं कि गाड़ियों को पास लेना भी मुश्किल हो जाता है। सड़क में गड्ढे पड़ने से खासकर दो पहिया वाहनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की लापरवाही से हर दिन कोई न कोई दुर्घटना का शिकार हो जाता है। सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग बैजनाथ राहुल ने कहा कि सड़क की रिपेयरिंग के लिए टेंडर अवार्ड हो गया है। एक सप्ताह के भीतर सड़क में पड़े गड्ढो को भरकर पैच लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### सात साल पहले हुई थी टारिंग

वाहन चालकों का कहना है कि सड़क में गड्ढे पड़ने से गाड़ियों को बहुत नुकसान हो रहा है। इस सड़क पर सात साल पहले टारिंग हुई थी, उसके बाद आज तक विभाग ने इस रोड की कोई सुध नहीं ली है वाहन चालकों का कहना है कि अगर समय रहते विभाग सड़क के गड्ढो को भर देता तो आज यह हालत न होती।




# 15 मई के बाद कर सकते हैं खरीफ फसलों की बिजाई

### फसल की पैदावार को बेहतर बनाना और सीखना सफल खेती की कुंजी

**प्रदेश** में अब खरीफ की फसल यानी धान और मक्की की बिजाई का समय हो गया है। 15 मई के बाद खरीफ फसलों की आराम से बिजाई कर सकते हैं। कृषि विज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है, जिन्हें अपनाकर प्रदेश के किसान आर्थिक तौर पर लाभान्वित हो सकते हैं। फसल की पैदावार हर किसान के दिन का एक जरूरी पहलू है, जो इस बात पर असर डालता है कि उनकी खेती कितनी लाभदायक हो सकती है। फसल की पैदावार को बेहतर बनाना और सीखना सफल खेती की कुंजी है, और नई तकनीकों और रोपण विधियों तक पहुंच ने किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने का अवसर दिया है, जो उनके खेत की दीर्घकालिक स्थिरता को बनाए रखने की कुंजी है। समय के साथ मक्की की फसल की पैदावार दर में लगातार वृद्धि हुई है, जिसका श्रेय मजबूत मक्के की संकर किस्मों और बेहतर रोपण पद्धतियों को जाता है। ऐसी तकनीकें जो किसानों को अपनी मिट्टी को बेहतर तरीके से समझने, उनमें किस तरह के पोषक तत्वों की कमी हो सकती है और बीज कब बोना है, इन सबका सकारात्मक असर हुआ है। सरल शब्दों में कहें तो खेती में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के आने से रोपण को लाभ हुआ है।



### अच्छे बीज फसल की पैदावार बढ़ाने का आधार

गुणवत्ता वाले बीज फसल की पैदावार बढ़ाने का आधार हैं। चाहे आप मक्की की फसल की पैदावार बढ़ाने की सोच रहे हों या अपनी समग्र कृषि उत्पादकता को अधिकतम करना चाहते हों। आपको अपने बीजों की ताकत पर विचार करने की आवश्यकता है। गैर जीएमओ बीज स्थिरता और लागत को सहजता से जोड़ते हैं, जो गुणवत्ता और लागत दोनों के लिए जिम्मेदार है। फसल की पैदावार उतनी ही जटिल हो सकती है, जितनी कि वे आपके खेत के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि उत्पादकता बढ़ाने का तरीका सीखना हमेशा एक किसान के दिमाग में रहता है और साल दर साल आपके धान और मक्की की पैदावार को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए कई तकनीकें हैं। ये सुझाव आपको एक मजबूत शुरुआत प्रदान करेंगे ताकि आप उन्हें अभ्यास में लाना शुरू कर सकें और अपने खेत पर दोनों की पैदावार को अधिकतम करना शुरू कर सकें।



### रोपाई से 4 सप्ताह पहले करें पनीरी की बुआई

रोपाई से 4 सप्ताह पहले पनीरी की बुआई करनी चाहिए। लंबी व बौनी किस्मों की पनीरी की बुआई 20 मई से 7 जून तक व बासमती किस्में 15 मई से 30 मई तक की जा सकती हैं। बुआई से पहले बीज का उपचार बैविस्टीन नामक दवाई (2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज) से अवश्य करें। एक हेक्टेयर की नर्सरी के लिए 25-30 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है। धान की अनुमोदित किस्मों जैसे आरपी-2421, एचपीआर-2143, एचपीआर-1068, सुकारा धान-1, एचपीआर-1156, एचपीआर-2656, हिम पालम धान-1, हिम पालम धान-2, हिम पालम लाल धान-1 तथा बासमती की पालम बासमती-1 (एचपीआर-2612) व कस्तूरी इत्यादि की पनीरी ही लगाएं।

### प्रति हेक्टेयर बिजाई के लिए 20 किलोग्राम बीज जरूरी

**अच्छी** पैदावार लेने के लिए मक्की की बुआई समय पर करनी चाहिए। ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों के लिए 15 मई से जून के प्रथम सप्ताह और मध्य क्षेत्रों में 20 मई से 15 जून तक का समय उपयुक्त रहेगा। प्रति हेक्टेयर बीजाई के लिए 20 किलोग्राम बीज पर्याप्त होता है, जिससे पौधे की निश्चित संख्या प्राप्त हो जाती है। बुआई केरा विधि से करनी चाहिए। पर्याप्त और सही अंकुरण के लिए मक्की के बीज को 3-5 सेंमी गहरा बीजना चाहिए। अच्छी फसल के लिए मक्की को 60 सेंमी दूरी की कतारों में और बीज से बीज 20 सेंमी की दूरी पर बीजना चाहिए। किसान मक्की की खेती करके अच्छा लाभ प्राप्त सकते हैं। मक्की की फसल से अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए किसानों को इसकी उन्नत किस्मों का प्रयोग करना चाहिए। कृषि वैज्ञानिकों ने मक्की की बहुत सी उन्नत किस्में विकसित की है, जो अधिक उत्पादन देती है। उन्नत किस्मों के प्रयोग से मक्की की पैदावार तो अच्छी मिलती ही है साथ ही फसल लागत में भी कमी आती है।



प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल

# सोलन व सिरमौर के लहसुन की देश की बड़ी मंडियों में मांग

सोलन और सिरमौर के किसान अब अन्य फसलों के अलावा लहसुन की खेती पर भी फोकस कर रहे हैं, जिसकी मुख्य वजह मंडी में लहसुन के अच्छे दाम मिलना है। पिछले कुछ वर्षों से किसान लहसुन की खेती कर आर्थिकी मजबूत कर रहे हैं। वर्तमान में फुटकर बाजार में लहसुन चार सौ से पांच सौ रुपए किलो में बिक रहा है। सोलन मुख्यालय के आसपास के गांव सहित सिरमौर, गिरिपार क्षेत्र में किसान अदरक, अरबी, हरी मिर्च, हरा धनिया, टमाटर, आलू, बिन्स, शिमला मिर्च और हल्दी के उत्पादन पर ज्यादा ध्यान देते थे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यहां के किसान लहसुन की खेती की ओर मुड़ गए हैं।



### किसान कर रहे लहसुन की खेती

**पिछले** साल ग्रामीणों को लहसुन के रेट 200 रुपए किलो तक मिले थे। लहसुन किसान सुनील ठाकुर, पदम पुंडीर, खजान सिंह तोमर, मातबर सिंह, वीरेंद्र तोमर, रतन सिंह आदि का कहना है कि गिरिपार के किसानों ने कृषि में अब कई बदलाव करके अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करना शुरू कर दिया है। लहसुन का कारोबार करने वाली आढ़ती पदम पुंडीर का कहना है कि किसानों के लिए लहसुन की खेती फायदे का सौदा है। लहसुन की फसल को जानवरों से भी कम खतरा रहता है। फसलों में बीमारी आने का खतरा भी कम है। इस साल जब समय से वर्षा नहीं हुई थी, तो किसान काफी चिंतित थे, लेकिन अब वर्षा होने से लहसुन की फसल लहलहा रही है।

### मंडी में लहसुन की खेप पहुंचनी शुरू

**सब्जी** मंडी सोलन में लहसुन की खेप पहुंचनी शुरू हो गई है। फिलहाल किसानों को 80 रुपए से लेकर 150 रुपए प्रतिकिलो तक लहसुन के दाम मिल रहे हैं। औषधीय गुण होने के चलते हिमाचली लहसुन की मांग देश की बड़ी मंडियों में ज्यादा है। लहसुन का सीजन शुरू होते ही शहर के आसपास के क्षेत्रों में लहसुन को निकालने का कार्य भी शुरू हो गया है। लहसुन की फसल अब पूरी तरह से तैयार है। एक सप्ताह में सिरमौर जिले का लहसुन भी मंडियों में पहुंचना शुरू हो जाएगा। सिरमौर में लहसुन की सबसे अधिक पैदावार होती है। सिरमौर के बाद कुल्लू में भी लहसुन की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। सोलन और शिमला में भी लहसुन उगाया जाता है। सिरमौर और सोलन में मई तक लहसुन की फसल तैयार हो जाती है। लहसुन की दक्षिण भारत की मंडियों में भारी मांग रहती है। केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के अलावा उत्तर-पूर्व के राज्य त्रिपुरा व सिक्किम भी पिछले वर्ष सोलन से लहसुन की खरीदारी कर चुके हैं। उधर, मंडी समिति सोलन के सचिव ने बताया कि मंडी में स्थानीय लहसुन की खेप पहुंचनी शुरू हो गई है। किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। किसान अपनी फसल को अच्छी तरह से तैयार कर के ही मंडी में लाएं, ताकि इसके अच्छे दाम मिल सकें।

### लहसुन की खेती में रुचि दिखा रहे किसान : उपनिदेशक



**कृषि** विभाग सोलन के उपनिदेशक देवराज कश्यप का कहना है कि सिरमौर के अलावा सोलन के किसान भी लहसुन की खेती में रुचि दिखा रहे हैं। पिछले कुछ सालों में यहां के किसानों का रुझान लहसुन की खेती की ओर बढ़ा है, जिसका असर लहसुन उत्पादन के क्षेत्र के साथ-साथ इसकी पैदावार पर भी पड़ा है। देश की बड़ी मंडियों में लहसुन की मांग रहने से किसानों को अच्छे दाम मिलते हैं।

प्रस्तुतिः मोहन चौहान, सोलन

## न्यूज ब्रीफ

### पालमपुर में इस्कॉन मंदिर की रखी आधारशिला

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर शहर में अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) ने राधा-कृष्ण की मूर्तियों की अस्थायी स्थापना कर दी है। यहां एक भव्य इस्कॉन मंदिर का निर्माण होगा, जिसकी आधारशिला रख दी है। इस परियोजना का श्रेय पालमपुर के पूर्व एसडीएम डॉ. अमित गुलेरिया को दिया जा रहा है। बताते चले कि इस्कॉन की स्थापना 1966 में श्रील प्रभुपाद की ओर से न्यूयॉर्क (अमेरिका) में की गई थी। यह संगठन भक्ति योग, श्रीमद्भागवत के ज्ञान, और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए विश्वभर में जाना जाता है। पालमपुर का यह मंदिर इस वैश्विक आंदोलन का हिस्सा बनकर हिमाचल प्रदेश में वैदिक संस्कृति को बढ़ावा देगा। इस्कॉन के प्रवक्ता के अनुसार, पालमपुर में बनने वाला यह मंदिर भक्ति, अध्यात्म, और वैदिक संस्कृति का प्रमुख केंद्र होगा। यह मंदिर न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए, बल्कि देश-विदेश से आने वाले भक्तों और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। धौलाधार की प्राकृतिक सुंदरता और इस्कॉन मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम पर्यटकों को आकर्षित करेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से पर्यटन, होटल और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा।

### विजय ने संभाला प्रधानाचार्य का पदभार



**राकेश डोगरा, डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा में रिक्त चल रहे प्रधानाचार्य के पद पर विजय शर्मा ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि स्कूल के सर्वांगीण विकास के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जाएंगे। धीरा पंचायत की प्रधान कविता धरवाल ने कहा कि विजय शर्मा एक कर्मठ और ईमानदार व्यक्ति हैं, जिनके नेतृत्व में धीरा विद्यालय निरंतर उन्नति करेगा। उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए विजय शर्मा को हरसंभव सहयोग देने का वादा किया।

### आदित्य हेड ब्वॉय और सोनल को चुना हेड गर्ल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने पदाधिकार समारोह के साथ मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय संस्थापक निर्देशिका एवं प्राचार्य कुसुम राणा, प्रधानाचार्या मनीषा अग्रवाल ने की। स्कूल विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया, जिसमें 12वीं कक्षा के अंशुमन और अदिति चौहान को स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर चुना गया। हेड ब्वॉय आदित्य सिंह और हेड गर्ल के रूप में सोनल खुशबू को चुना गया। ग्यारहवीं कक्षा से वाइस हेड ब्वॉय अक्षत पठानिया व वॉइस हेड गर्ल दिव्यांशी कटोच को चुना गया। स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वॉय बारहवीं कक्षा से अर्श और स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल के रूप में हर्षिता चौहान का चयन किया गया। अनुशासन इंचार्ज के रूप में शौर्य सिंह और आरुषि अगन को चुना। वहीं, स्कूल के चार सदनों के कैप्टन और वाइस कैप्टन भी नियुक्त किए गए और सभी को कर्तव्य निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। छात्र परिषद में चुने गए छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, पूर्व छात्र माताओं सुमन मलिक और संवेदना शर्मा को उनके अटूट समर्थन के लिए सम्मानित किया। उपलब्धि हासिल करने वाली अनंत भाटिया को 10,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। ओलंपियाड के टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया।

### रजोल और अनसुई में 13 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमंडल रैत के तहत 11 केवी फीडर रजोल में आने वाले गांवों रजोल, अनसुई, डोला, लदवाड़ा, भाटी, मकरोटी इत्यादि में बिजली की तारों के साथ लगती टहनियों को काटने और लाइनों के जरूरी रखरखाव के चलते 13 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं, 11 केवी फीडर रैत में आने वाले गांवों सारनू, पुहाड़ा, रैत, परेई, बसनूर, नेरटी, मछियाल इत्यादि में बिजली की तारों के साथ लगती टहनियों को काटने और लाइनों के जरूरी रख रखाव के लिए 14 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 केवी फीडर बैंटलू के तहत आने वाले गांवों बनोई, बैंटलू, कुठमा, बेदी घाटी, एयरपोर्ट इत्यादि में 15 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशाषी अभियंता अमित शर्मा ने दी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# कांगड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, कंट्रोल रूम बनाए

## नूरपुर पुलिस ने की लोगों से संयम और सतर्कता बरतने की अपील

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/इंदौरा**

**भारत**-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच हिमाचल के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। इसके चलते शुक्रवार को नूरपुर पुलिस ने आमजन से संयम और सतर्कता बरतने की अपील की है।

पठानकोट जैसे रणनीतिक क्षेत्र के पास स्थित नूरपुर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करें। इसके लिए कंट्रोल रूम नंबर 01893-299400, मोबाइल 93177-50026 या आपातकालीन नंबर 112 का उपयोग कर सकते हैं। सीमावर्ती और सैन्य क्षेत्रों में अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से सावधान रहने और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर विश्वास करने को कहा गया है।

### सहयोगात्मक रवैया अपनाने की अपील

**प्रशासन** ने लोगों से शांतिपूर्वक और सहयोगात्मक रवैया अपनाने की अपील की है। पुलिस विभाग और जिला प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करने को कहा है। इस संवेदनशील समय में सामाजिक एकता को मजबूत करने और ऐसी किसी गतिविधि से बचने की सलाह दी गई है, जिससे माहौल बिगड़ने की आशंका हो।

## इंदौरा के अट्टहाड़ा पुल के पास मिला मिसाइल का टुकड़ा



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद वीरवार रात को पाकिस्तान की तरफ से पंजाब के कई शहरों में मिसाइलों व ड्रोन से हमले किए गए। हालांकि, भारत की तरफ से इसका माकूल जवाब दिया गया। वहीं, विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत अट्टहाड़ा पुल के नजदीक सेना की ओर से हवा में नष्ट की गई मिसाइल का टुकड़ा मिला है। इससे आसपास के गांव में दहशत है। पुलिस ने क्षेत्र को सील कर दिया है। डीएसपी विशाल वर्मा ने कहा कि इस बारे में भारतीय सेना को सूचना दे दी गई है। उधर, सीमांत क्षेत्र के दायरे में आने वाले परिक्षेत्र में आईटीबीपी, हिमाचल प्रदेश पुलिस बटालियन, स्थानीय पुलिस जवानों समेत एसपीओ विशेष पुलिस अधिकारी दिनभर पेट्रोलिंग पर रहेंगे।

## कांगड़ा एयरपोर्ट में 15 तक ब्लैक आउट, चारों तरफ से निगरानी



कांगड़ा एयरपोर्ट में शुक्रवार को बैठक करते कर्मचारी और अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, गगल**

**भारत** और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए कांगड़ा एयरपोर्ट में 15 मई तक के ब्लैक आउट रहेगा।

वहीं, बाहर से आने वाली गाड़ियों के लिए भी मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। यह निर्णय कांगड़ा एयरपोर्ट के अधिकारियों की बैठक में लिया गया। कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा 15 मई सुबह पांच बजे तक कागड़ा एयरपोर्ट में ब्लैक आउट रहेगा। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर आने की अनुमति नहीं है। कांगड़ा एयरपोर्ट के चारों तरफ 94 जवान तैनात किए हैं, जो पल-पल पर निगरानी रखे हुए हैं।

## स्ट्रीट लाइटों को करें डिस्कनेक्ट या कवर: देवी चंद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल अधिकारी देवी चंद ठाकुर ने कहा कि जगह-जगह सोलर स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की गई हैं, जिसे ब्लैक आउट के दौरान तुरंत बंद नहीं किया जा सकता है, इसलिए सभी सरकारी विभागों/कार्यालयों, पंचायतीराज निकाय व स्थानीय लोग स्ट्रीट लाइट्स को तत्काल प्रभाव से डिस्कनेक्ट करें या उन्हें बंद या कवर करें। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित खतरे से बचें। इन आदेशों का सभी पालन करें, अगर किसी ने ऐसा नहीं किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## लोग किसी भी अफवाह पर न दें ध्यान : डीसी हेमराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डीसी** हेमराज बैरवा ने कहा कि वर्तमान स्थितियों के चलते नागरिक किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी तरह के संशय होने पर टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क करें।

- **संशय होने पर टोल फ्री नंबर 1077 पर करें संपर्क**
- **सोशल मीडिया पर झूठी जानकारी न करें शेयर**

उन्होंने कहा कि प्रशासन के निर्देशों की अनुपालना भी सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। सोशल मीडिया हेंडलर्स से भी आग्रह किया है किसी भी तरह की अपुष्ट सूचनाओं को अपलोड न करें, ताकि लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने कहा कि स्थितियों को ध्यान में रखते नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सरकार व प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। आम नागरिकों किसी भी तरह से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। कांगड़ा जिले में नागरिक सुरक्षा सिस्टम के लिए प्लान भी तैयार किया गया है और प्रत्येक पंचायत की आबादी की एक प्रतिशत संख्या वालंटियर्स की तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

## युद्ध हुआ तो सेना से मिलने वाली 50% पेंशन को देंगे पीएम राहत कोष में : राणा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जनरल साधू राम राणा ने भारत और पाकिस्तान के बढ़ते तनाव को लेकर भारतीय सेना की पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को भारत की सेना पर गर्व है। राणा ने कहा कि भारत आज तक तक आतंकियों को शह देने वाले हमारे पड़ोसी पाकिस्तान को जो राजनीति धर्म नीति के चलते समझता और माफ करता रहा, लेकिन अब केंद्र सरकार व भारतीय सेना ने अपनी ताकत का पराक्रम दिखाते हुए सबक सिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि वर्तमान हालातों के चलते भारत व पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बने तो में युद्ध होने से लेकर युद्ध के अंत तक आर्मी से मिलने वाली पेंशन का 50 प्रतिशत राशि को प्रधानमंत्री राहत कोष में निरंतर युद्ध सहायता के रूप में भेंट करता रहूंगा।

# सोलर लाइटों को बंद करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भारत**-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को लेकर ब्लैक आउट के बीच जल रही सोलर लाइटों ने एक बड़ा खतरा पैदा कर दिया है। कांगड़ा जिले के कई स्थानों पर वीरवार की रात को ब्लैक आउट में भी सोलर लाइटें जगमगाती रहीं। इन लाइटों की तरह अभी किसी का ध्यान नहीं गया। शुक्रवार को मामला सामने आया तो पंचायतों को उनके एरिया में लगी सोलर लाइटों को बंद करने के आदेश जारी किए गए। जहां निजी तौर पर सोलर लगी हुई हैं, उनके मालिकों से भी उन्हें बंद करने या काला कपड़ा लगाने के आदेश जारी किए हैं। धर्मशाला नगर निगम की ओर से समस्त क्षेत्रों में सैकड़ों सोलर लाइटों को लगाया गया है। वहीं, नगर निगम पालमपुर की ओर से सोलर लाइट्स को बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पालमपुर प्रशासन ने नगर निगम के आयुक्त तथा संबंधित खंड विकास अधिकारियों को सोलर लाइट्स को कवर करने या कनेक्शन को अस्थायी रूप से कटने को कहा है। जानकारी के अनुसार, नगर निगम की परिधि में लगभग 2200 सोलर लाइट्स लगी हैं और लगभग 1500 सोलर लाइट्स वर्तमान में फंक्शनल हैं। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में सोलर लाइट को डिस्कनेक्ट करने में समय लग सकता है। एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम तथा संबंधित खंड विकास अधिकारियों को लिखित पत्र जारी किया गया है। वहीं, नगर निगम के आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि सोलर लाइट्स को काटने की प्रक्रिया को आरंभ कर दिया है। धर्मशाला नगर निगम की मेयर नीनू शर्मा ने कहा कि उन्हें उपायुक्त की ओर से अभी आदेश जारी नहीं हुए हैं। आदेश मिलते ही सोलर लाइटों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। डीसी हैमराज बिरवा ने कहा कि अभी हालात सामान्य हैं। उन्होंने कहा कि अगर जरुरत पड़ी तो सोलर लाइटों को बंद किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सगनेहड़** विकास खंड चौंतड़ा जिला मंडी हि.प्र

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

ग्राम पंचायत सगनेहड़ विकास खंड चौंतड़ा जिला मंडी हि.प्र. के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में होने वाली समस्त मदों के विकास कार्यो हेतू निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदाएं 18.05.2025 को शाम 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत व्यक्तिगत रुप या डाक के माध्यम से पहुंच जानी चाहिए निविदाएं दिनांक 19.05.2025 को अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में पंचायत के समक्ष निविदादाताओं/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी। सामग्री का विवरण: रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट फाइन शेड प्रति घन मीटर, पक्की ईंटें ए, बी, सी ग्रेड प्रति हजार, बजरी, 10, 20, 40 एमएम (क्रशर की) प्रति घन मीटर, पत्थर कटस्टोन साईज प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, जेसीबी मशीन द्वारा कटान प्रति घन मीटर, शटरिंग (लकड़ी की) (लोहे की प्लेटे) प्रति स्केयर मीटर, सामग्री ढुलान सीमेंट लोडिंग/अनलोडिंग सहित प्रति किलोमीटर, सामग्री ढुलान (खच्चर द्वारा) प्रति किलोमीटर, Sign Board 3x2, 4x3 प्रति स्कवायर फीट/प्रति बोर्ड, Pointing and Carriage with Board, Dust Bin blue, Green, CIPET Approved central institute of Plastic Engineering and Technogy per Dustbin, Sand (Water Bound) प्रति घन मीटर, Aggregate (Water Bound) प्रति घन मीटर, Incinator No., Airport 3 seater waiting chair Steel No, Steel Benches Size No, Iron Benches Size No, Gi Sheets Size Make No, Angle/ channel/ Steel, Installing E-Toilet per toilet, Purchase Sanitory pad per pad, Wooden Frame & Shutter प्रति स्कवायर फीट
नियम व शर्तें:- निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन नं. टीन नं जीएसटी नंबर तक गाड़ी का होना आवश्यक है। निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर ग्राम पंचायत के नाम भेजनी होगी (सिवाए सामग्री ढुलान खच्चर कैरिज) निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे, एम फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी वर्तमान में 60/-रु. प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। सभी करों का लेने देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरुप होगी। दरें अंकों व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। पारित निविदादाता को मु. 20000/-अग्रिम/सुरक्षित राशि के रुप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ मु. 1000 रु. (नॉन रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार मे एक की मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने उपरांत निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम/सुरक्षित राशि वापिस होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरांत टीए/जेई की पैमाइश के उपरांत की जायेगी। सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की जस्टफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगासियेशन अनुसार/उपरांत किया जायेगा। जिस किसी भी निविदादाता को उपरोक्त शर्तें मान्य है तो वह कार्यालय ग्राम पसल से निविदा आवेदन हेतु आवेदन फार्म 1000/-रुपए एक हजार रुपए अदा करके प्राप्त कर सकता है व बिना आवेदन फार्म के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। नोट: उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी।

**प्रधान/ सचिव**

# आपदा प्रबंधन समितियों के गठन को लेकर मंथन




इंदौरा में शुक्रवार को आपदा प्रबंधन पर सब डिवीजनल इंटर एजेंसी ग्रुप के गठन को लेकर बैठक की।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**उपमंडलीय** आपदा प्रबंधन अंतर एजेंसी समूह के गठन के लिए एसडीएम डॉ. सुरिंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विधायक मलेंद्र राजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला अंतर एजेंसी समूह कांगड़ा के संयोजक हरजीत भुल्लर ने किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण को प्रभावी बनाना, बहु एजेंसी समन्वय को सुदृढ़ करना व समुदाय आधारित तैयारियों को बढ़ावा देना रहा। बैठक में उपमंडलीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण समन्वय केंद्र की स्थापना करने, पंचायत स्तर पर आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र और पंचायत आपदा प्रबंधन समितियां के गठन करने पर चर्चा की गई, ताकि आपात स्थिति में शीघ्र प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। साथ ही भूकंप जैसी आपदा से जोखिम को कम करने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संरचनात्मक सुरक्षा और लचीले निर्माण को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। बैठक में संस्थागत और घरेलू स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं के विकास पर भी जोर दिया गया।

प्राथमिक आपदा जोखिम न्यूनीकरण पहचानों की पहचान कर उनके कार्यान्वयन की रूपरेखा तैयार की जाएगी, जो अक्तूबर 2025 से मार्च, 2026 के बीच लागू की जाएगी। विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि आपदा-प्रतिरोधी इंदौरा का निर्माण करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## ढलू गांव में अवैध दुकानों पर चला पीला पंजा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** हलेड़ पंचायत के ढलू गांव में जयसिंहपुर-हारसीपत्तन सड़क के किनारे सरकारी भूमि पर दो लोगों की ओर से अवैध रूप से बनाई गई दुकानों पर प्रशासन ने शुक्रवार दोपहर को पीला पंजा चलाकर दुकानों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई उपमंलाधिकारी जयसिंहपुर संजीव ठाकुर के आदेश पर की गई। ढलू गांव के दो लोगों ने पंद्रह साल पहले साल पहले जयसिंहपुर हारसीपत्तन सड़क पर सरकारी भूमि पर अवैध रूप से दो पक्की दुकानें बनाई थीं, जबकि इन दुकानों के पीछे गांववासियों की अपनी भूमि थी। प्रशासन से किसी ने शिकायत कर रखी थी, जिस पर जयसिंहपुर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जाधारियों को इन दुकानों को खाली करने के आदेश दे दिए थे। दुकानों के खाली होते ही प्रशासन ने इन दुकानों पर पीला पंजा चलाते हुए इन दुकानों को गिरा दिया। उपमंलाधिकारी जयसिंहपुर संजीव ठाकुर ने बताया कि सरकारी भूमि पर किए गए कब्जों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा व प्रशासन की ओर से अबैध कब्जाधारियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## जनता की जेबों को काटने में लगी सुक्खू सरकार : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**हिमाचल** भाजपा के मीडिया सह प्रभारी विश्व चक्षु ने प्रदेश सरकार की ओर से बस किराए में की गई बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार जनता की जेबों को काटने में उतर आई है। पहाड़ी क्षेत्र के लिए सामान्य बसों में 20 और मैदानी क्षेत्रों के किराए में 31 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी के साथ एसी डीलक्स और सुपर लग्जरी वॉल्वो बसों का किराया भी बढ़ाया गया, जो न प्रदेशों की जनता के हित में और न ही दूसरे प्रदेशों से हिमाचल का रुख करने वालों के हित्तों में है।

उन्होंने कहा कि ऐसे जनविरोधी निर्णय लेकर सुक्खू सरकार जनता से कुठाराघात कर रही है। सरकार की आर्थिक नीतियां पूरी तरह से विफल रही हैं, जिसका खामियाजा अब प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई पहले से ही चरम सीमा पर है और अब किराए में बढ़ोतरी जनता के लिए किसी आपदा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने युवाओं के रोजगारों के दरवाजों को बंद कर दिया है और अब जनता पर बोझ डाला है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल

विश्व चक्षु ने कहा कि प्रदेश में विकास थम चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं के बुरे हाल है। कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ी हुई हैं। प्रदेश सरकार के लिए स्वास्थ्य का क्षेत्र प्राथमिकता में शामिल ही नहीं है। सरकार की नाकामी, हठधर्मिता और तानाशाही की वजह से हिमाचल प्रदेश को 63 विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं मिल पाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पर तानाशाही इस तरह हावी हो गई है कि उन्हें जनता के नुकसान से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के लिए आम जनता का हित प्राथमिकता नहीं है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरी- मुशेहरा** विकास खंड चौंतड़ा जिला मंडी हि.प्र

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

ग्राम पंचायत टिकरी- मुशेहरा विकास खंड चौंतड़ा जिला मंडी हि.प्र. के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में होने वाली समस्त मदों के विकास कार्यो हेतू निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदाएं 15.05.2025 को शाम 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत व्यक्तिगत रुप या डाक के माध्यम से पहुंच जानी चाहिए निविदाएं दिनांक 16.05.2025 को अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में पंचायत के समक्ष निविदादाताओं/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी। सामग्री का विवरण: रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट फाइन शेड प्रति घन मीटर, पक्की ईंटें ए, बी, सी ग्रेड प्रति हजार, बजरी, 10, 20, 40 एमएम (क्रशर की) प्रति घन मीटर, पत्थर कटस्टोन साईज प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, जेसीबी मशीन द्वारा कटान प्रति घन मीटर, शटरिंग (लकड़ी की) (लोहे की प्लेटे) प्रति स्केयर मीटर, सामग्री ढुलान सीमेंट लोडिंग/अनलोडिंग सहित प्रति किलोमीटर, सामग्री ढुलान (खच्चर द्वारा) प्रति किलोमीटर, Sign Board 3x2, 4x3 प्रति स्कवायर फीट/प्रति बोर्ड, Pointing and Carriage with Board, Dust Bin blue, Green, CIPET Approved central institute of Plastic Engineering and Technogy per Dustbin, Sand (Water Bound) प्रति घन मीटर, Aggregate (Water Bound) प्रति घन मीटर, Incinator No., Airport 3 seater waiting chair Steel No, Steel Benches Size No, Iron Benches Size No, Gi Sheets Size Make No, Angle/ channel/ Steel, Installing E-Toilet per toilet, Purchase Sanitory pad per pad, Wooden Frame & Shutter प्रति स्कवायर फीट
नियम व शर्तें:- निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन नं. टीन नं जीएसटी नंबर तक गाड़ी का होना आवश्यक है। निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर ग्राम पंचायत के नाम भेजनी होगी (सिवाए सामग्री ढुलान खच्चर कैरिज) निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे, एम फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी वर्तमान में 60/-रु. प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। सभी करों का लेने देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरुप होगी। दरें अंकों व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। पारित निविदादाता को मु. 20000/-अग्रिम/सुरक्षित राशि के रुप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ मु. 1000 रु. (नॉन रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार मे एक की मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने उपरांत निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम/सुरक्षित राशि वापिस होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरांत टीए/जेई की पैमाइश के उपरांत की जायेगी। सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की जस्टफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगासियेशन अनुसार/उपरांत किया जायेगा। जिस किसी भी निविदादाता को उपरोक्त शर्तें मान्य है तो वह कार्यालय ग्राम पसल से निविदा आवेदन हेतु आवेदन फार्म 1000/-रुपए एक हजार रुपए अदा करके प्राप्त कर सकता है व बिना आवेदन फार्म के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। नोट: उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी।

**प्रधान/ सचिव**

**असर** | होटलों में बुकिंग को किया जा रहा रद्द, पर्यटकों की संख्या में 70 फीसदी की गिरावट

# भारत-पाक तनाव से गिरा पर्यटन कारोबार

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**पाकिस्तान** और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों को खत्म करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण हिमाचल में पर्यटन क्षेत्र को नुकसान उठाना पड़ है, क्योंकि हवाई और होटल बुकिंग रद्द हो रही हैं।

प्रदेश में एकदम से पर्यटकों की संख्या में 70 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, प्रदेश के मंदिरों में भी संख्या में कम से कम 60 प्रतिशत की गिरावट आई है। तनाव के माहौल में घूमने से परहेज कर रहे हैं, जिन लोगों ने पहले ही घूमने का प्लान बनाया था और एडवांस बुकिंग करवा कर रखी थी, अब वे होल्ड या रद्द करवा रहे हैं। लोग वीकेंड के चलते प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर काफी तादात में पर्यटकों की ओर से एडवांस बुकिंग करवाई गई थी, लेकिन अब पर्यटक अपनी बुकिंग कैंसिल और होल्ड करवा रहे हैं। धर्मशाला होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांवा ने कहा कि होटल व्यवसायियों को पहले से ही घाटा उठाना पड़ा है।

आईपीएल मैचों से कुछ रौनक लौटी थी, परंतु भारत-पाक तनाव से फिर से क्षेत्र सुनसान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए पहले देश है। इस समय हम सभी अपने देश के साथ पाकिस्तान के खिलाफ एकजुट हैं। (अनंत ज्ञान)

### 50 फीसदी पर्यटकों ने एडवांस बुकिंग को होल्ड करवाया

**प्रदेशभर** के होटलों में 50 फीसदी पर्यटकों ने अपनी एडवांस बुकिंग को होल्ड करवा दिया और कई पर्यटकों ने बुकिंग कैंसिल करवा रहे हैं। मौजूदा समय में पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उतरप्रदेश, मुंबई आदि से पर्यटक हिमाचल पहुंच रहे हैं, लेकिन अन्य राज्यों से पर्यटक अब पहाड़ों की ओर आने से गुरेज कर रहे हैं। गृह मंत्रालय की ओर से फिलहाल सभी राज्यों की फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है।

### मौजूदा स्थिति से पर्यटन क्षेत्र प्रभावित : गरिश

**फेडरेशन** ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष गरिश ओबरॉय ने कहा कि मौजूदा स्थिति ने पूरे देश में पर्यटन क्षेत्र को प्रभावित किया है। मौजूदा स्थिति के कारण इन दिनों यात्रा करना प्राथमिकता नहीं है। केवल व्यवसाय से जुड़े लोग ही यात्रा कर रहे हैं। लोग हवाई टिकट बुक नहीं कर रहे हैं, क्योंकि पिछले कुछ दिनों में कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हालांकि, यह देश के हित में है और हम इसका समर्थन करते हैं। मौजूदा स्थिति के कारण कई हवाई अड्डे बंद हो गए हैं और कई और बंद होने की संभावना है। पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने पर्यटन क्षेत्र पर चल रहे तनाव के नकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया है, लेकिन स्पष्ट रूप से कहा कि राष्ट्र से बड़ा कुछ भी नहीं है।

### सभी कारोबारी देश व केंद्र सरकार के साथ खड़े

**धर्मशाला** के होटल मालिक शमशेर नेहरिया, विपन नेहरिया, राजेश कुमार व संजीव कुमार ने कहा कि अप्रैल महीने में काफी ज्यादा टूरिस्ट यहां पहुंचा था और मई में भी पर्यटकों के आने की उम्मीद थी। पर्यटकों ने एडवांस बुकिंग करवाई है, लेकिन जिस तरह से पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक हुई है, उससे स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। अब पर्यटक घूमने से परहेज कर रहे हैं और पर्यटकों की ओर से एडवांस बुकिंग करवाई थी, उसे कैंसिल करवा रहे हैं। इस मुश्किल की घड़ी में सभी कारोबारी देश व केंद्र सरकार के साथ खड़े हैं।

## दोसड़का ट्रांसपोर्ट सोसायटी का ऐलान, सेना को वाहनों की जरूरत पड़ी तो हमारे ट्रक तैयार

**अनंत ज्ञान, देहरा।** खबली-दोसड़का को-ऑपरेटिव गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी ने बड़ा ऐलान किया है। जिला कांगड़ा ट्रक यूनियन के प्रधान महिंदर चौहान गुर्जर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया कि अगर भारत-पाक सीमा पर युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न होती है और सेना को वाहनों की जरूरत पड़ती है तो सोसायटी अपने सभी ट्रक भारतीय सेना को सेवा के लिए समर्पित करेगी।

सोसायटी के प्रधान महिंदर चौहान ने कहा कि जवान सीमा पर खड़े हैं, तो हम घर में सुरक्षित हैं। ऐसे में यदि मातृभूमि को हमारी आवश्यकता पड़ी तो हम अपने ट्रकों को युद्ध में उपयोग के लिए तुरंत सौंप देंगे। यह हमारा कर्तव्य है। बैठक में मौजूद अन्य ट्रांसपोर्टरों ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि जब देश को जरूरत हो, तब पीछे हटना कायरता है। हम ट्रक ही नहीं, दिल भी देश के नाम करते हैं, ऐसे भावनात्मक शब्दों से बैठक का वातावरण राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने 'भारत माता की जयश' और वंदे मातरम के नारों के साथ यह संकल्प लिया कि देशहित में कोई भी बलिदान देने से पीछे नहीं हटेंगे। इसके साथ ही अन्य कई ट्रक मालिकों ले जरुरत पर अपने वाहन सेना की मदद को देने की बात कही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तरनोह, विकास खंड सदर मण्डी, जिला मण्डी हि. प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत तरनोह विकास खण्ड सदर मण्डी जिला मण्डी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निश्न निर्माण सामग्रियों की, वित् वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विकेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25-05-2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जायेगी व दिनांक 26-05-2025 की अपराहन 12 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएँगी । **सामग्री का विवरण:**-1 रेत (KANSA QUERRY)- Per cubic meter, 2 रेत (CRUSHER)- Per cubic meter, 3 बजरी (KANSAQUERRY)- Per cubic meter, 4 बजरी 10एमएम , 20 एमएम, 40एमएम CRUSHER) - Per cubic meter, 5. सोलिंग/बोल्डर पत्थर - Per cubic meter, 6. पत्थर (कट स्टोन)- Per cubic meter, 7. ईंट- Per Bricks, 8. ह्युम पाईप (ब्यास (dia) के अनुसार - Per Pipe, 9. जेसीबी - Per Hours, 10. सटरिंग - Per Square Meter, 11. सीमेंट ढुलाई , 12.सूचना पट्ट - 4*4 फुट। **शर्तें:**- 1) निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नम्बर होना आवश्यक है। (ii) दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएँ। (v) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गयी सामग्री Per Bag Mandi to Tarnoh ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे। सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। (vi) किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएँ किसी भी समय रद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। (vii) सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहाँ तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। (Viii) सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई ओर्डर जारी होने के बाद ही दी जायेगी अन्यथा सप्लाईकर्ता स्वयं उतरदायी होगा । (IX) निविदातानो को 20000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सुचना पट्ट के निविदाताओं को अलग से 5000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। (X) निविदालाओं को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत तरनोह**
**विकास खंड सदर मण्डी, जिला मण्डी हि. प्र.**

## न्यूज ब्रीफ

### माही का वॉलीबाल प्रशिक्षण संस्थान के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमालयन वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल रोहड़ू की छात्रा माही सिंह ने अपने हुनर का लोहा मनवाया है। माही सिंह ने कड़ी मेहनत व कोच अंचल शर्मा की कुशल प्रशिक्षण के चलते उसका चयन वॉलीबाल छात्रा खेल प्रशिक्षण जुब्बल के लिए हुआ है। माही सिंह वर्तमान में छठी कक्षा में हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहड़ू से शिक्षा ग्रहण कर रही है। छात्रा माही सिंह की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य रंजू शर्मा व समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने माही सिंह की कड़ी मेहनत और कोच अंचल शर्मा के कुशल प्रशिक्षण की सराहना की है। स्कूल की प्रधानाचार्य रंजू शर्मा व चेयरमैन दिनेश शर्मा, एडमिन नगेंद्र लूटा, जगदेव चौहान, दिनेश शर्मा, पवन सुर्यान, बलवंत शर्मा, पृथ्वी राज नेगी, स्वीटी शर्मा, बंदना शर्मा, सुरुचि शर्मा, दिव्या ठाकुर, निधि चौहान, पूजा, पूजा ठाकुर, कुलदीप, मधु दत्ता, हितम्वदा राणा, आँचल शर्मा, अजय शर्मा, वनिता चौहान, रविकांता, अंकिता शर्मा, पूजा कल्याण, नितिका राठौर, श्रुति शर्मा व सभी अध्यापकों ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

### नेरवा में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** 22 केवीए लास्टाधार से नेरवा कंट्रोल पॉइंट झिकनीपुल केंद्र में 11 मई (रविवार) को रखरखाव कार्य किया जाना प्रस्तावित है, लिहाजा इस दिन विद्युत् उपमंडल नेरवा के तहत प्रातः दस से शाम पांच बजे तक बिजली बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियंता विद्युत मंडल चौपाल गोवेर्धन दिल्टा ने क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बेहतरीन कार्य करने वाले कैंटीन होल्डर्स नवाजे

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** प्रदेश की सेव एंड रिच प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने अपने स्थापना के दो वर्ष पूरे होने पर जटोली में एक भव्य एवं प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया। इसमें बेहतरीन कार्य करने वाले दस कैंटीन होल्डर्स को सम्मानित किया गया। इस सेमिनार में बड़ी संख्या में व्यापार सहयोगियों, युवा उद्यमियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमडी आरके चाहर ने कहा कि इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य लोगों को आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार के माध्यम से आय के नए अवसरों के प्रति जागरूक करना हैं। इस मौके पर संस्था के वरिष्ठ निदेशकों एवं सफल लीडर्स ने अपनी प्रेरणादायी सफलताओं की कहानियाँ सांझा कीं और प्रतिभागियों को सेव एंड रिच के साथ जुड़कर आर्थिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### बुशहर बीएड संस्थान में मनाई टैगोर जयंती



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** बुशहर बीएड संस्थान कलना (नोगली ) में रविंद्र नाथ टैगोर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षु छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य राजेंद्र नेगी ने की। उन्होंने कहा कि भारत के सबसे सम्मानित साहित्यकारों में से एक रविंद्र नाथ टैगोर की 164वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जयंती पर नमन करते हैं और साथ ही साथ भावी शिक्षकों को उनके आदर्शों तथा विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इस प्रतियोगिता में कृष्णा भारती, अनामिका जोशी, व पल्लवी ने उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष पवन आनंद, कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता, सचिव ई.राजीव शर्मा, प्राचार्य डॉ. तिलक राज भारद्वाज तथा सहायक आचार्य वर्ग में राकेश ठाकुर, तपस्या शर्मा, नरेंद्र ठाकुर व नवनीत चौहान भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# आवश्यक सामग्री का स्टॉक उपलब्ध

## शिमला में जमाखोरी करने वाले के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई : नरेंद्र धीमान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**भारत-पाक** तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने आवश्यक तैयारियों को सिरे चढ़ाना शुरू कर दिया है। सबसे पहले जमाखोरों पर नजर रखने की रणनीति तैयार की गई है। अगर कोई जमाखोरी करते हुए पाया गया या पकड़ा गया तो उसे कानून के अनुसार कड़ा दंड दिया जाएगा। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नरेंद्र धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिमला में पर्याप्त मात्रा में गन्दम, चावल एवं अन्य आवश्यक सामग्री का स्टॉक उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, जिला शिमला में एलपीजी, डीजल व पैट्रोल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा आम जनता से अपील की जाती है कि आवश्यक वस्तुओं की अनावश्यक खरीदारी न करें तभी आवश्यक वस्तुऐं खुले बाजार व खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा पीडीएस के तहत समान रूप से सभी जन को उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने निर्देश दिये हैं कि यदि किसी विक्रेता द्वारा आवश्यक वस्तुओं के निर्धारित लाभांश से अधिक बिक्री मूल्य वसुला जाता है व अग्रिम खाद्यान्नों का भंडारण किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### टोल फ्री नंबर 1967 या 1077 पर करें जमाखोरी की शिकायत

**इसके** अतिरिक्त आम जनता से अपील की गई है कि यदि जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी का कोई भी मामला आपके ध्यान में आता है तो आप खाद्य आपूर्ति विभाग के टॉल फ्री न0 1967 व जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के टॉल फ्री न0 1077 पर शिकायत कर सकते हैं।

# संजौली में चल रही राम कथा में शामिल हुए विधायक जनारथा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राम कथा में विधायक को सम्मानित करते हुए।

**दिव्य** ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा संजौली के जंजघर में सात दिवसीय राम कथा का भव्य आयोजन चल रहा। कथा प्रारंभ में लितेश कुमार, खुशबिंदर कुमार और अश्वनी कुमार ने पूजन किया। कथा में साध्वी सौम्या भारती ने शबरी प्रसंग सुनाकर भगतों को भाव विभोर कर दिया। साध्वी बहनों के द्वारा 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे' भजन को गाया गया। जिस पर सभी श्रद्धालु झूम उठे। शिमला विधायक हरीश जनारथा, बलजीत ठाकुर, पार्षद अंकुश वर्मा, पार्षद कमलेश मेहता और गोपाल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

साध्वी जी ने समझाया कि केवल आध्यात्मिक रूप से रूपांतरित व्यक्ति ही सुंदर समाज व विश्व शांति के मार्ग को प्रशस्त करने की क्षमता रखते हैं और केवल समय के पूर्ण सतगुरु ही ब्रह्मज्ञान में दीक्षित कर हमें शांतिपूर्ण जीवन जीने की वास्तविक कला सिखा सकते हैं।

कथा का विश्राम मंगल आरती से हुआ जिसमें व्यापार मण्डल संजौली प्रधान अश्वनी सूद,सचिव सतीश सूद, वाइस चेयरमैन हिमुडा यशवन्त छाजटा, नरेश चौहान, संजय खन्ना, सरबजीत सिंह आदि ने हिस्सा लिया।

## महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर किया सत्य साई रथ का स्वागत

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

**श्री** सत्य साई बाबा का प्रेम प्रवाहिनी दिव्य रथ शुक्रवार सांय को चौपाल पहुंचा। यहां विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। रथयात्रा के चौपाल पहुंचने पर राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौपाल के बच्चों ने रथ पर पुष्प वर्षा की वहीं महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर साई बाबा का स्वागत किया।

रथ यात्रा को उनके अनुयायियों में भारी उत्साह दिखाई दिया और लोग करीब एक घंटे तक साईं बाबा के दर्शनों की प्रतीक्षा में खड़े रहे। इस अवसर पर तहसील मैदान चौपाल में सत्य साईं बाबा पर आधारित भजन कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सत्य साईं बाबा के जीवन चरित्र का उल्लेख भी किया गया। इस मौके पर श्री सत्य साईं सेवा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट देवेन्द्र शर्मा, बलबीर झगटा, धीरेन्द्र चौहान, बलबीर ठाकुर, प्रेम थापन, लायक राम शर्मा, राजीव शर्मा सहित उनके सैकड़ों अनुयायी, समिति के सदस्य व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सूर्यकांत शर्मा बने विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**दशमी रावत, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत तकनीकी कर्मचारी महासंघ का 10वां त्रिवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को पांवटा साहिब में संपन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेशभर से आए तकनीकी सैकड़ों कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर रोहड़ू मंडल के तकनीकी कर्मचारी सूर्यकांत शर्मा को सर्वसम्मति से महासंघ का प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया।

नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने इस सम्मान के लिए संगठन और रोहड़ू इकाई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रदेश के सभी तकनीकी कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा और उनके समाधान के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंनें यह भी कहा कि आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाया जाएगा ताकि कर्मचारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर महासंघ के अन्य पदाधिकारियों, वरिष्ठ सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने सूर्यकांत शर्मा को शुभकामनाएं दी व संगठन में उनके अनुभव की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

# सैहब कर्मियों के वेतन में 10 फीसदी बढ़ोतरी न देने से भड़की सीटू

## निगम आयुक्त कार्यालय के पास किया प्रदर्शन, आउटसोर्स प्रथा बंद करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीटू** से संबंधित सैहब सोसायटी वर्कर्स यूनियन ने पिछले दस वर्षों से जारी सैहब कर्मियों के वेतन में दस प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि को रोकने के खिलाफ नगर निगम आयुक्त कार्यालय के पास 2 घंटे जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त द्वारा ठोस आश्वासन न देने के कारण सैहब कर्मी नगर निगम आयुक्त से काफी खफा नजर आए। आक्रोशित मजदूरों की राय अनुसार यूनियन ने मजदूरों से वार्षिक वेतन वृद्धि बहाली के लिए हड़ताल का आह्वान किया है। यूनियन ने मांग की है कि इस वर्ष की दस प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि तुरंत जारी की जाए, अन्यथा आंदोलन तेज होगा।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, विवेक कश्यप, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने कहा कि अगर सैहब सोसाइटी, आउटसोर्स व सफाई कर्मियों की मांगों का हल तुरंत ना हुआ, तो सभी सैहब कर्मी दस प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि बहाली, अपने नियमितीकरण, क्यू आर कोड रद्द करने, आउटसोर्स प्रथा बंद करने, नियमित कर्मियों के बराबर वेतन देने सहित अन्य मांगों के लिए हड़ताल करेंगे और शिमला शहर में कार्य पूरी तरह ठप कर देंगे। उन्होंने हैरानी व्यक्त की है कि नगर निगम प्रशासन ने पिछले दस वर्षों से जारी सैहब कर्मियों, ड्राइवरों, सफाई कर्मियों की दस प्रतिशत वार्षिक वृद्धि को रोक दिया है। आउटसोर्स प्रथा बंद करने की मांग उठाई है। नगर निगम प्रशासन सरकारी पैसे का दुरुपयोग करना चाहता है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैहब मजदूरों व सुपरवाइजरों का भारी आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर महीने सैकड़ों आउटसोर्स कर्मियों का वेतन भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है जोकि वेतन भुगतान अधिनियम 1936 का उल्लंघन है।



### खाते में जमा हो बकाया ईपीएफ राशि

**सैहब** कर्मियों को 4-9-14 का लाभ दिया जाए। सभी सैहब सुपरवाइजरों व मजदूरों को सरकार द्वारा घोषित वेतन दिया जाए। सुपरवाइजरों व मजदूरों के लिए पदोन्नति नीति बनाई जाए। उनकी ईपीएफ की बकाया राशि उनके खाते में जमा की जाए। उनसे अतिरिक्त कार्य करवाना बन्द किया जाए। उन्होंने मांग की है कि सैहब एजीएम की बैठक तुरन्त बुलाई जाए व सैहब कर्मियों की मांगों को पूर्ण किया जाए।

### सैहब वर्कर्स को घोषित करें नियमित कर्मचारी

**सीटू** ने मांग की है कि सैहब वर्कर्स को नियमित कर्मचारी घोषित किया जाए। उन्हें 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन, सुप्रीम कोर्ट के सन 1992 के आदेश, सातवें वेतन आयोग की जस्टिस माथुर की सिफारिशों व 26 अक्तूबर, 2016 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार 26 हज़ार वेतन दिया जाए। उन्हें अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। उन्हें कानूनी रूप से 39 छुट्टियां दी जाएं। सैहब में आउटसोर्स में कार्यरत कर्मियों को सैहब के अंतर्गत लाया जाए व उन्हें समय पर वेतन दिया जाए।

## नेरवा में होने वाली शहीद श्याम सिंह प्रतियोगिता स्थगित

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** पड़ौसी देश पकिस्तान द्वारा पहलगाम में की गई नापाक और कायराना हरकत के बाद चल रहे तनावपूर्ण माहौल के मद्देनजर क्लारा गांव के अमर शहीद स्याम सिंह के नाम पर नेरवा में आयोजित होने वाली पहली दो दिवसीय अखिल भारतीय कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता स्थगित कर दी गई है। वर्तमान में देश में बनी परिस्थितियों के मद्देनजर नेरवा उत्सव एवं अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगित आयोजन समिति की एक बैठक समिति अध्यक्ष राजीव भिख्टा की अध्यक्षता में शुक्रवार को नेरवा में आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत नेरवा की अध्यक्ष बबिता तंगडाईक, हेमंत ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, सोहन कल्याण, पिंटू रणाईक, दिनेश अमरेट, सूरत भिख्टा, मनोहर शर्मा, नारायण सिंह, श्याम सिधौली, केवल राम सिधौली आदि बुद्धिजीवी लोगों एवं समिति के तमाम पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोगों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# हर घर को नियमित पेयजल की आपूर्ति करें कर्मचारी : इकबाल

## पेयजल टैंकों की नियमित साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर डालने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

**प्रदेश** में पेयजल संकट की आहट सुनाई देने लग पड़ी है। मार्च और अप्रैल के महीने में सामान्य से कम हुई बारिश का असर पेयजल योजनाओं में दिखने लगा है। ऐसे में गर्मियों के सीजन में लोगों को पानी के संकट की समस्या से न जूझना पड़े, उसके लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने फील्ड कर्मचारियों के साथ बैठक कर हर घर में जल पहुंचाने का संकल्प लिया है।

जलशक्ति विभाग उपमंडल कलोल के सहायक अभियंता इकबाल शेख ने फील्ड कर्मियों को निर्देश कि हैं नियमित रूप से पेयजल टैंकों की साफ-सफाई करने के साथ पेयजल टैंकों में ब्लीचिंग पाउडर डाला जाए। जलशक्ति विभाग उपमंडल कलोल के तहत बड़गांव गलू, कोसरियां, निघयार, घराण, जड़ू कुलजयार, सनीहरा, डूडिया, पपलोआ, मलराव, धणी पखर, भडोलीकला, कलोल, जेजवीं, सलवाड, झबोला, दसलेहड़ा, घंडीर, बल्हशीणा व नगर पंचायत तलाई में 23 उठाऊ पेयजल योजना, 16 बहाव पेयजल योजना में 145 छोटे बड़े पेयजल टैंक हैं। प्रति व्यक्ति प्रति दिन 95 लीटर पानी उपलब्ध करवाया जाता है। वहीं, जल शक्ति विभाग कोटधार क्षेत्र में दूसरे दिन पानी की आपूर्ति करने की कोशिश रहा है। इकबाल शेख से कहा कि कलोल व मरोतन सेक्शन के फील्ड कर्मचारियों के साथ पेयजल आपूर्ति को लेकर बैठक की है। उन्होंने फील्ड कर्मचारियों को निर्देश दिए किए पेयजल पाइप में पानी की लीकेज दिखे, उसे तुरंत बंद कर दें। हर घर को नियमित पेयजल की आपूर्ति करें।



कलोल व मरोतन सेक्शन के फील्ड कर्मियों के साथ पेयजल आपूर्ति को लेकर बैठक की।

## बिलासपुर में ब्लैक आउट को लेकर एडवाइजरी जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन बिलासपुर ने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एहतियाती एडवाइजरी जारी की है। जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण रूप से ब्लैक आउट सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी संभावित हवाई हमले की स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार रात्रि के समय सभी बाहरी लाइटों के साथ-साथ ऐसी इनडोर लाइटें जो बाहर से दिखाई देती हैं, उन्हें भी बंद रखने के निर्देश दिए हैं। लोगों को सलाह दी कि वे सुरक्षित और संरक्षित स्थानों पर ही रहें और अनावश्यक यात्रा से पूरी तरह परहेज करें। वाहन गतिविधियों पर भी रोक लगाने का आग्रह किया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षा एजेंसियों को सुचारु रूप से कार्य करने में सहयोग मिल सके। सभी लोगों से कड़ाई से पालन करने का अनुरोध किया गया है।

## डीएवी स्कूल में विद्या आरंभ संस्कार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**डीएवी** विद्यालय में शुक्रवार को विद्या आरंभ संस्कार का भव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं वैदिक परंपराओं के साथ किया गया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका वात्सायन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्कार की शुरुआत पवित्र हवन से हुई, जिसमें वैदिक मंत्रों की गूंज के साथ वातावरण में दिव्यता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। अभिभावकों ने पूरे श्रद्धा भाव से हवन में आहुतियां दीं। इसके पश्चात प्रधानाचार्या वात्सायन ने छोटे-छोटे विद्यार्थियों को अपनी गोद में बैठाकर मोरपंख के माध्यम से पाटी पर 'ॐ' लेखन करवाया। यह न केवल उनका पहला अक्षर था, बल्कि जीवन में शुभता, ज्ञान और शुद्धता का प्रतीक भी है। यह पल अत्यंत भावनात्मक, पवित्र एवं प्रेरणादायक था।

### एडीसी ओम कांत को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** लाडली फाउंडेशन एवं हेल्पिंग हैंड बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में नवनियुक्त एडीसी बिलासपुर आईएएस ओम कांत ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। हेल्पिंग हैंड्स बिलासपुर के प्रधान नीलम सूद, हिमाचल वाटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव एवं हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष इशान अख्तर, लाडली फाउंडेशन के पदाधिकारी चंपा देवी ललिता देवी, शालू ने एडीसी बिलासपुर आईएएस ओम कांत ठाकुर को हिमाचली टोपी एवं हिमाचली शाल देकर सम्मानित किया। लाडली फाउंडेशन, हेल्पिंग हैंड्स, रेनबो स्टार क्लब एवं हिमाचल वाटर स्पोर्ट्स की ओर से की जा रही सामाजिक एवं खेलकूद वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की जानकारी दी।

### भारतीय सेना का पराक्रम सराहनीय : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने आतंकवाद का पर्याय बन चुके पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की जा रही कार्रवाई के लिए भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भारत के जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत के शूरवीर पूरी तरह से मुस्तैद हैं। देशवासियों को डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से सावधानी बेहद जरूरी है। राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़े इस मामले में भाजपा प्रशासन के साथ है। प्रशासन की ओर से जारी किए जाने वाले सभी निर्देशों पर अमल सुनिश्चित किया जाएगा।

### घुमारवीं स्कूल में स्टूडेंट्स की समस्याओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पीएम श्री विद्यालय घुमारवीं में शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से जनरल हाउस का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक में पिछले सत्र की शैक्षणिक व सह पाठ्यक्रमीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की गई। प्रबंधन ने अभिभावकों को स्कूल की प्रगति तथा उपलब्धियों की जानकारी दी और साथ ही पिछली कुछ कमियों को स्वीकारते हुए उन्हें दूर करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों से संवाद स्थापित करते हुए उनके सुझाव आमंत्रित किए गए। पिछले एक माह से चल रही कक्षाओं में विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं व उनकी पढ़ाई से जुड़ी कठिनाइयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। शिक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की भूमिका, अभिभावक-शिक्षक-बच्चों के बीच संवाद को प्रभावी बनाने तथा बच्चों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

### कलरी स्कूल में करवाई भाषण प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं कॉलेज ने कलरी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल में रेडक्रॉस दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता करवाई गई। इसका शुभारंभ मुख्य अध्यापक कमल ठाकुर व मुख्य शिक्षिका नीलम ने किया। कार्यक्रम में 47 बच्चों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राकेश राणा ने शिरकत की और बच्चों को रेडक्रॉस दिवस के बारे में जानकारी दी। साथ में बच्चों को किस तरह से दूसरों की आपदा के दौरान सहायता करनी चाहिए इस संदर्भ में भी बताया गया।

**कार्यक्रम** लोगों ने रखीं बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा से जुड़ी समस्याएं, गैर आवश्यक लाइटें बंद रखने की अपील

# धर्माणी ने घड़ालवी में निपटाईं लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बिलासपुर जिले की घड़ालवी पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कुछ समस्याओं का मौके पर निपटारा किया।

वहीं, कुछ समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों को निपटाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व और सामाजिक कल्याण से जुड़ी 25 शिकायतें व मांगें रखीं, जिनमें अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया। धर्माणी ने भारतीय सेना के बहादुर सैनिकों को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले सैनिकों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। ग्रामीणों ने भी देश की सुरक्षा में जुटे जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने भारत सरकार की एडवाइजरी का पालन करने का आग्रह किया, गैर आवश्यक लाइटें बंद रखने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्चक्र से बाहर निकालने के लिए राज्यभर में विशेष अभियान चलाया गया और नशा तस्करों की 11 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। इस मौके पर पंचायत प्रधान सरला चौहान, एसडीएम गौरव चौधरी, डीएसपी चंद्रपाल सिंह, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक केएल शर्मा एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



घड़ालवी पंचायत में लोगों की जनसमस्याएं सुनते तकनीकी मंत्री राजेश धर्माणी।

## तकनीकी मंत्री ने उचित मूल्य की दुकान का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

तकनीकी मंत्री राजेश धर्माणी ने शुक्रवार के बरोटा कृषि सहकारी समिति के विस्तार काउंटर और उचित मूल्य की दुकान का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें अब दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

धर्माणी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी शहरी सुविधाओं की तर्ज पर आवश्यक सेवाएं सुलभ हों। उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से अब राशन जैसी मूलभूत आवश्यकताएं गांव के भीतर ही उपलब्ध होंगी।

### भगयूंडा से एनएच-103 तक नवनिर्मित संपर्क सड़क का किया लोकार्पण

**धर्माणी** ने भगयूंडा से एनएच-103 तक नवनिर्मित संपर्क सड़क का भी लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा में बड़ा सुधार होगा। यह सड़क 70 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई है। तड़ोन से भुलस्वए और बरोटा मार्ग को अपग्रेड करने के लिए 2 करोड़ 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही बरोटा से डुमेहर सड़क का भी उन्नयन किया जा रहा है, जिस पर 2 करोड़ 15 लाख रुपए व्यय किए गए हैं।

## ल्यूपस के त्वचा संबंधी लक्षणों पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में विश्व ल्यूपस दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10 मई को मनाया जाने वाला यह दिवस ल्यूपस जैसी जटिल ऑटोइम्यून बीमारी के बारे में समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समर्पित होता है। इसका आयोजन एम्स के क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी और रुमेटोलॉजी विभाग की ओर से चर्म रोग विभाग और फिजिकल मेडिसिन एवं रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग के सहयोग से ओपीडी परिसर में किया इसकी अध्यक्षता डीन (परीक्षा) प्रो. डॉ. निधि पुरी ने की। डॉ. मंजू (चर्म रोग विभाग) ने ल्यूपस के त्वचा संबंधी लक्षणों और सूरज की रोशनी से बचाव की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

रुमेटोलॉजी विभाग के डॉ. योगेश प्रीत सिंह ने रोग के शीघ्र निदान, नियमित उपचार और सतत निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। विभाग की ईसीआर लैब के प्रभारी डॉ. रवि कुमार शर्मा ने ल्यूपस के निदान में एएनए जैसे नैदानिक परीक्षणों की भूमिका को रेखांकित किया। पीएमआर विभाग के डॉ. हिमांशु ने रिहैबिलिटेशन के माध्यम से जोड़ों की गतिशीलता बनाए रखने और लक्षणों के प्रबंधन की अहमियत बताई। कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र बैरवा और डॉ. तरुण कुमार शर्मा ने ल्यूपस से जुड़ी आम भ्रांतियों को दूर करने के लिए एक प्रभावशाली सत्र का संचालन किया। समापन सत्र में डॉ. अंकिता और डॉ. निर्मल की ओर से एक इंटरैक्टिव क्विज आयोजित की गई।

## प्रदेश सरकार ने डाला जनता की जेब पर डाका : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश सरकार की ओर से बस किराए में की गई बढ़ोतरी को जनविरोधी निर्णय करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आम आदमी की जेब पर सीधा डाका डाला है। गर्ग ने कहा कि एचआरटीसी गरीब, मजदूर, छात्र और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए जीवन रेखा जैसी है, उसे सस्ती और सुलभ परिवहन सेवा देने की बजाए अब महंगी सेवा बना दिया गया है।



**बस किराया बढ़ोतरी पर साधा निशाना**

बसों का सफर महंगा बनाकर आम आदमी की पहुंच से दूर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाल रही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पहले न्यूनतम किराए में वृद्धि कर आमजन को प्रभावित किया गया और अब लंबी दूरी के किरायों में 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर दी है। यह फैसला पूरी तरह से जनता के हितों के खिलाफ है और आम जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि अगर सरकार ने यह जनविरोधी कदम वापस नहीं लिया तो भाजपा इसका विरोध करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डलहौजी व बकलोह ब्लैकआउट किए घोषित

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी उपमंडल अधिकारी अनिल भारद्वाज ने एक समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए गए। भारत पाक के बीच हालातों के बीच मद्देनजर देखते हुए उपमंडल अधिकारी ने कहा कि डलहौजी और बकलोह को ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है। इसलिए सभी से अनुरोध है कि ब्लैकआउट होने के बाद अपने घरों में इनवर्टर या चार्जिंग बल्बों का इस्तेमाल न करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी भ्रामक विचार ना डालें। और प्रशासन की तरफ से जो भी निर्देश दिए जाते हैं उन सभी का एक अच्छे नागरिक के नाते पालन करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे जहां तक हो सके ढक कर रखें। ताकि घर से रोशनी बाहर ना आए ब्लैकआउट का हमारा यही मकसद है कि हम अपने घरों की सभी लाइटें बंद रखें और अपने देश के प्रति सभी नियमों का पालन करें।

### मैहला व तीसा विकास खंडों में खुलेंगी नई उचित मूल्य की दुकानें, आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के विकास खंड मैहला और तीसा के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। यहां उचित मूल्य की नई दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग चंबा ने साझा की है। आवेदन [https://emergingimachal.hp.gov.in/](https://emergingimachal.hp.gov.in/) पोर्टल पर निर्धारित प्रपत्र में मांगे गए समस्त दस्तावेजों के साथ केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑफलाइन अथवा कार्यालय में जमा किए गए आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक कार्यालय के दूरभाष नंबर 01899-222401 पर कार्य दिवसों में संपर्क कर सकते हैं।

### हिमालयन गद्दी यूनियन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमालयन गद्दी यूनियन की राज्य स्तरीय बैठक आगामी रविवार, 11 मई 2025 को चंबा स्थित सूरी पैलेस, परेल में आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक की जानकारी यूनियन के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री संजय भारद्वाज ने दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेन्द्र जी करेंगे। इसमें जिला कांगड़ा और जिला चंबा के सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी सक्रिय भागीदारी करेंगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य गद्दी शब्द से वंचित उपजातियों के अधिकारों को लेकर चल रहे संघर्ष को और अधिक सशक्त बनाना है। यह बैठक सामाजिक न्याय की दिशा में एक निर्णायक कदम के रूप में देखी जा रही है, जहां संगठन आने वाले समय की रणनीति और संघर्ष की रूपरेखा तैयार करेगा। बैठक में यह भी प्रस्तावित है कि जिला चंबा की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसमें जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी चुने जाएंगे। भारद्वाज ने सभी गद्दी शब्द से वंचित उपजातियों के सदस्यों से अपील की है कि वे इस बैठक में अपनी अनिवार्य उपस्थिति दर्ज करवाएं, ताकि संगठन की ताकत और संकल्प दोनों को मजबूती मिल सके।

### कैंपस इंटरव्यू 14 को, 100 पदों पर होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा द्वारा एक महत्वपूर्ण कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिष्ठित निजी कंपनी जेड्रेइट एसआर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा (उत्तर प्रदेश) द्वारा कुल 100 पदों को भरा जाएगा। यह इंटरव्यू 14 मई को मॉडल करियर सेंटर, जिला रोजगार कार्यालय, चंबा में आयोजित किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को चंडीगढ़ में नियुक्ति दी जाएगी। पिकर, पैकर पदों पर भर्ती की जाएगी, इसमें शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास, आयु सीमा 18 से 32 वर्ष रखी गई है। इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं रोजगार कार्यालय से प्राप्त प्रमाण पत्र के साथ सुबह 10:00 बजे निर्धारित स्थल पर पहुंचें।

# मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों को जल्द भरें : डीसी

## कहा– स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक सुलभ रूप में पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता

**आरके सहगल, चंबा**



चंबा में समीक्षा बैठक में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल मेडिकल कॉलेज व चंबा अस्पताल की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए।

**चंबा** के नागरिकों के लिए एक सशक्त और बेहतर स्वास्थ्य प्रणाली की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय चंबा में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मेडिकल कॉलेज व अस्पताल चंबा की व्यवस्थाओं, निर्माण कार्यों और स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर गहन चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की।

बैठक में मेडिकल कॉलेज चंबा में व्यवस्थागत सुधार, लंबित पदों की शीघ्र भरपाई, निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने, चिकित्सकों के लिए टाइप-5 और टाइप-6 श्रेणी के आधुनिक आवासों के निर्माण, अस्पताल भवन की मरम्मत और रखरखाव जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन सभी पहलुओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित करने के लिए ठोस निर्णय लिए गए, जिससे आने वाले समय में चंबा की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ बन सकें।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों को जल्द भरा जाए और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक सुलभ और प्रभावी रूप में पहुंचाना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा, एसी टू डीसी पृथ्वी पाल सिंह, मेडिकल कॉलेज चंबा के प्रधानाचार्य डॉ. पंकज गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जालम सिंह भारद्वाज, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार, जल शक्ति विभाग के जितेंद्र कुमार तथा विद्युत विभाग के प्रवेश कुमार सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# जिला प्रशासन ने सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां की रद्द

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न हालिया स्थिति के मद्देनजर चंबा जिला प्रशासन ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए जिले के सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। यह आदेश जिला दंडाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष, मुकेश रेपसवाल द्वारा जारी किया गया है।

यह आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34 के तहत जारी किया गया है और इसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों को पुख्ता बनाना, विभागीय समन्वय को मजबूत करना तथा जनसेवाओं में किसी प्रकार की बाधा को रोकना है।

यह आदेश जिला पुलिस अधीक्षक, वन संरक्षक, उपमंडल अधिकारी, होमगार्ड कमांडेंट, पीडब्ल्यूडी, जल शक्ति, विद्युत बोर्ड, स्वास्थ्य, पंचायत, परिवहन, आयुर्वेद, अग्निशमन, नगरपालिका तथा अन्य संबंधित विभागों को भेजा गया है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम जनहित, आपातकालीन प्रबंधन और जिला प्रशासन की प्रभावी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे इस आदेश का तत्काल प्रसार करें और इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। कोई भी अधिकारी/कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। खासतौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में ही मौजूद रहेंगे।

# अफवाहों से बचें व प्रशासन के निर्देशों का करें पालन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भारत-पाकिस्तान** के बीच जारी तनावपूर्ण हालातों के मद्देनज़र पुलिस अधीक्षक कार्यालय चंबा की ओर से जिला पुलिस चंबा ने एक महत्वपूर्ण चेतावनी और अपील जारी की है। इसमें समस्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों, उप-प्रधानों, सदस्यों और पंचायत सचिवों को युद्ध संभावित स्थिति को देखते हुए अपनी-अपनी पंचायतों में सतर्कता और ब्लैकआउट की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार, जिले के सभी थाना और पुलिस चौकी प्रभारियों को पहले ही आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। किसी भी तरह की सहायता या सूचना के लिए लोग चंबा पुलिस कंट्रोल रूम नंबर +91-9418867360 पर संपर्क कर सकते हैं।

चंबा पुलिस ने आम नागरिकों को एक-एक मेडिकल किट अपने घरों में तैयार रखने को कहा है। इसमें जरूरी दवाइयां, कुछ कपड़े, टॉर्च, पीने का पानी, नकद राशि, अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हो।

### इन बातों का रखें ध्यान

1. रात के समय घरों की लाइटें बंद रखें और सोलर लाइट्स के कनेक्शन काटें या उन्हें काले कपड़े से ढक दें ताकि इलाके में पूर्ण ब्लैक आउट सुनिश्चित हो सके।
2. किसी भी बाहरी व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या चंबा कंट्रोल रूम को दी जाए।
3. महत्वपूर्ण इमारतों या संस्थानों से जुड़ी कोई भी जानकारी अनजान व्यक्तियों के साथ साझा न करें।

## डलहौजी में संभावित खतरों से निपटने के लिए रणनीति पर चर्चा

# पठानकोट हमले के बाद डलहौजी प्रशासन सतर्क

**सुभाष महाजन, डलहौजी**

**भारत-पाकिस्तान** के बीच बढ़ते तनाव और पठानकोट पर पाकिस्तानी गोलाबारी की घटना के बाद डलहौजी प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वायु सेना, थल सेना, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम अनिल भारद्वाज ने बताया कि पठानकोट में हुए पाकिस्तानी हमले के बाद डलहौजी में भी ड्रोन देखे जाने की आशंका जताई गई है। चूंकि डलहौजी पठानकोट के बेहद समीप है, ऐसे में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। इसी संदर्भ में बैठक में संभावित खतरों और उनसे निपटने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यदि स्थिति गंभीर होती है तो डलहौजी में ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी और इसकी सूचना सोशल मीडिया व प्रेस के माध्यम से समय रहते लोगों तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे ब्लैकआउट के दौरान सभी निर्देशों का सख्ती से पालन करें, क्योंकि एक घर की रोशनी पूरे क्षेत्र को खतरे में डाल सकती है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि डलहौजी में पहले से मौजूद व आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पर्यटकों और स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे ब्लैकआउट के समय अनावश्यक रूप से वाहनों का प्रयोग न करें। (अनंत ज्ञान)

# डलहौजी छावनी में हाई अलर्ट

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आतंकी हमले के मद्देनजर डलहौजी छावनी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत किया गया है। स्टेशन मुख्यालय डलहौजी द्वारा जारी परामर्श पत्र के अनुसार छावनी परिषद ने कड़े सुरक्षा प्रावधान लागू कर दिए हैं, जिनका उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा सुनिश्चित करना है। रात 8:00 बजे के बाद अनावश्यक रूप से बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। बाहर निकलने की स्थिति में वैध पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा। इसके अलावा पूर्ण ब्लैकआउट की स्थिति में सभी नागरिक घर की लाइटें, इनवर्टर और जनरेटर बंद रखें। सायरन बजने पर खिड़की-दरवाज़ों से दूर रहें। डलहौज़ी कैंट के मुख्य अधिशाषी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह वक्त संयम और सहयोग का है।

# आपातकालीन परिस्थिति में देश सेवा के लिए रहेंगे तत्पर : नीलम

**आरके सहगल, चंबा**



डॉ. नीलम कुमारी

**वर्तमान** में देश में उत्पन्न संवेदनशील हालातों के बीच जिला चंबा से एक सशक्त और प्रेरणादायक संदेश सामने आया है। जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने अपने वक्तव्य में संकल्प लिया है कि इस संकट की घड़ी में वे और समस्त पंचायत प्रतिनिधि, जिला प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

डॉ. नीलम ने कहा कि ऐसे विकट समय में हम सभी पंचायत प्रतिनिधि देश और जिला प्रशासन के साथ हर मोर्चे पर खड़े हैं। उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, डिजास्टर मैनेजमेंट टीम और सभी सुरक्षा विभागों को हम आश्वस्त करते हैं कि जब भी हमारी आवश्यकता हो, हमें केवल आवाज दें 'हम सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं।' डॉ. नीलम न केवल एक जनप्रतिनिधि हैं, बल्कि एक एनसीसी कैडेट भी रह चुकी हैं। उन्होंने अपने संदेश में यह भी कहा कि यदि स्थिति आपातकालीन बनती है तो वे और उनके साथी स्वेच्छा से (वॉलंटियरली) सेवाएं देने को तैयार हैं। उनकी यह पहल न केवल प्रशासन के प्रति सहयोग की भावना को दर्शाती है, बल्कि युवाओं और जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण है।

डॉ. नीलम की देशभक्ति, संवेदनशीलता और नेतृत्व भावना वास्तव में प्रशंसनीय है। उनका यह सशक्त संदेश न केवल चंबा बल्कि पूरे प्रदेश में एक प्रेरणा बनेगा।

## अरुण धूमल का निर्णय प्रशंसनीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** आईपीएल 2025 के दौरान धर्मशाला में प्रस्तावित मैच को स्थगित करने का निर्णय लेना आसान नहीं था, लेकिन आईपीएल अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने जिस समझदारी, दूरदर्शिता और ज़िम्मेदारी के साथ यह निर्णय लिया, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने सुरक्षा, क्षेत्रीय भावनाओं और खेल की गरिमा को सर्वोपरि रखते हुए यह कदम उठाया। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने अरुण धूमल के इस फैसले की खुले दिल से प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि अरुण धूमल ने यह सिद्ध कर दिया कि जब बात राष्ट्र हित की हो, तो कोई भी निर्णय कठिन नहीं होता। उनका नेतृत्व आज देशभर में चर्चा का विषय है। सोशल मीडिया पर जनता और क्रिकेट प्रेमियों द्वारा भी इस फैसले की प्रशंसा की जा रही है।

# सरकाघाट विद्युत मंडल में 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' का शुभारंभ

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के विद्युत मंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत इस मंडल के 550 घरों की छतों पर सोलर पैनल वाली विद्युत इकाइयां 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

योजना के प्रमुख लाभ जिनमें उत्पादन क्षमता, 1 केडब्ल्यूपी सोलर इकाई से हर महीने औसतन 100 यूनिट बिजली का उत्पादन, 2 केडब्ल्यूपी से 200 यूनिट और 3 केडब्ल्यूपी से 300 यूनिट तक बिजली उत्पादन की संभावना है। सब्सिडी की सुविधा जिसमें 1 केडब्ल्यूपी इकाई पर 33 हजार रुपए तक की सब्सिडी, 2 केडब्ल्यूपी इकाई पर 66 हजार तक की सब्सिडी, 3 केडब्ल्यूपी इकाई पर अधिकतम 85 हजार रुपए तक की सब्सिडी का प्रावधान है। (अनंत ज्ञान)

### अतिरिक्त आय का मौका



जैसे उत्पादित अतिरिक्त बिजली हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड को पूर्व निर्धारित दरों पर बेचकर अतिरिक्त आमदनी का अवसर है। मासिक बिजली बिल में राहत जैसे सोलर इकाइयों से उत्पादित बिजली उपभोक्ताओं के मासिक बिजली बिलों में उल्लेखनीय कमी लाएगी। इस योजना का लाभ उठाने के इच्छुक उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत उपमंडल से संपर्क कर सकते हैं या योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सूडोकु नवताल- 7426

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7425 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## पाक कार्रवाई के लिए श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भी तैयार

**विनोद, नेरचौक।** भारत देश की आतंकवाद के खिलाफ छिड़ी जंग में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नेर चौक अपनी सेवाओ के लिए तैयार खड़ी है श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार सरदारा सिंह ने बताया कि जब भी देश में कोई आपात स्थिति आती है तो गुरुद्वारा संगत पुरी लगन व तन मन धन से सेवा में जुट जाती है इस बार भी वह देश के शौर्य प्रदर्शन को देखते हुए भारत सरकार की हर सहायता करने के लिए तैयार है उन्होंने बताया कि



स्थानीय प्रशासन की आग्रह पर उन्होंने गुरुद्वारा नेरचौक गुरुकोठा और रिवालसर में हुटर लगा दिए हैं ताकि आपात स्थिति होने पर लोगों को सचेत किया जा सके इसी के साथ गुरुद्वारा नेरचौक और गुरुकोठा को रिलीफ कैंप बनाने की औपचारिकताएं भी पूर्ण कर ली गई है। सरदारा सिंह ने कहा कि कोरोना जैसी स्थिति में भी गुरु सिंह सभा की संगत ने पूर्ण सहयोग स्थानीय प्रशासन और सरकार का किया था इसी प्रकार अब आतंकवाद के खिलाफ भारत की इस कार्यवाही में भी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और पुरी संगत हर सेवा उपलब्ध करवाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 10 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :** 1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** त्रयोदशी (05:32): **नक्षत्र** चित्रा (03:15), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** सिद्धि (03:59) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44)। **राहुकाल** (08:55-10:36)।

### विशेष दिन

- 10 मई 2025: राष्ट्रीय सफाई दिवस आज।
- 11 मई 2025: नृसिंह चौदस कल।

**मेष:** कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**वृषभ:** बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**मिथुन:** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कर्क:** खान-पान में सावधानी रखें। शत्रुभय, ढ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**सिंह:** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर होगी।

**कन्या:** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**तुला:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

**वृश्चिक:** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**धनु:** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर कर लें।

**मकर:** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कुंभ:** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मीन:** अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रमेहड़
विकास खण्ड भवारना, डाकघर, भवारना, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा, हि.प्र.

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत रमेहड़ विकास खंड भवारना में वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।
1. क्रैशर बजरी, क्रैशर सैंड, प्रति सीएफटी, गटका 4एमएम व 60एमएम प्रति सीएफटी,
कट स्टोन-पति पत्थर, ईंट अब्बल व दोयम प्रति ईंट, शटरिंग प्रति सीएफटी, सीमेंट ढुलाई सोयायटी स्टोर से कार्य स्थल तक प्रति बैग, कंक्रीट बोर्ड, वाल पेंटिंग 2x3 व 4x3 व सीमेंट बैंच, वाटर कूलर 40,80 लीटर, टंकी व फिटिंग सहित।
**नियम व शर्तें:-** 1. इच्छुक सप्लायर अपनी कुटेशन दिनांक 22/5/2025 तक डाक द्वारा या स्वयं जमा करवा सकते हैं। 2. सामग्री के रेट बिना जीएसटी के होने चाहिए जीएसटी अलग से देय होगा। 3. बैंडर के पास स्वयं का जीएसटी नं. होना चाहिए। 4. आधी अधूरी व अपनी मर्जी से लिखी हुई कुटेश को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। 5. कुटेशन दिनांक 23-05-2025 को पंचायत पधाधिकारियों व आपूतिकर्ता के समक्ष 11-00 बजे खोली जाएगी।
**नोट:-** सप्लायर ग्राम पचायत में सामग्री देगा सामग्री के बिल के साथ x व फार्म Y देना अनिवार्य होगा।
**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत रमेहड़**
**विकास खण्ड भवारना, डाकघर, भवारना, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा, हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चलहोग, विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी (हि.प्र.)

### सूचना

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत चलहोग में वर्ष 2025-26 के लिए सामग्री की निविदाये मांगी जा रही है जो भी सप्लायर अपनी निविदा ग्राम पंचायत चलहोग में देना चाहता हैं वह दिनांक 16 मई 2025 तक सुबह 11 बजे तक अपनी निविदा पंचायत कार्यलय में जमा करवा सकता है उसी दिन 1 बजे पंचायत कार्यकारिणी द्वारा निविदा को खोला जायेगा।
**सामग्री का विवरण नीचे निम्नलिखित है।**
रेता- प्रति क्यूबिक मीटर
बजरी - प्रति क्यूबिक मीटर
बोल्डर - प्रति क्यूबिक मीटर
ईट - प्रति ईट
शटरिंग -प्रति स्केयर मीटर / रन मीटर
जेसीबी मशीन - प्रति घंटा
बोर्ड - प्रति बोर्ड
सीमेंट ढुलाई- प्रति बैग
**नियम व शर्तें:-** 1 सप्लायर के पास अपना जीएसटी / टिन नं. होना चाहिए 2 सप्लायर के पास जीएसटी /टिन नं. व गाड़ी के सभी कागज सप्लायर के नाम होने चाहिए। 3 सप्लायर को मु. 20000 रूपये की राशी अग्रिम धनराशी के रूप में जमा करवानी होंगी। 4 यदि सप्लायर समय पर सामग्री की सप्लाई व सामग्री की गुणवता सही नहीं पाई जाने पर व सामग्री बराबर होने की स्थिति में अंतिम निर्णय पंचायत कार्यकारिणी का होगा।
**प्रधान/सचिव, कार्यलय ग्राम पंचायत चलहोग**
**विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सन्हूं
विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव, तहसील थुरल, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत सन्हूं द्वारा वित्त वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए क्रशर रेत, क्रशर बजरी, 10,20,40,63,90 एमएम-प्रति घन फुट, टूटा पत्थर-प्रति पत्थर, शटरिंग (लोहे की, लकड़ी)-प्रति घन फुट, मिक्चर, साईन बोर्ड, ईट (दोयम, अब्बल), सीमेंट ढुलाई थुरल से सन्हूं तक निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. आपूर्ति करने वाले के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है 2. सामग्री के एम फार्म लेने अनिवार्य होंगे। एम फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री की कोई अदायगी नहीं की जाएगी। 3. यदि आपूर्तिकर्ता समय पर सप्लाई नहीं करता है या निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सही न होने की स्थिति में निविदाएं रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 4. दो या दो से अधिक फर्मों की दरें एक समान होने पर अंतिम फैसला कमेटी का होगा। 5. निविदएं 21.05.25 तक बंद लिफाफे में उपरांत 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में पहुंच जानी चाहिए। जिन्हें दिनांक 22.05.25 को पूर्वाहन 11 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में कमेटी के समक्ष खोला जाएगा, जिसमें आवेदनकर्ता का उपस्थित होना अनिवार्य होगा। 6. जिसकी निविदा पास होगी उसे ग्राम पंचायत में पास मु. 10000 रू. की राशि सिक्योरिटी के रूप में जमा करवानी होगी।
**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सन्हूं**
**तहसील थुरल, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत साम्बा
विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साम्बा विकास खण्ड सुलह जिला कांगड़ा (हि0प्र) पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे संपरीक्षा सकर्य कराधान और भते) नियम 2002 के नियम 67(5) का तथा ख के अंतर्गत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 15 वां वितायोग, मनरेगा व अन्य समस्त मदों के विकास कार्यो की सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित करती है अतः फार्मा विक्रेताओं से अनुरोध है कि वह निम्नलिखित अनुसार अपनी निविदा भाकर दिनाक 18-05-2025 को सायं 3 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत साम्बा में जमा करवाएं। निविदा डाक द्वारा भी दी जा सकती है। निविदा दिनाक 20-05-2025 को समय 11 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत साम्बा में समिति (कमेटी) के समक्ष खोली जाएगी, अतः निविदा धारक को निर्धारित समय व स्थान पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। अतः यह भी सूचित किया जाता है कि फर्म विक्रेता का जी.एस.टी. नंबर होना अनिवार्य है, सभी विक्रेता अपने आधार नम्बर पेन टेन की प्रति साथ में संलग्न करें, क्रय की जानी वाली सामग्री का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:-
**सामग्री का विवरण:-**1 रेता क्रशर (घुला हुआ)-प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर (धुली हुई 10,20,40)-प्रति घन मीटर, 3. बजरा/सोलिंग क्रशर-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर सोलिंग -प्रति फुट, 5.शटरिंग (स्टील टिम्बर)-प्रति वर्ग फुट, 6. ईट (अब्बल, दोयम) -प्रति हजार, 7. इन्टरलोकिंग टाइल (40,60,80) - प्रति टाइल फिटिंग सहित वर्ग मीटर, 8. पानी का टैंक - प्रति एक दिन रेट सहित, 9. लोकल रेता, लोकल बजरी -प्रति घन मीटर, 10. टूटा पत्थर-प्रति हजार/प्रति सौ दर,11.जेसीबी-प्रति घंटा, 12. सीमेंट ढुलाई -प्रति बैग, **शर्तें:-** निविदाए निम्न नियमों एवं शर्तो के आधार पर ही मान्य होंगी :- 1. फर्म विक्रेता का जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। 2 ओवर राइटिंग /कटिंग बाली निविदा मान्य नहीं होगी। कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी। 3. समय पर सामग्री उपलब्ध न होने की दशा में व् सामग्री की गुणवत्ता न होने की स्थिति में निविदा रद्द करने की शक्ति पंचायत के पास होगी उसके लिए कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। 4.निविदा धारक एम् फार्म बिल प्रति के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अदायगी उसके उपरांत ही कि जाएगी। 5. निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार्य होगी। 6 स्लायर वेंडर की अदायगी मूल्यांकन होने के उपरांत की जाएगी। **नोट:-** जिस सप्लायर वेंडर की करवानी होगी। जो पंचायत निधि में जमा की जाएगी। की निविदा स्वीकार होगी उसे मव 25000/ (पचीस हजार रूपये) धरोहर राशी पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होगी। जो पंचायत निधि में जमा की जाएगी।
**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत साम्बा**
**विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जमुला
विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जमुला विकास खण्ड सुलह जिला कांगड़ा (हि0प्र) पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे संपरीक्षा सकर्य कराधान और भते) नियम 2002 के नियम 67(5) का तथा ख के अंतर्गत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 15 वां वितायोग, मनरेगा व अन्य समस्त मदों के विकास कार्यो की सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित करती है अतः फार्मा विक्रेताओं से अनुरोध है कि वह निम्नलिखित अनुसार अपनी निविदा भाकर दिनाक 18-05-2025 को सायं 3 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत जमुला में जमा करवाएं। निविदा डाक द्वारा भी दी जा सकती है। निविदा दिनाक 19-05-2025 को समय 11 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत जमुला में समिति (कमेटी) के समक्ष खोली जाएगी, अतः निविदा धारक को निर्धारित समय व स्थान पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। अतः यह भी सूचित किया जाता है कि फर्म विक्रेता का जी.एस.टी. नंबर होना अनिवार्य है, सभी विक्रेता अपने आधार नम्बर पेन टेन की प्रति साथ में संलग्न करें, क्रय की जानी वाली सामग्री का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:-
**सामग्री का विवरण:-**1 रेता क्रशर (घुला हुआ)-प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर (धुली हुई 10,20,40)-प्रति घन मीटर, 3. बजरा/सोलिंग क्रशर-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर सोलिंग -प्रति फुट, 5.शटरिंग (स्टील टिम्बर)-प्रति वर्ग फुट, 6. ईट (अब्बल, दोयम) -प्रति हजार, 7. इन्टरलोकिंग टाइल (40,60,80) - प्रति टाइल फिटिंग सहित वर्ग मीटर, 8. पानी का टैंक - प्रति एक दिन रेट सहित, 9. लोकल रेता, लोकल बजरी -प्रति घन मीटर, 10. टूटा पत्थर-प्रति हजार/प्रति सौ दर,11.जेसीबी-प्रति घंटा, 12. सीमेंट ढुलाई -प्रति बैग, **शर्तें:-** निविदाए निम्न नियमों एवं शर्तो के आधार पर ही मान्य होंगी :- 1. फर्म विक्रेता का जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। 2 ओवर राइटिंग /कटिंग बाली निविदा मान्य नहीं होगी। कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी। 3. समय पर सामग्री उपलब्ध न होने की दशा में व् सामग्री की गुणवत्ता न होने की स्थिति में निविदा रद्द करने की शक्ति पंचायत के पास होगी उसके लिए कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। 4.निविदा धारक एम् फार्म बिल प्रति के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अदायगी उसके उपरांत ही कि जाएगी। 5. निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार्य होगी। 6 स्लायर वेंडर की अदायगी मूल्यांकन होने के उपरांत की जाएगी। **नोट:-** जिस सप्लायर वेंडर की करवानी होगी। जो पंचायत निधि में जमा की जाएगी। की निविदा स्वीकार होगी उसे मव 25000/ (पचीस हजार रूपये) धरोहर राशी पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होगी। जो पंचायत निधि में जमा की जाएगी।
**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत जमुला**
**विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

'एक व्यक्ति किसी विचार के लिए मर सकता है, लेकिन वह विचार उसकी मृत्यु के बाद हजारों लोगों के जीवन में अवतरित होगा। - सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

# राष्ट्रहित सर्वोपरि

रक्षा मंत्रालय ने टीवी टैनलों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भारत-पाक युद्ध के दौरान की जा रही कार्रवाई की लाइव कवरेज पर रोक लगाकर बहुत बढ़िया कदम उठाया है। ऐसे संवेदनशील मसलों में कभी भी लाइव रिपोर्टिंग नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इसका फायदा हमेशा दुश्मन देश को ही मिलता है। वह अपने बचने का तरीका ढूंढ लेता है और नई रणनीति के तहत हमें ही नुक्सान पहुंचाएगा। निश्चित रूप से यह कदम न केवल समयोचित है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक था। युद्ध जैसी स्थितियों में मीडिया की भूमिका बेहद जिम्मेदारी वाली होनी चाहिए, क्योंकि एक भी गलत रिपोर्ट या असावधानी से की गई लाइव कवरेज देश को भारी नुकसान पहुंचा सकती है।

युद्ध केवल सीमा पर लड़ी जाने वाली लड़ाई नहीं होती, बल्कि यह एक समग्र रणनीतिक प्रयास होता है जिसमें सैन्य शक्ति, कूटनीति, साइबर सुरक्षा, और मनोवैज्ञानिक युद्ध जैसी अनेक शाखाएं सम्मिलित होती हैं। ऐसे समय में मीडिया की भूमिका सूचना देने के साथ-साथ जनमानस को एकजुट करने की होती है, परंतु जब मीडिया लाइव रिपोर्टिंग के माध्यम से दुश्मन को हमारे सैन्य मूवमेंट्स, रणनीति, हथियारों की तैनाती या सैनिकों की स्थिति की जानकारी दे देता है, तो यह देश के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। अगर कोई टीवी चैनल यह दिखाता है कि किस इलाके में सेना कितनी संख्या में तैनात है या कहां पर हमला हुआ है और उसके बाद क्या कार्रवाई की जा रही है, तो दुश्मन तुरंत अपने बचाव की योजना बना सकता है। इसके साथ ही, वह भारत की रणनीति को भांप कर पलटवार की तैयारी भी कर सकता है। ऐसे में लाइव रिपोर्टिंग अनजाने में दुश्मन को हमारी अंदरूनी जानकारी सौंपने के बराबर है।

रक्षा मंत्रालय का यह निर्णय कि युद्धकालीन स्थितियों में मीडिया की ओर से लाइव कवरेज पर रोक होनी चाहिए, यह स्पष्ट करता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा नहीं है। मीडिया को यह समझना चाहिए कि उनका कर्तव्य सिर्फ समाचार देना नहीं है, बल्कि उस समाचार की प्रकृति और समय की संवेदनशीलता को भी ध्यान में रखना है। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों की सुरक्षा और रणनीति को गोपनीय रखना प्रत्येक नागरिक, और विशेषकर मीडिया संस्थानों की जिम्मेदारी है। दुनिया के कई विकसित देशों में भी युद्धकालीन रिपोर्टिंग के सख्त नियम होते हैं। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में जब सैन्य कार्रवाई होती है, तो पत्रकारों को सेना के साथ सीमित और नियंत्रित रूप से ही रिपोर्टिंग की अनुमति दी जाती है। उन्हें पहले से बता दिया जाता है कि किन सूचनाओं को साझा करना है और किन्हें नहीं। अगर वे नियमों का उल्लंघन करते हैं, तो सख्त दंड भी दिया जाता है।

भारत को भी ऐसी ही एक सशक्त मीडिया नीति बनानी चाहिए, जो युद्ध या आपातकालीन स्थितियों में स्वत: लागू हो जाए। आज का युग डिजिटल मीडिया का है, जहां हर व्यक्ति अपने फोन से रिपोर्टर बन गया है। ऐसे में सिर्फ टीवी चैनलों को नियंत्रित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी सख्त निगरानी और नियंत्रण आवश्यक है। युद्ध के दौरान किसी नागरिक द्वारा किसी सैन्य गतिविधि की फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करना, नासमझी में किया गया ऐसा कदम हो सकता है जो दुश्मन को हमारे खिलाफ रणनीति बनाने में मदद दे। रक्षा मंत्रालय को चाहिए कि वह सोशल मीडिया कंपनियों के साथ मिलकर एक ऐसी प्रणाली बनाए, जिसमें युद्धकाल के दौरान संदिग्ध या संवेदनशील सामग्री को तुरंत हटाया जा सके और ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति का अधिकार लोकतंत्र की नींव है, लेकिन जब बात राष्ट्र की अखंडता और सुरक्षा की हो, तो ऐसे अधिकारों पर अस्थायी नियंत्रण स्वीकार्य होता है।

यह नियंत्रण स्थायी नहीं, बल्कि परिस्थिति-जन्य है। मीडिया को चाहिए कि वह इस नियंत्रण को सेंसरशिप न समझे, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाए। युद्ध की स्थिति में देश को एकजुट करने, सही जानकारी पहुंचाने और अफवाहों को रोकने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होता है बशर्ते वह संयमित और संवेदनशील तरीके से कार्य करे। रक्षा मंत्रालय की ओर से युद्धकाल में लाइव कवरेज पर रोक लगाने का निर्णय एक दूरदर्शी और साहसिक कदम है। यह निर्णय न केवल सेना की सुरक्षा के लिए जरूरी है, बल्कि आम नागरिकों को भी इस बात की याद दिलाता है कि देश की सुरक्षा में उनका भी योगदान है-चाहे वह एक सामान्य नागरिक हो या मीडिया संस्थान। लाइव कवरेज की आड़ में यदि हम अनजाने में दुश्मन की मदद कर रहे हैं, तो यह हमारी भूल नहीं, बल्कि अपराध के समान है। इसलिए, हमें इस निर्णय का स्वागत करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि युद्ध जैसी परिस्थितियों में राष्ट्रहित सर्वोपरि रहे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


### परमवीर चक्र विजेता

**ग्रेनेडियर** योगेंद्र सिंह यादव परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय व्यक्ति है। इन्हें यह सम्मान सन 1999 में मिला। युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन के छक्के छुड़ाते हुए अपने प्राणों की बलि देने वाले जवानों की सूची बड़ी लंबी है, जिन्होंने राष्ट्र की उत्कृष्ट शौर्य परंपरा को जीवंत किया। कारगिल युद्ध के बाद भारतीय सेना के चार शूरवीरों को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। उन्हीं में एक ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव भी हैं। सबसे कम मात्र 19 वर्ष की आयु में 'परमवीर चक्र' प्राप्त करने वाले इस वीर योद्धा योगेंद्र सिंह यादव का जन्म



ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव
जन्म : 10 मई, 1980

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जनपद के औरंगाबाद अहीर गांव में हुआ था। 27 दिसंबर, 1996 को सेना की 18 ग्रेनेडियर बटालियन में भर्ती हुए योगेंद्र सिंह यादव की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी सेना की ही रही है, जिसके चलते वो इस ओर तत्पर हुए। मई-जुलाई 1999 में हुई भारत और पाकिस्तान की कारगिल की लड़ाई वैसे तो हमेशा की तरह, भारत की विजय के साथ खत्म हुई, लेकिन उसे बहुत अर्थों में एक विशिष्ट युद्ध कहा जा सकता है। एक तो यह कि, यह लड़ाई पाकिस्तान की कुटिल छवि को एक बार फिर सामने लाने वाली कही जा सकती है। पाकिस्तान इस लड़ाई की योजना के साथ कई वर्षों से जांच परख भरी तैयारी कर रहा था, भले ही ऊपरी तौर पर वह खुद को शांति वाहक बताने से भी चूक नहीं रहा था। दूसरी ओर, यह लड़ाई बेहद कठिन मोर्चे पर लड़ी गई थी। तंग संकरी पगडंडी जैसे पथरीले रास्ते, और बर्फ से ढकी पहाड़ की चोटियां। यह ऐसे माहौल की लड़ाई थी, जिसकी हमारे सैनिक सामान्यत: उम्मीद नहीं कर सकते थे, दूसरी तरफ, पाकिस्तान के सैनिकों को इस दुश्वार जगह युद्ध का अध्यान न जाने कब से दिलाया जा रहा था। ■



कविता

### अगर किसी ने आंख उठाई

*कैप्टन( डॉ. )जय महलवाल, बिलासपुर*

*न गोला चाहिए,*
*न बारूद चाहिए,*
*हम हैं चैनों-अमन के पुजारी,*
*हमको तो सारे विश्व में शांति चाहिए।*
*न किसी की जमीन चाहिए,*
*न किसी का जमीर चाहिए,*
*जो देखेगा हमारे देश की ओर गंदी नजर से,*
*वो हमें निस्तेनाबूद चाहिए।*
*न हमको किसी की झूठी सहानुभूति चाहिए,*
*न हमको किसी के प्राणों की आहुति चाहिए,*
*अगर किसी ने आंख उठाई हमारे देश पर,*
*हमको उनकी नोची हुई आंख चाहिए।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारतीय सेना का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से यह साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं, बल्कि आतंक के सभी प्रारूपों और स्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई, बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे, बल्कि आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे।



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था।

यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा, बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी



भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं, बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।

भारत ने यह कार्रवाई अचानक नहीं की बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिए भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पीओके में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो।

इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं, बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। अब पाकिस्तान को भली-भांति समझ लेना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर तो केवल शुरुआत है। अब हर आतंकी ठिकाने के लिए भारत के पास ऐसा जवाब है, जो न केवल आतंकियों के ठिकानों बल्कि समूचे पाकिस्तान का नाम ही विश्व के मानचित्र से गायब कर सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# क्या सच में महिलाओं को आरक्षण की आवश्यकता है?

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों में लगभग सर्वसम्मति से साथ हुआ था, जिस के अंतर्गत महिलाओं के राजनीति प्रतिनिधित्व को बढ़ावा मिलेगा तथा लोकसभा, विधान सभाओं में कुल सीटों का एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा।



लेखक: कुमार उमेश
पूर्व डीजीएम एनएचपीसी

इस अधिनियम का उदेश्य महिलाओं को राजनीतिक प्रक्रिया में अधिक सक्रिय रूप में शामिल करना तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देना हैं। यह विधेयक 2026 के बाद होने वाली जनगणना उपरांत जब परिसीमन किया जाएगा, तब से लागू होगा। क्या सच में महिलाओं को आरक्षण की आवश्यकता है या वे इतनी सक्षम हैं कि अपना स्थान स्वयं बना सकती हैं। इसी विषय पर हल्के फुल्के अंदाज में मेरे मस्तिष्क में बहस छिड़ी हुई है। पिछले दिनों हमारे कस्बे के मंदिर में भागवत पुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा था। मुझे भी इस पावन कथा को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हाल में प्रवेश करते ही मैंने पाया कि उपस्थित संगत में लगभग 120 महिलाएं थी और पुरुषों की गिनती कथावाचक और उन के सहयोगियों को मिला कर मुश्किल से 12 थी, यानि 90 प्रतिशत महिलाएं अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति से अल्पसंख्यक पुरुषों को उन के बेचारेपन का एहसास करवा रही थी। पुरुषों के लिए आरक्षित स्थान पर भी महिलाओं ने कब्जा किया हुआ था। अपने संख्याबल को देखते हुए उपस्थित पुरुष भक्तों ने पानी पिलाना, दरिया बिछाना और प्रसाद बांटने में ही अपना भला समझा।

मन में यह विचार भी आ रहा था कि शायद स्वर्ग में भी यही स्थिति होने वाली हैं, क्योंकि भागवत श्रवण का पूरा पुण्य तो महिलाएं ले जाएंगी। पुरुषों को वहां भी संघर्ष करना पड़ेगा। नि:संदेह महिलाएं धर्म भीरु होती हैं, इसलिए पूजा पाठ, व्रत त्योहार, कथा कीर्तन में सब से आगे रहती हैं। अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षा और खुशहाली के



लिए कुछ भी करने को हमेशा तत्पर रहती हैं। पति की लंबी आयु के लिए तीज और करवाचौथ का व्रत, बच्चों के लिए अहोई अष्टमी और छठ पूजा का व्रत, पूरे परिवार हेतु निर्जला एकादशी और वैभव लक्ष्मी व्रत जैसे उपवास रखने की क्षमता केवल महिलाओं में ही होती हैं।

मैं सोच रहा था कि इस के विपरीत पत्नी की लंबी आयु के लिए यदि पुरुषों को करवाचौथ जैसा कठिन व्रत रखना पड़ जाए, तो शायद पतियों की बड़ी संख्या पत्नी विहीन हो जाएगी, क्योंकि चांद निकलने तक का इंतजार पुरुष शायद ही कर पाएं। तो स्थिति स्पष्ट हैं कि धार्मिक कार्यों में तो महिलाओं को आरक्षण की आवश्यकता बिलकुल नहीं। उल्टे पुरुषों को अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। अब बात करते हैं खरीददारी की।

भारत के किसी भी कोने में चले जाइए, मार्केट में खरीददारी करती अधिकतर महिलाएं ही दिखेंगी। कपड़ों से लेकर जूतों तक की दुकानों में महिलाओं का ही बोलबाला रहता हैं। सैलून से ले कर ब्यूटी पार्लर महिलाओं से भरे मिलते हैं। आभूषण की दुकानें हमेशा महिलाओं के इंतजार में रहती हैं। आजकल तो रेस्तरां वाले भी किट्टी पार्टी के आयोजन को अधिक प्राथमिकता देते हैं। गांव के मेलों में जहां पुरुष कुश्ती का आनंद लेने में मस्त रहते हैं वहीं महिलाएं दुकानदारों से मोल भाव करने में व्यस्त रहती हैं। आप किसी भी मॉल में चले जाएं। यदि किसी कपड़े के ब्रांड के पास तीन फ्लोर हैं तो एक फ्लोर में बच्चों और पुरुषों के कपड़े होंगे, बाकी के दो फ्लोर आदरणीय महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। यदि पति-पत्नी वहां खरीददारी के लिए जाएं तो पति-देव एक आध जीन पेंट और कमीज लेकर दस मिनट में निपट जाएंगे, क्योंकि हम परुषों के पास अधिक च्वाइस होती ही नहीं। जीनस पेंट में दो ही कलर मिलते हैं, गहरा नीला या हल्का नीला।

कहीं-कहीं काले रंग की जीनस भी मिल जाती है। इसी तरह विभिन राज्यों की विधान सभाओं में भी महिला विधायकों की संख्या में आशातीत बढ़ोतरी होगी। आइये तब तक इंतजार करें और बदले हुए माहौल की परिकल्पना के सुखद पहलुओं का एहसास करें और अंत में पत्नी पूछ रही है कि नारी शक्ति बंदन विधेयक से मुझे क्या फायदा होगा, मैने कहा हो सकता है परिवार में 33 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए मुझे एक पत्नी और लानी पड़े।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**जम्मू**-कश्मीर के पहलगाम हमले के उपरांत पाकिस्तान को भारतीय सेना ने कड़ा सबक सिखा दिया है। इस वक्त सभी राजनीतिक दलों को एकजुटता दिखानी होगी, ताकि हर रोज मौत के तांडव से बचा जा सके। क्या हरियाली थी, परंतु दरिंदगी करने वाले आतंकियों को तनिक दर्द नहीं आया कि नई नवेली दुल्हन के सामने उसके पति को मौत के घाट उतार दिया, बच्चों के सामने बाप को मारना, इससे बड़ा काफिर कौन हो सकता है? पत्नियों के विवाह की मेहंदी नहीं गई थी अभी, उनको पति के खून से रंग दिया। कैसे मंसूबे और कैसी कसक, जो छीन ले गई हंसती खेलती जीवन लीलाएं। इस हमले की घटना पर जितना भी दुख जताया जाए वह दुख कम है। इस हमले ने देश के सभी लोगों के दिलों पर दुखों का एक गहरा भाव प्रकट किया है। इस हमले में मारे गए निर्दोष लोगों का क्या कसूर था? इस दुख को जितना कम करने की कोशिश कर रहे हैं यह दु:ख बढ़ता जा रहा है अब भारत इस हमले का कड़ा जवाब दे रहा है।

**मनोज कासव, कांगड़ा**

# ऑपरेशन सिंदूर : बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं। भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया- 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी।



लेखक : डॉ. आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था। 24 अप्रैल को पंचायतीराज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था- 'मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी।' प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान और पांच पीओके में हैं।

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले-बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं




को अंजाम देते आए हैं, लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा-खर्च तक रहा।


हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा-पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा। वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़ कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटना की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद हैं। 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले।

उसके बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है। 18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने एयर स्ट्राइक का विकल्प चुना था। इस ऑपरेशन के जरिए भारत ने फिर स्पष्ट किया है कि अब कोई आतंकी हमला बिना जवाब के नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक इच्छा का परिणाम है। प्रधानमंत्री के शब्दों में-'अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शौर्य, वीरता व बलिदान के प्रतीक भारतीय सेना के वीरों को जय हिंद

वे भारतीय सशस्त्र बल के सैनिक ही हैं जिनकी वजह से हम अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं। भारतीय सेना के वीर जवान अपना घर वार सब कुछ छोड़कर भारत माता की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देते हैं। भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के बारे में लिखते-लिखते शब्द कम पड़ जाएंगे तथा कलमों की स्याही तक खत्म हो जाएगी। यह हिंद की सेना ही है जिसके आगे संपूर्ण विश्व की सेना घुटने टेक देती है।



लेखक : लकेश चंदेल
हिमाचल प्रदेश

भारतीय सशस्त्र बल की तीनों सेनाओं तथा अर्ध सैनिक बलों के ऊपर हमें गर्व है। जो विश्व स्तर पर आतंकवाद विरोधी और शांति अभियानों में शामिल है। भारतीय सेना ने हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत रुख अपनाया है। सेना ने आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कई ऑपरेशन चलाए तथा सभी में पूर्ण सफलता प्राप्त की है। संपूर्ण भारतीय इन वीर सैनिकों का कर्ज कभी नहीं उतार सकते हैं।

भारतीय सशस्त्र बल के सभी वीर जो की शौर्य, वीरता, पराक्रम, अदम्य साहस और बलिदान के प्रतीक है, संपूर्ण विश्व में अपनी वीरता तथा बहादुर के लिए प्रसिद्ध है। पाकिस्तान को भारतीय सेना ने कई बार बुरी तरह से हराया है, लेकिन कहा भी गया है कि जब किसी



व्यक्ति का विनाश निकट होता है, तो उसकी बुद्धि विपरीत दिशा में कार्य करने लगती है। अर्थात सीधे और स्पष्ट अक्षरों में कहें तो पाकिस्तान का विनाश निकट है।

1965 में भी पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध किया था जिसमें भी पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी थी तथा सोवियत संघ और अमेरिका की मध्यस्थता से 23 सितंबर 1965 को युद्ध विराम हुआ था । उसके पश्चात 1971 में भी पाकिस्तान को हार का मुंह देखना पड़ा था। कारगिल युद्ध मई 1999 में शुरू हुआ था जब पाकिस्तानी घुसपैठियों ने जम्मू और कश्मीर के कारगिल में घुसपैठ की थी।

इस घुसपैठ को भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के तहत खत्म करने का अभियान शुरू किया था। यह युद्ध मई से जुलाई 1999 तक चला था और 26 जुलाई को भारतीय सेना ने कारगिल क्षेत्र को पाकिस्तानी घुसपैठियों से मुक्त कराया था। इस युद्ध में भी भारत माता की जीत हुई तथा यह युद्ध 26 जुलाई को समाप्त हुआ। यह दिन हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके बाद 18 सितंबर 2016 को पूरी स्थित भारतीय सेना के कैंप पर आतंकियों ने हमला किया जिसमें हमारे देश के जवान शहीद हो गए थे। इसके जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पोओके में आतंकियों के ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की और आतंकियों को मार गिराया। इसके बाद सन 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के जवान शहीद हुए।

इसकी जवाबी कार्यवाही में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान सीमा के अंदर जाकर एयर स्ट्राइक की तथा जैश ए मोहम्मद के ट्रेनिंग कैंप को पाकिस्तान के बालाकोट में पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया, लेकिन बेशर्म कायर पाकिस्तान को हर बार हार का मुंह देखकर भी शर्म नहीं आई तथा पहलगाम में आतंकी हमला करवाकर मानवता को शर्मसार कर दिया। जवाबी कार्रवाई में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया। भारतीय सशस्त्र बल संपूर्ण भारत के लोगों की आन बान शान है तथा हम अपनी भारतीय सेना को दिल से नमन करते हैं, जय हिंद जय भारत।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पधर पुलिस को एनडीपीएस केस में बड़ी सफलता, अब तक 5 गिरफ्तार

**कविता, पधर**

**पुलिस** थाना पधर को नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21 व 29 के अंतर्गत दर्ज अभियोग में अब तक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस द्वारा की जा रही सघन जांच के चलते नशा तस्करी के एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है।

प्रारंभिक कार्रवाई में पधर पुलिस ने दो स्थानीय आरोपियों नीरज कुमार उर्फ मनु तथा हरी सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस की टीम ने पंजाब राज्य के फिरोजपुर जिले में दबिश देकर आरोपी आकाश उर्फ आदिवाल को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक तथ्यों को कड़ियों को जोड़ते हुए, पुलिस ने 8 मई को एक और आरोपी अंशुल कुमार को भी हिरासत में लिया। इसके पश्चात शुक्रवार को पधर पुलिस ने इस सिलसिले में एक अन्य आरोपी हेमराज उर्फ बबलू पुत्र नारायण सिंह निवासी रछवाहन डॉ. पदवाहन को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक मंडी ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पधर पुलिस द्वारा संगठित तरीके से चल रहे नशा तस्करी रैकेट पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान में जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। एसडीपीओ पधर देवराज ने आम जनता से अपील की है कि वे नशे के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। (अनंत ज्ञान)

# पागल कुत्ते ने 4 स्कूली बच्चे काटे

## सुंदरनगर में स्कूल जाते समय बच्चों को बनाया शिकार, क्षेत्र में दहशत का माहौल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**कुत्ते को पकड़कर जल्द क्षेत्र को किया जाएगा सुरक्षितः जितेंद्र शर्मा**

**सुंदरनगर** शहर के महावीर पब्लिक स्कूल क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक पागल कुत्ते ने स्कूल समय के दौरान चार बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। यह घटना उस वक्त हुई जब बच्चे स्कूल जा रहे थे। अचानक एक पागल कुत्ता बेकाबू होकर बच्चों पर टूट पड़ा और एक के बाद एक चार बच्चों को काट लिया।

इस हमले से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल फैल गया है। घायल बच्चों की पहचान महावीर पब्लिक स्कूल के छात्र रीदुलव, दिव्यांश, इशिता और कार्तिक के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बच्चों को निजी वाहनों की सहायता से सिविल अस्पताल सुंदरनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार और आवश्यक एंटी-रेबीज टीकाकरण प्रदान किया। उपचार के बाद सभी बच्चों को घर भेज दिया गया है। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कुत्ते को वहां से भगाया, अन्यथा और भी बच्चे इसकी चपेट में आ सकते थे। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने नगर परिषद सुंदरनगर को इस बारे में सूचित किया। सूचना मिलते ही नगर परिषद सुंदरनगर के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा स्वयं पांच कर्मचारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पागल कुत्ते की तलाश शुरू की गई। हालांकि, खोजबीन के बावजूद कुत्ते का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

**नगर परिषद के कर्मियों ने शुरू की कुत्ते की तलाश**

# सार्वजनिक सेवा व युवा सशक्तिकरण में योगदान के लिए किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**डीएवी मंडी में आरंभ हुआ आईआईएमयूएन कार्यक्रम**

**डीएवी** सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी के प्रांगण में शुक्रवार को इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस (आईआईएमयूएन) मंडी चैप्टर का शुभारंभ भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ।

समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी व मंडी नगर निगम के महापौर वीरेंद्र सिंह भट्ट विशिष्ट, एसडीएम मंडी रुपिंदर कौर तथा डीएसपी मंडी दिनेश कुमार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने युवाओं को प्रेरित करने वाले उद्बोधन दिए व सार्वजनिक सेवा और युवा सशक्तिकरण में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने ऐसे प्रतिष्ठित मंच की मेजबानी करने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि 'यह हमारे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है कि हम एक ऐसे आंदोलन से जुड़े हैं, जो युवाओं को वैश्विक सोच रखने और जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।'

इस अवसर पर मेजबान विद्यालय द्वारा स्वागत गीत, पारंपरिक एवं पाश्चात्य नृत्य प्रस्तुतियां तथा आईआईएमयूएन के दृष्टिकोण को उजागर करने वाला एक प्रेरणादायक वीडियो भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन और अतिथियों व प्रतिनिधियों की विदाई के साथ हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### मझवाड़ में 14 मई को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-2 मंडी ई. सुनील शर्मा ने बताया कि विद्युत अनुभाग मझवाड़ के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र दुदर, बड़ोग, निहलग, सायरी, रखून, पुखर, चंदेह, सरनधार, मुख, धुंआदेवी व आसपास के क्षेत्र में 14 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दिन विभाग उच्चतम आवेग की लाइनों में लगी लकड़ी की कड़ियों को बदलने का कार्य करेगा। बारिश होने की स्थिति में यह काम अगले दिन किया जायेगा। उन्होंने स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है।

### धर्मपुर में 60 मजदूरों ने करवाई ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड उप कार्यालय द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत धर्मपुर ऑफिस में मनरेगा व निर्माण मजदूरों की ई-केवाईसी के लिए शिविर आयोजित किया, जिसमें राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य भूपेंद्र सिंह भी शामिल हुए। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जो मनरेगा एवं अन्य निर्माण मजदूर बोर्ड से पंजीकृत हैं और उन्हें मिलने वाली सभी प्रकार की वित्तिय सहायता जारी करने से पहले अब ई-केवाईसी करना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि धर्मपुर खंड में 15 हजार से ज्यादा मजदूर बोर्ड के सदस्य हैं जिन्हें अपनी ई-केवाईसी करवानी होगी। इसके चलते 60 मजदूरों की ई-केवाईसी की गई। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी न होने के कारण मजदूरों की पिछली वित्तिय सहायता भी रुकी हुई है और उसे जारी करने के लिए बोर्ड ने 30 जून की समय सीमा तय की है, लेकिन उससे पहले मजदूरों को अपनी ई-केवाईसी करवानी होगी।

### टीहरा दंगल में दिखेंगी महिला पहलवान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जय लखदाता दंगल कमेटी टीहरा द्वारा रविवार को टीहरा में विशाल दंगल का आयोजन किया जा रहा है। इस दंगल में सकोहटा गांव के कर्नल विधि चंद वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। दंगल कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी राणा, सचिव संजय चंदेल, उपाध्यक्ष यश पठानिया, मूलराज शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी टीहरा में एक विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस दंगल में महिला पहलवानों की कुश्ती भी लोगों को देखने को मिलेगी, वहीं इस दंगल को और अधिक आकर्षक भी बनाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस दंगल में और दंगल को देखने के लिए उपस्थित होने का आह्वान किया।

### लोहारड़ी में 15 से 17 तक होगा मेला

**रूपी ठाकुर, बरोट।** इस वर्ष भी छोटाभंगाल घाटी के लोहारड़ी में आजाद युवा क्लब लोहारडी, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों तथा महिला मंडलों के सौजन्य से 15 से 17 मई तक तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय मेला आयोजित किया जा रहा है। आजाद युवक मंडल लोहारडी अध्यक्ष रोशन लाल ने बताया कि इस तीन मेले में विभिन्न प्रकार की खेलकूद बॉलीवाल, कबड्डी, रस्साकसी, घड़ा तोड़ आदि सहित स्कूली बच्चों के सास्कृतिक कार्यक्रम के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 से आरंभ होने वाले इस तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ मुल्थान तहसील के तहसीलदार हरीश कुमार करेंगे और 16 मई को दूसरे दिन चौहार घाटी के बरोट क्षेत्र के के निवासी वीरेंद्र कुमार मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे व 17 मई की रात को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें स्थानी कलाकारों सहित दूरदराज के कलाकार अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। 17 मई को समापन अवसर में मुख्यातिथि के रूप में घाटी की धरमाण पंचाय के पूर्व प्रधान संजय ठाकुर शिरकत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# ड्राइविंग टेस्ट 14 व 27 मई को

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर प्रशासन द्वारा गाड़ियों की पासिंग सहित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की तिथियां तय कर दी गई हैं। एसडीएम (सिविल) अमर नेगी ने बताया कि 14 व 27 मई को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट बीबीएमबी कॉलोनी करनोडी में आर्य समाज मंदिर के निकट मैदान में लिए जाएंगे। वहीं गाड़ियों की पासिंग भी आगामी 13 व 26 मई को की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि 14 मई को निर्धारित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग 9 मई से शुरू हो चुकी हैं। 27 मई को निर्धारित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग 22 मई को सुबह 11.30 बजे से parivahan.gov.in वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है।

# ब्लॉक और ग्रामीण स्तर पर वैज्ञानिकों की टीमें किसानों को करेंगी प्रशिक्षितः डॉ. पंकज सूद

**उमेश, सुंदरनगर**



**विकसित** भारत संकल्प अभियान के तहत 16 हजार वैज्ञानिकों की टीमें ब्लॉक और ग्रामीण स्तर पर किसानों को प्रशिक्षित करेंगी। कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने कहा कि वैज्ञानिकों की 4-4 सदस्यीय टीमें बनाकर फसल विविधीकरण, जलवायु अनुकूल किस्मों का प्रचार, मृदा स्वास्थ्य और न्यूनतम कीटनाशक उपयोग जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रीय खरीफ सम्मेलन-2025 लिया गया है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुआ।

**राष्ट्रीय खरीफ सम्मेलन में लिया महत्वपूर्ण निर्णय**

इसमें 10 से अधिक राज्यों के कृषि मंत्री, प्रमुख सचिव, कृषि आयुक्त, वैज्ञानिक व विशेषज्ञ शामिल हुए। पंकज सूद ने कहा कि भारत की 145 करोड़ जनता के लिए खाद्यान्न, फल, सब्जी व पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कृषि क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिवराज चौहान ने किसानों के लिए वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने, उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने, न्यूनतम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करने व मौसम के अनुसार फसल प्रबंधन पर बल दिया। सम्मेलन में कृषि राज्य मंत्री रामनाथ, आईसीएआर महानिदेशक डॉ. हिमांशु, कृषि प्रसार प्रमुख डॉ. राजवीर सिंह, मौसम विज्ञान से राहुल व मौसम विभाग व कृषि मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# 90 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बीती रात एक युवक को 90 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सतीश ठाकुर (18) पुत्र दुर्गू राम, निवासी गांव रूलंग, डाकघर बोचिंग, तहसील पधर के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तलाशी के दौरान युवक के पास से 90 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ सख्त निगरानी रखी जा रही है।

# सुभाष संरक्षक व किशोरी लाल बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हीरा नंदन सूदन राम अरूण सरस्वति विद्या मंदिर समखेतर मंडी की विद्यालय प्रबंध समिति की नई कार्यकारिणी का चुनाव आगामी तीन साल के लिए सर्वसम्मति से किया गया। इसमें सुभाष चंद आनंद को संरक्षक, किशोरी लाल को अध्यक्ष, प्रकाश शर्मा उपाध्यक्ष, पुष्प राज कात्यायन प्रबंधक एवं सचिव, कोषाध्यक्ष नेत्र सिंह को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में राधिका जंवाल, राजेश बहल, राज मल्होत्रा, दिनेश वैद्य, जया कपूर, पवन कुमार वैद्य को बनाया गया। विशेष आमंत्रित सदस्यों में लेख राज वैद्य व वीना को बनाया गया।

# विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता 18 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी दिप्ती वैद्य ने बताया कि वर्ष 2048 के लिए प्रदेश के लिए खेल दृष्टिकोण विषय पर विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता (लेखन) का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो चरणों में करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम चरण की प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 मई तक विभाग के माध्यम से करवाया जा रहा है।

# पोस्टर मेकिंग में राधिका ने मारी बाजी



अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रतियोगिता में भाग लेने के उपरांत छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** के खिलड़ा स्थित अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शुक्रवार से नर्सिंग सप्ताह को लेकर विशेष कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस दौरान पूरे सप्ताह कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों और खेलों का आयोजन किया जाएगा। इससे प्रशिक्षु छात्राओं को उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जागरूक और प्रेरित किया जाएगा।

इसके अंतर्गत शुक्रवार को कॉलेज में मेहंदी और पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में पूजा प्रथम और पोस्टर मेकिंग में राधिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को पखवाड़े के अंतिम दिन पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर कॉलेज के निदेशक ओम प्रकाश नायक, प्रशासनिक अधिकारी नेहा ठाकुर, कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शिवानी और अन्य स्टाफ, छात्राएं मौजूद रहे।

## मातृ दिवस पर गुरुकुल विद्यालय में बच्चों ने जताया मां के प्रति प्रेम और सम्मान

# 'मेरी मां के बराबर कोई नहीं' गीत पर मोहा मन

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



गुरुकुल विद्यालय जोगिंद्रनगर में प्रतियोगिता के बाद पोस्टर दिखाते हुए प्रतिभागी।

**गुरुकुल** विद्यालय जोगिंद्रनगर में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक भावनात्मक और प्रेरणादायक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने मां के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को भावभीनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रकट किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम से पंचमी कक्षा की छात्राओं मे रूहानी, शिवन्या, अमायरा, ऋतिका, प्राक्षी, माही, वेदिका, साक्षी, आव्या, वंशिका, प्रीति व निक्की द्वारा 'मेरी मां के बराबर कोई नहीं' गीत पर एक सुंदर प्रस्तुति के साथ हुई।

इसके बाद छठी, सातवीं और आठवीं कक्षा की छात्राओं में कृतिका, कोमल, मन्नत, रिया, स्माइली, अर्पिता, कनिका, सागरिका तथा राधिका ने 'लुका छुपी बहुत हुई अब सामने आओ' गीत पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने मां की ममता और स्नेह की गहराई को सभी के दिलों तक पहुंचाया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने मां के त्याग, प्रेम और वात्सल्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक मां का जीवन में क्या महत्व होता है।

उन्होंने बच्चों को मातृ प्रेम को जीवन में सर्वोच्च स्थान देने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विशाल अवस्थी ने कहा कि मां सिर्फ एक शब्द नहीं, एक संपूर्ण भावना है, जो जीवन की नींव रखती है। हमें अपने बच्चों में इस भावना का सम्मान करना और उसे व्यवहार में लाना सिखाना चाहिए। इस विशेष अवसर को और भी यादगार बनाने के लिए बच्चों ने अपने हाथों से अपनी माताओं के लिए सुंदर शुभकामना कार्ड बनाए और उन्हें भेंट कर अपना प्यार प्रकट किया। (अनंत ज्ञान)

# जरूरत पड़ने पर सेना को उपलब्ध करवाएंगे ट्रकः मनोज ठाकुर

**विनोद, नेरचौक।** कई वर्षों से आतंकवादी हमले एवं पहलगाम आतंकवादी हमले के गुनहगारों के खिलाफ भारतीय सेना के बेहतर शौर्य प्रदर्शन के साथ द बल्ह बैली ट्रक ऑपरेटर यूनियन नेरचौक भी साथ खड़ी है यूनियन के प्रधान मनोज ठाकुर ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि अगर आतंकवाद के खिलाफ छिड़ी इस जंग में भारतीय सेना को ट्रकों की आवश्यकता पड़ती है तो उसके लिए नेरचौक ट्रक यूनियन पूरा सहयोग करेगी। यूनियन भारत देश की सेना के लिए ट्रक उपलब्ध करवाने के साथ आतंकवाद के खिलाफ छिडे इस युद्ध के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट का आगाज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए।

**एसपीएस** इंटरनेशनल स्कूल अनंत नगर तताहर में तीन दिवसीय इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट शुक्रवार को स्थानीय स्कूल परिसर में शुरू हुई। उद्घाटन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में मुनीष कुमार तहसीलदार सरकाघाट ने शिरकत की। एसएमसी प्रेसिडेंट शालिनी, एसएमसी सदस्य हेमराज राणा, ललित कुमार शर्मा कानूनगो विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आरंभ किया।

इस अवसर पर मुख्य स्थिति ने बच्चों को खेल के नियमों और चरित्र निर्माण पर बल दिया। प्रतियोगिता में लगभग 500 बच्चे भाग ले रहे हैं। इन खेलों में कबड्डी बैडमिंटन वॉलीबाल व संस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रेमचंद ठाकुर ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया और महाप्रबंधक सुरेंद्र कुमार राणा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने मुख्य अतिथि का कार्यक्रम में आने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इन खेलों के समापन समारोह की अध्यक्षता सुनीता देवी प्रधान ग्राम पंचायत नबाही रविवार को करेंगे। इस मौके पर समिति के सदस्य हेमराज राणा, नेकराम, समाजसेवी प्रकाश जंवाल व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# छात्रों व कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किया आपातकालीन अभ्यास

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर में मॉकड्रिल का आयोजन**

**डीएवी** पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में एक व्यापक युद्ध मोड मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति सतर्क एवं तैयार बनाना था। मॉकड्रिल में निकासी अभ्यास, डेस्क के नीचे शरण लेना, आपातकालीन सायरन बजने पर विद्युत उपकरणों को बंद करना, प्राथमिक चिकित्सा, प्रतिक्रिया प्रशिक्षण तथा शेल्टर-इन-प्लेस जैसी प्रक्रियाओं का समावेश किया गया।

इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की स्थितिजन्य जागरूकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि यह ड्रिल हमारे छात्रों को महत्वपूर्ण जीवन रक्षक कौशल सिखाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी देती है। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता उनकी सुरक्षा है।

उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल जैसे अभ्यास छात्रों और शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों में शांत रहने और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में मदद करते हैं। उन्होंने सभी को सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सुरक्षा और तैयारी के प्रति जागरूकता ही हमें किसी भी आपदा से निपटने के लिए सक्षम बनाती है।

# जोगिंद्रनगर के शिक्षण संस्थानों में एयर रेड एवं शेल्टर ड्रिल की

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के अध्यक्ष अपूर्व देवगन के दिशा-निर्देशों के तहत जोगिंद्रनगर उपमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थानों में आज एयर रेड एवं शेल्टर ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अन्य स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने की जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण देना था। ड्रिल के दौरान छात्रों को सायरन की आवाज पहचानने, त्वरित प्रतिक्रिया देने तथा सुरक्षित स्थानों पर शेल्टर लेने की विधियां सिखाई गईं। शिक्षण संस्थानों में आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों की निगरानी में यह अभ्यास किया गया, जिसमें छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

# सीडी साख सहकारी सभा ने अर्जित किया 3 .35 करोड़ का वार्षिक लाभ

**सुनील शर्मा, गोहर**

**सीडी साख सभा का 62वां अधिवेशन आयोजित**

सीडी साख सहकारी सभा ने अपना 62वें वार्षिक साधारण अधिवेशन आज बगस्याड के भराडी (मनरेगा पार्क) माता बगलामुखी मंदिर में आयोजित किया गया। वार्षिक साधारण अधिवेशन में दीसीडी शाखा सहकारी सभा के अध्यक्ष कमल चंद राणा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय सहकारी वर्ष के उपलक्ष में पौधा रोपण भी किया गया।

इस वार्षिक अधिवेशन में सभा के 600 प्रतिनिधि व 200 सभा के पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। अध्यक्ष कमल चंद्र राणा ने शाखा सहकारी सभा के वार्षिक अधिवेशन में समस्त प्रतिनिधियों के सामने इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि सहकारी सभा का वार्षिक लाभ 3 करोड़ 35 लाख अर्जित किया और वर्ष में सभा में 2204 करोड़ का कुल कारोबार किया है। सभा के अधिवेशन में यह भी बताया गया की सभा अपने सदस्यों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसी वर्ष गोल्ड लोन जारी करेगी। कार्यक्रम के अंत में सभा के अध्यक्ष ने वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने पर 10 शाखाओं को सम्मानित किया, जिसमें शाखा चोतड़ा ने प्रथम, शाखा नैरचौक ने द्वितीय तथा शाखा पधर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके सभा के संचालक मंडल के सदस्यों महाप्रबंधक देवेंद्र और उप महाप्रबंधक राजेंद्र पाल और उप महाप्रबंधक भीम सिंह वर्मा सहित कई मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# महादेव में बिजली ऑफिस की दीवार के साथ पड़ी शराब की खाली बोतलें व कूड़ा

**भीम बसेड़ू, महादेव**



बिजली दफ्तर महादेव की दीवार के साथ शराब की पड़ी खाली बोतलें।

**मंडी** जिला के नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते महादेव में बिजली ऑफिस की दीवार के साथ शराब की खाली बोतलें और बदबू मारता कूड़ा पड़ा है। शराब की खाली महंगी बोतलें यहां देखी जा सकती हैं। कूड़े के अंबार के चलते यहां मेन मार्ग यानि प्राचीन शिव मंदिर महादेव सामने ही होने के कारण यहां श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। ऐसी स्थिति में प्रदूषित वातावरण मिलने से लोगों को बीमारियों का डर भी सताता है। लोअर महादेव गांव को जाता व्यस्त संपर्क मार्ग भी है। हवा में घुलते जहर से रोजाना लोग बड़ी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं जो लंबे समय की इस सड़ांध भरे वातावरण के लिए स्थानीय पंचायत व संबंधित विभाग को कोस रहे हैं। लोगों ने ग्राम पंचायत महादेव व डीसी से मांग की है कि इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थली महादेव के यहां बिजली विभाग के साथ बढ़ती जा रही इस गंदगी के लिए जिम्मेदार लोगों की खबर लेते हुए शीघ्र ही स्वच्छ वातावरण के लिए कारगर कदम उठाएं। (अनंत ज्ञान)

**चेतावनी** व्यापार मंडल चोलथरा ने एसडीएम स्वाति डोगरा के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

# 15 दिन में सड़क न बनाई तो करेंगे चक्का जाम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



व्यापार मंडल चोलथरा के प्रधान की अध्यक्षता में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

**व्यापार** मंडल चोलथरा के प्रधान बिहारी लाल की अध्यक्षता में परियोजना अधिकारी एनएच को उपमंडल अधिकारी स्वाति डोगरा के माध्यम से ज्ञापन भेजा। इसमें मांग की है कि कंपनी ने चोलथरा स्कूल के पास बाईपास बनाने के लिए जिस सड़क को 3 महीने पहले खोद दिया गया था, उसे 15 दिन के अंदर बना कर दें।

गौरतलब है चोलथरा बाजार को इस जगह से सड़क सुविधा से वंचित कर दिया है और बाजार जाने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। रास्ता भी चलने योग्य नहीं छोड़ा है, जिससे स्थानीय लोगों, स्कूली बच्चों और को भी हर रोज़ खासकर कीचड़ की वजह से समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यही नहीं, कई सरकारी बसों और निजी गाड़ियों को भी बाईपास से घूम कर चोलथरा बाजार, सधोट, पपलोग व कोठी की तरफ बिना मतलब के घूम कर आना पड़ता हैं। 15 दिन के भीतर सड़क न बनाने पर व्यापार मंडल चोलथरा ने चक्का जाम करने की चेतवानी भी दी हैं।

स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान मेहर चंद गारला ने उपमंडल अधिकारी को अवगत करवाया कि पूरे बाजार में व बाईपास के पास जगह-जगह गडढे पड़े हैं, जिससे दोपहिया वाहनों के दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ गई है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद ने उपमंडल अधिकारी के माध्यम से परियोजना अधिकारी से मांग की है, कि वो आश्वासन नहीं बल्कि रणनीति लेकर जनता के बीच आएं और बताएं कि वो कब तक लोगों को सड़क निर्माण की वज़ह से आ रही परेशानियों से निजात दिलवाएंगे।

इस मौके पर व्यापार मंडल के मुख्य सलाहकार राकेश बन्याल, कोषाध्यक्ष श्रवण भारद्वाज, सचिव सतीश, जगदीश चंद, जगदीश बन्याल, चोलथरा पंचायत प्रधान मेहर चंद व स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद, सुरेश पाल सिंह व उर्मिला आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिद्धपुर, विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि. प्र.**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिद्धपुर में वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा किये जाने वाले समस्त विकास कार्यो के निर्माण हेतु समस्त सामग्री की सप्लाई के लिए डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में निविदाएँ दिनांक 08/05/2025 से 22/05/2025 सायं- 5:00pm बजे तक आमंत्रित की जाती है सामग्री का विवरण इस प्रकार से हैः- 1 क्रेशर रेत (प्रति घन मीटर) 2 क्रेशर बजरी 20mm, 40mm, 10mm (प्रति घन मीटर) 3 गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घन मीटर) 4 तुडवां पत्थर (प्रति घन मीटर) 5 सीमेंट किराया प्रति बैग की दर धर्मपुर से कार्यस्थल तक / सीमेंट चढ़ाई उतराई 6 जेसीबी कटिंग (प्रति घन मीटर) 7 सेटरिंग (प्रति वर्ग मीटर) 8 सेटरिंग (प्रति रनिंग मीटर) 9 ईंटें (प्रति नंबर) 10 सरिया प्रति किलो 11 साईन बोर्ड 3×4 लिखाई सहित। **नियम व शर्ते :-** निविदायें ग्राम पंचायत सिद्धपुर के कार्यलय में डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में दिनांक 22-05-2025 को सांय- 5:00pm बजे तक प्रधान /सचिव के पास पहुँच जानी चाहिए। इसके उपरांत प्राप्त होने बाली निविदाये मान्य नही होगी । सामग्री सप्लाई ग्राम पंचायत के समस्त वार्डो में कार्यस्थल तक करनी होगी। और खड्ड व नदी का रेता, बजरी मान्य नही होगा और इसकी अदायगी पंचायत द्वारा नही की जाएगी। सप्लायर अपना बैंक खाता संख्या व जीएसटी/टिन नं. व लाईसेंस का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है जीएसटी/टिन नं. निविदादाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और निविदादाता को अपनी निविदा के साथ ग्राम पंचायत के नाम धरोहर सुरक्षित प्रतिभूति राशी मु0-50,000/-का ड्राफ्ट एफडी दिनांक सहित डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में उपरोक्त समय अवधि के भीतर पहुंच जानी चाहिए। अगर यह सभी औपचारिकताएं कुटेशन के साथ पूर्ण नहीं है तो कुटेशन मान्य नहीं होगी। अधूरी निविदाएँ मान्य नहीं होगी। निविदाता द्वारा दी गई निविदाओं के रेट में कटिंग नहीं होनी चाहिए अगर कटिंग की है तो निविदाता द्वारा कीटिंग सत्यापित होनी चाहिए। ग्राम पंचायत को निविदा रद करने का अधिकार होगा। स्वीकृत होने बाली निविदा के निविदादाता अगर किसी कारणवश सामग्री देने में असमर्थ रहता है तो ठीक सप्लाई ऑर्डर देने के सात 7 दिन के बाद कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। और L2 दूसरे नम्बर के सप्लायर को मौका दिया जायगा। इसकी कोई अपील व दलील नही सुनी जायगी। और निविदाता को रेत व बजरी के बिल के साथ M Form देना होगा बिना M Form के किसी भी बिल की अदायगी पंचायत द्वारा नही की जायगी। निविदायें दिनांक 23-04-2025 को प्रात11:00 am बजे समस्त पंचायत पदाधिकारियों व कमेटी तथा निविदादाता के सामने ही निविदाएँ कार्यलय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। निविदादाता अगर निविदाएं खोलने के समय पंचायत में उपस्थित नहीं होगा तो उसकी निविदा नहीं खोली जाएगी। और निविदा को रदद करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षिता होगा।

**प्रधान/सचिव कार्यलय ग्राम पंचायत सिद्धपुर, विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि. प्र.**

# हिमाचल सीमा पर बढ़ाई पुलिस चौकसी

## ऊना जिले में सुचारु चल रही रेल और बस सेवाएं, जिला प्रशासन ने की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

अनंत ज्ञान टीम, ऊना/गगरेट

भारत-पाक के बीच युद्ध की स्थिति को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। हालांकि अफवाहों का दौर भी चलता रहा, लेकिन स्थिति सामान्य रखने में प्रशासन सफल रहा है। रेल और सड़क यातायात सामान्य चल रहे हैं। स्कूलों में अवकाश का भी पालन हुआ है। हालांकि ब्लैक आउट पूरी तरह सफल नहीं रहा।

ऊना में सभी रेल सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहीं। ऊना से जो भी रेल रूट थे, उनमें यात्री आम दिनों की तरह सफर करते नजर आए। पंजाब और हरियाणा यहां तक कि पठानकोट के लिए भी बस सेवाएं चलती रहीं। कुछ समय तक बस सेवाएं और रेल सेवा बंद होने की अफवाह भी फैलाई गई, लेकिन यह गलत निकली है। जिला प्रशासन की ओर से जो ब्लैकआउट की घोषणा की गई थी, लेकिन अधिकांश निजी प्रतिष्ठानों की फ्लड लाइट्स जली हुई थीं। कई स्ट्रीट लाइट गांवों में जलती रहीं। हालांकि ऊना जिले में हर आने जाने वाले


आशादेवी में हर आने जाने वाले की निगरानी करते हिमाचल पुलिस के जवान।

संदिग्ध व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने सीमा पर कड़ी निगरानी रखी है।

भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुए टकराव में जहां भारतीय सेनाएं पाकिस्तान को हर हिमाकत का माकूल जवाब दे रही हैं तो इसी बीच हिमाचल पुलिस भी हरकत में आई है। भारत-पाकिस्तान में छिड़े युद्ध पर टिकी सभी निगाहों के बीच देश विरोधी ताकतें अंदरूनी शांति को तबाह न कर पाएं इसके लिए हिमाचल पुलिस ने हिमाचल की सीमाओं की चौकसी बढ़ा दी है। हिमाचल-पंजाब की सीमा आशादेवी पर पुलिस का पहरा बिठा दिया गया है और हर आने-जाने वाले पर पैनी नजर रखी जा रही है।

हिमाचल-पंजाब की सीमा आशादेवी पर आईआरबीएन वनगढ़ से आए जवान तैनात किए गए हैं और अब यहां निगरानी चौबीस घंटे कर दी गई है। जाहिर है कि पाक परस्त आतंकवादी पहले भी देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देते आए हैं और सरहद पर बढ़ी तनातनी के बीच आतंकवादी किसी अन्य वारदात को अंजाम न दे सकें, इसलिए हिमाचल की सरहदों पर भी संदिग्धों पर नजर रखने के लिए पहरा बिठा दिया गया है।

इससे पहले भी प्रसिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में आतंकवाद से प्रेरित लोग गुरपतवंत सिंह पुन्नू के नारे लिखकर चले गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से भी हिमाचल-पंजाब की सीमा को अति संवेदनशील माना जाता है। यही वजह है कि हिमाचल पुलिस ने एहतियात बरतते हुए कुछ अनहोनी होने से पहले ही यह गंभीर कदम उठाया है। यहां आईआरबीएन वनगढ़ से आए जवानों के साथ स्थानीय पुलिस थाने के जवान भी सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने में जुटे हुए हैं।

हालांकि यहां से गुजरने वाले लोगों को बेवजह तंग नहीं किया जा रहा है लेकिन कोई भी संदिग्ध गतिविधि देखने पर सुरक्षा बल बकायदा वाहनों की चौकिंग भी कर रहे हैं। जिस प्रकार पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने पहलगाम में निहत्थे आम नागरिकों को निशाना बनाया, उससे सुरक्षा बल और ज्यादा सतर्क हो गए हैं। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से ही हिमाचल-पंजाब की सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई है, ताकि हर असमाजिक तत्व पर पैनी नजर रखी जा सके।

# धौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा में बंद रहेंगी सभी लाइटें

अनंत ज्ञान, बंगाणा

▶ राष्ट्र के समर्थन के लिए फैसला : प्रवीण शर्मा

देशभक्ति और जनजागरण की मिसाल पेश करते हुए, धौमेश्वर मंदिर और तलमेहड़ा मंदिर ट्रस्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने बताया कि अगली सूचना तक मंदिर परिसर की सभी लाइटें बंद रहेंगी। यही नहीं, सड़क किनारे लगी लाइटें भी बंद की जाएंगी, ताकि राष्ट्र के साथ एकजुटता का संदेश पूरे क्षेत्र में जाए।



प्रवीण शर्मा ने कहा कि भारत एक संवेदनशील दौर से गुजर रहा है। देश की सीमाओं पर तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और भारतीय सेना हर मोर्चे पर मजबूती से डटी हुई है। ऐसे समय में यह फैसला समाज में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूती प्रदान करता है।

प्रवीण शर्मा ने कहा कि भारत देश, भारत सरकार और भारतीय सेना के साथ हम तन-मन-धन से खड़े हैं। पहले राष्ट्र है, फिर राजनीति। कोई भी व्यक्ति या संस्था यदि इस निर्णय का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने न केवल मंदिर परिसरों की लाइटें बंद की हैं, बल्कि अपनी पंचायत खरयालता में भी सभी सार्वजनिक लाइटें बंद करवाने की पहल की है। उनका मानना है कि जब देश एकजुट होकर संकट से निपट रहा है, तो हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम भी प्रतीकात्मक तौर पर ही सही, पर अपना समर्थन प्रकट करें।

उन्होंने कहा कि इस फैसले पर तलमेहड़ा व आसपास के गांवों में देशभक्ति का माहौल देखा गया। मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि यह एक बड़ा और साहसिक कदम है।

इससे एक सकारात्मक संदेश गया है कि धर्मस्थल भी देश के लिए खड़े हैं। प्रवीण शर्मा ने कहा कि पंचायत खरयालता में लाइटें बंद करने के निर्णय के बाद युवाओं में भी चर्चा का माहौल बन गया है। कई युवाओं ने सोशल मीडिया पर इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे 'देशहित में जन-आंदोलन' की संज्ञा दी है।

### पालन न करने पर होगी कार्रवाई

प्रवीण शर्मा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन आदेशों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। ट्रस्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह कदम किसी धार्मिक, सामाजिक या राजनीतिक दबाव में नहीं लिया गया है, बल्कि यह एक राष्ट्रहित में किया गया स्वतः स्फूर्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज का समय एकता का है। जब देश की सीमाओं पर जवान खड़े हैं, तब हमारा फर्ज बनता है कि हम भी अपने स्तर पर योगदान दें। रोशनी बंद करना प्रतीक है, लेकिन इसका संदेश गहरा है। यह हमारे देश के प्रति सम्मान और समर्थन का प्रतीक है। ज्ञात रहे धौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा ट्रस्ट का यह निर्णय अब अन्य क्षेत्रों के मंदिरों और संस्थाओं के लिए प्रेरणा बनता जा रहा है।

# भारतीय सेना आतंकियों के सफाए तक पीछे नहीं हटे : कृष्ण पॉल

अनंत ज्ञान, बंगाणा

▶ बोले- मोमनियार जिला पार्षद वार्ड की सभी लाइटें की बंद

जिला पार्षद सदस्य एवं पूर्व में जिला पार्षद उपाध्यक्ष रहे कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि मेरे मोमनियार जिला पार्षद वार्ड के 18 पंचायतों में फैली 2448 स्ट्रीट लाइटों को बंद कर दिया गया है। शर्मा ने बताया कि उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सीधे बात की और खुद कई स्थलों का दौरा कर यह सुनिश्चित किया कि लाइटें बंद की जाएं।



उन्होंने कहा कि खास बात यह रही कि इस अभियान के तहत उनके वार्ड में स्थित एक दर्जन से अधिक धार्मिक स्थलों की लाइटें भी बंद की गईं। कृष्ण पाल शर्मा ने इस कदम को देश के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक अगला आदेश नहीं आता, तब तक कोई लाइट नहीं जलेगी। पहले राष्ट्र और हम मोदी और भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि जब देश संकट में हो, तो जनता और जनप्रतिनिधियों दोनों को मिलकर यह संदेश देना चाहिए कि पूरा देश एक साथ खड़ा है। हमारे छोटे प्रयास भी सैनिकों के हौसले को बढ़ा सकते हैं।

हालांकि शर्मा का कहना है कि यह अस्थायी है और राष्ट्रहित में लिया गया निर्णय है। शर्मा ने कहा कि आज देश के हालात पाकिस्तान से युद्ध करने पर शांति पूर्ण नहीं है और पाकिस्तान मरे हुए सांप की तरह वार-वार फन उठाकर भारतीय नागरिकों को डसने का काम कर रहा है। अब जब तक पाकिस्तान और पाकिस्तान के रहने वाले आतंकियों का सफाया नहीं हो जाता, तब तक न भारतीय सेना पीछे हटे और न ही मोदी सरकार कोई आदेश दें ताकि भारत आतंकवाद से मुक्त हो सके।

# हादसे के बाद सुचारु किया रेल यातायात

अनंत ज्ञान, ऊना

नई दिल्ली से दौलतपुर चौक तक चलने वाली जनशताब्दी ट्रेन वीरवार रात को भड़ोलियां कलां क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गई थी। तेज गति में आ रही ट्रेन पटरी के बीच खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। हादसे में रेलवे को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। हादसे के बाद रेलवे पुलिस जांच में जुटी है, ट्रैक्टर देहलां के किसान का बताया जा रहा है। इसे कौन चला रहा था और कैसे वहां खड़ा किया गया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

रेलवे पुलिस ने आसपास के इलाकों देहलां, भड़ोलियां कलां और बहडाला में पड़ताल की, लेकिन ट्रैक्टर चालक का पता नहीं चल पाया। अब पुलिस की टीम ट्रैक्टर कंपनी से संपर्क कर वाहन से जुड़ी जानकारी हासिल करने की कोशिश में है। हादसे के बाद रातभर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही। शुक्रवार सुबह ट्रैक से मलबा हटाया गया। पटरी की सुरक्षा पुख्ता कर दोबारा ट्रेनों की आवाजाही शुरू हो पाई। जानकारी



ऊना रेलवे स्टेशन से गुजरती ट्रेन, सामान्य चल रहा रेल यातायात।

के अनुसार वीरवार रात के समय हिमाचल की सीमा में प्रवेश करते ही नंगल के आगे भड़ोलियां कलां में ट्रैक पर खड़े अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ जन शताब्दी ट्रेन टकरा गई।

ट्रैक्टर ट्रॉली से अचानक टक्कर होने से ट्रेन के इंजन सहित एसी के तीन कोच क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि कोई जानी नुकसान या किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। गुरुवार को नई दिल्ली से ट्रेन संख्या 12057 दौलतपुर चौक के लिए रवाना हुई। रात करीब सवा नौ बजे जैसे ही ट्रेन नंगल डैम से आगे भड़ोलियां कलां के पास पहुंची, तो ट्रैक पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ टकरा गई। ट्रैक्टर चकनाचूर हो गया और इंजन के आगे फंस गया।

वहीं, एक दम ट्रेन के रुकने के चलते एसी के तीन कोच क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद ट्रेन में सवार सैकड़ों यात्री सहम गए। हादसे के कारण दिल्ली के लिए चलने वाली हिमाचल एक्सप्रेस भी समय से नहीं चल पाई। घंटों तक रेल यातायात बाधित रहा। इसे शुक्रवार को सुचारु कर दिया गया। ऊना रेलवे चौकी के इंचार्ज ने बताया कि मामले को लेकर जांच की जा रही है। ट्रैक को बहाल कर यातायात को शुरू कर दिया गया है। हादसा स्थल के पास ही एक धार्मिक स्थल है। संभव है कि ट्रैक्टर चालक वहां से आया और शॉर्टकट के चक्कर में पटरी पर वाहन चढ़ा दिया। इस दौरान वाहन फंस गया और चालक ट्रेन आती देख उसे वहीं छोड़ भाग निकला।

उन्होंने कहा कि हादसे में किसी प्रकार की साजिश की संभावना का भी पता लगाया जा रहा। आरोपियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# डीसी की एडवाइजरी के बाद सतर्क हुए पंचायत पोलियां बीत के प्रतिनिधि

अनंत ज्ञान, ऊना/लठियाणी

भारत पाक के बीच छिड़ी जंग को लेकर जिला प्रशासन ऊना द्वारा जारी की गई एडवाइजरी को लेकर पंचायत प्रतिनिधि भी सतर्क हो गए हैं। पंजाब की सीमा के साथ सटी ग्राम पंचायत पोलियां बीत के पंचायत प्रतिनिधि जिला प्रशासन के आदेश मिलते ही अलर्ट हो गए। ग्राम पंचायत प्रधान कृष्ण गोपाल ने स्वयं जिम्मा संभालते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को अपने-अपने वार्ड में लगी सोलर लाइट्स को ढकना शुरू कर दिया, जिसमें सभी ग्रामवासियों ने भी अपनी पंचायत का सहयोग किया।

पंचायत प्रधान कृष्ण गोपाल ने बताया कि गांव में लगी करीब 15 लाइट्स को काले कपड़े से कवर कर दिया गया है। अब जैसे ही सरकार या प्रशासन की तरफ से ब्लैकआउट करने के निर्देश आते हैं तो हम उसके लिए तैयार हैं।

वहीं, उपमंडल बंगाणा की लठियानी पंचायत क्षेत्र में वर्तमान में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा के लिए जिला उपायुक्त के द्वारा दिए गए आदेशों के अनुसार लोगों को जागृत करने के लिए पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा 'पौणू', उप प्रधान निर्मल सिंह ठाकुर तथा पंचायत समिति सदस्य जोगिंदर देव आर्य ने रात के समय विशेष सावधानी रखने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार रात के समय रोशनी देने वाले उपकरणों बल्ब, ट्यूबलाइट, एलईडी, सोलर लाइटें, आदि को बंद रखना बहुत ही जरूरी है। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी संभावित खतरे से बचाव के उद्देश्य से उठाया गया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि जिला ऊना के उपायुक्त के आदेश का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की हवाई या अन्य आक्रामक गतिविधियों के दौरान नागरिकों की उपस्थिति को छिपाकर उन्हें सुरक्षित रखना है।

# युवती ने गलती से खाया जहरीला पदार्थ, मौत

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल। हरोली क्षेत्र में एक युवती ने जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया, जिसे 8 मई को सुबह 4.40 बजे ऊना के ग्रामीण अस्पताल में परिजनों ने भर्ती कराया, जहां से ऊना के ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया और युवती की गंभीर स्थिति के कारण उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया। पुलिस टीम के एएसआई चैन सिंह और कांस्टेबल ओम प्रकाश अस्पताल पहुंचे और एमएलसी रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज प्राप्त किए। युवती को बयान देने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था और उसके परिवार के सदस्यों के बयान नहीं लिए जा सके क्योंकि समय कम था और उसकी स्थिति बहुत गंभीर थी।

युवती की पीजीआई चंडीगढ़ जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई और उसे वापस लाया गया, जिसका पोस्टमार्टम आज 19 अस्पताल में करवाया गया है। पोस्टमार्टम के नतीजे जाने पर ही सही रूप से पता चल पाएगा कि युवती ने कौन सा जिला पदार्थ प्रयोग किया था, अभी तक की अन्वेषण के दौरान यह पाया गया है कि मृतक ने पेट दर्द की दवाई लेने की एवज में कोई जहरीला पदार्थ खाया था। मृतिका का पोस्टमार्टम करवा कर लाश को आगामी कार्रवाई के लिए परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# कर्ज से तंग आकर व्यक्ति ने मौत को लगाया गले

अनंत ज्ञान, ऊना

▶ सुसाइड नोट में आर्थिक तंगी बताई वजह

जिले के अंब थाना क्षेत्र के अंतर्गत अप्पर अंदौरा गांव में एक 38 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर कर्ज से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रमन कुमार पुत्र प्रीतम चंद निवासी अप्पर अंदौरा के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार घटना के समय रमन कुमार अपने कमरे में अकेला था। बच्चे स्कूल गए हुए थे और पत्नी दूध लेने बाहर गई थी। जब पत्नी वापस लौटी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने और आवाज लगाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला, तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर जाकर देखा गया कि रमन कुमार ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी गई है। सूचना मिलते ही अंब पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा गया।

पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान दर्ज कर लिए गए हैं, जिसमें उसने बताया कि रमन लंबे समय से आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान था। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आज और कल विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। विद्युत उपमंडल नं. 2 हमीरपुर के अंतर्गत विभिन्न फीडरों में मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के कारण 10 और 11 मई को विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता सौरभ राय ने दी। उन्होंने बताया कि 10 मई को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे 11 केवी हीरा नगर फीडर में तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे सर्किट हाउस, हीरानगर, कृष्णा नगर (बाईपास क्षेत्र), फॉरेस्ट कॉलोनी, नादौन चौक सहित आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे, जबकि 11 मई को सुबह 9 से सायं 5 बजे तक 11 केवी हमीरपुर लोकल फीडर, 11 केवी अणु माइक्रोवेव फीडर और 11 केवी मट्टन सिद्ध हमीरपुर फीडर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

इससे वार्ड नं. 2, वार्ड नं. 4, गांधी चौक, सब्जी मंडी, बस स्टैंड, धरयाना, रेस्ट हाउस, प्रताप होटल, हीरानगर, गंदा नौण, कृष्णा नगर, सेंटर स्कूल, पक्का भरो, श्याम नगर, गोपाल नगर, नड्याना, झनयारा, साईं अस्पताल, शास्त्री कॉलोनी, दोसड़का, फाटला, पंज्याली, बाई पास, पुलिस लाइन, प्रताप गली, हथली खड्ड, लालड़ी, लाहड़, जशोर, बारल, दुनेहडी, घनाल कलां, अणु कलां, फायर स्टेशन, घनाल खुर्द में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# बिजली की तारों की चपेट में आने से बाइक मैकेनिक युवक की मौत

अनंत ज्ञान, ऊना

उपमंडल बंगाणा के तहत थानाकलां गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवक की जान चली गई। हाई वोल्टेज बिजली लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बीस वर्षीय शिवु कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी थानाकलां के रूप में हुई है, जो पेशे से बाइक मैकेनिक था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवु कुमार दोपहर के समय अपनी दुकान से कुछ देर के लिए घर आया था और तीसरी मंजिल पर चाय पीने के लिए कुर्सी पर बैठा था। इस दौरान पास से गुजर रही 11 हजार केवी विद्युत लाइन ने उसे अचानक अपनी ओर खींच लिया। करंट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने साहस दिखाते हुए लकड़ी की मदद से शिवु को विद्युत संपर्क से अलग किया और परिजनों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बंगाणा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।

### संवेदनशील स्थिति में अफवाहों से बचें : थाना प्रभारी

अनंत ज्ञान, बंगाणा। थाना बंगाणा के प्रभारी रोहित कुमार ने क्षेत्र के समस्त पत्रकारों एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वर्तमान में भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी संवेदनशील स्थिति को ध्यान में रखते हुए कोई भी अपुष्ट या भ्रामक सूचना समाचार या पोस्ट के रूप में साझा न करें। प्रभारी ने कहा कि अफवाहों का प्रसार न केवल जनता में भय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न करता है, बल्कि इससे क्षेत्र की शांति और सौहार्द भी प्रभावित होता है। उन्होंने आग्रह किया कि केवल अधिकृत एवं सत्यापित स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं को ही प्रसारित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे संयम बरतें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। हम आपात स्थिति से निपटने को पूरी तरह तैयार हैं।

# चीन निर्मित वस्तुओं का करें बहिष्कार

अनंत ज्ञान, ऊना। महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा ब्लॉक अध्यक्ष नवदीप महे ने कहा कि सभी हिमाचल वासियों से और प्रशासन से निवेदन है कि चीन निर्मित वस्तुओं का बॉयकॉट करके, इंडिया का सामान खरीदना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया है कि यदि कोई चीन निर्मित वस्तुओं को बेच रहा और खरीद रहा है तो उस पर कार्रवाई की जाए।



जल्द महासभा द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया जाएगा कि सभी लोग चीन निर्मित वस्तुओं का उपयोग करें। जो प्रत्येक इलेक्ट्रॉनिक शॉप में चीन का समान का बेच रहे डीसी साहिब के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन दिया जाएगा और मौके पर छापा मरवाया जाएगा। यदि हम चीन के समान का बॉयकॉट करेंगे तो बैठे-बैठे हमारी जीत होगी और हमारा देश की तरक्की होगी।

सावधानी **डीसी के आदेश के बाद वीरवार रात्रि गगरेट में रहा ब्लैकआउट**

# सोलर लाइटों को ढकने का कार्य किया शुरू


सोलर लाइट ढकते राधा स्वामी सेंटर के सेवादार।

अनंत ज्ञान, गगरेट

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में चल रहे आतंकवादी कैंपों पर की गई एयर स्ट्राइक से बौखलाई पाकिस्तान सेना द्वारा भारत पर किए जा रहे ड्रोन अटैक व मिसाइल अटैक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा ऊना जिले में भी रात के समय ब्लैकआउट घोषित कर दिया है। इसी के साथ उपायुक्त ने तमाम ग्राम पंचायतों को उनके क्षेत्र में लगी सोलर लाइटों को भी ढकने के आदेश जारी किए हैं।

हालांकि वीरवार देर रात जिला प्रशासन द्वारा यह आदेश जारी किए गए, लेकिन इसके साथ ही उपमंडल गगरेट में बिजली सप्लाई सुबह पांच बजे तक के लिए बंद कर दी गई। बुधवार रात्रि ही पाकिस्तानी सेना ने पठानकोट एयरबेस को निशाना बनाते हुए ड्रोन अटैक के साथ मिसाइल अटैक भी किए। मिसाइल के कुछ शैल सीमावर्ती पंजाब के जिला होशियारपुर में भी मिले हैं। पठानकोट का एयर डिस्टेंस यहां से काफी कम है। यही वजह रही कि प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए देर रात ही ब्लैकआउट के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारियों व तमाम पंचायत प्रतिनिधियों को भी उनके क्षेत्र में लगी सोलर लाइट को ढकने को कहा है ताकि किसी भी अनहोनी घटना को हम स्वयं बुलावा न दे सकें। वीरवार को उपायुक्त के आदेश की अनुपालना करवाते हुए कई ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट ढक दी गई हैं।

भारतीय सेना की कार्रवाई से पाकिस्तान इतना बौखलाया हुआ है कि लगातार भारत के कई शहरों को निशाना बनाने में लगा हुआ है। यही वजह है कि एहतियात के तौर पर हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में भी ब्लैकआउट के आदेश जारी किए गए हैं। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि उपायुक्त के आगामी आदेश तक उपमंडल गगरेट में रात के समय ब्लैकआउट रहेगा। सभी ग्राम पंचायतों को सोलर लाइट ढकने के लिए भी कह दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोग रात के समय घरों के अंदर ही रहें और किसी भी प्रकार की लाइट जलाने से परहेज करें।

# धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप जयंती

▶ रक्तदान शिविर में 38 ने किया महादान

अनंत ज्ञान, हरोली। महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्लोह में महाराणा प्रताप की मूर्ति का विधिवत पूजा के बाद अनावरण किया गया। मूर्ति को फूलों के हार डाले गए तथा उन्हें नमन किया गया। हवन यज्ञ कर प्रसाद वितरित किया गया।

महाराणा प्रताप जयंती के शुभ अवसर पर रक्तदान कैंप का आयोजन शिव मंदिर सलोह में करवाया गया। शिविर में 38 लोगों ने खून दान किया। इस दौरान बताया गया कि खून दान करने से बड़े लाभ प्राप्त होते हैं, इसलिए स्वस्थ मनुष्य को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर पंचायत उपप्रधान अनिल जसवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बस किराये में वृद्धि कर जेब पर डाला डाका: भुट्टो

अनंत ज्ञान, बंगाणा

प्रदेश सरकार ने बस किराये में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी को लेकर कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने इस निर्णय को जनता की जेब पर सीधा डाका करार दिया है। भाजपा नेता भुट्टो ने कहा कि सुक्खू सरकार के अब तक के अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल में जनता महंगाई और टैक्सों के बोझ तले पूरी तरह से दब चुकी है।

भुट्टो ने कहा कि सुक्खू सरकार ने अब तक केवल टैक्स वसूली और जनता को लूटने का ही काम किया है। हर वस्तु पर टैक्स लगाकर प्रदेश की आम जनता को दिवालिया बना दिया गया है। खाद्य पदार्थों से लेकर पेट्रोल-डीजल तक और अब बस सफर करने पर भी जनता को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि पहले ही महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी है। रसोई गैस, दालें, आटा, तेल जैसी आवश्यक वस्तुएं आम आदमी


भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो और अन्य भाजपा नेता।

की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राज्य सरकार द्वारा लगाए गए अतिरिक्त करों के कारण प्रदेश में ये ईंधन देश के अन्य राज्यों की तुलना में महंगे हो गए हैं, ऐसे में अब बस किराये में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी करना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। इस फैसले ने साफ कर दिया है कि उसे जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है।

सुक्खू सरकार की नीतिगत विफलताओं और वित्तीय कुप्रबंधन का खामियाजा आम जनता क्यों भुगते? इस मौके पर मंडलाध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राजकुमार वर्मा, जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा, भाजपा नेता बलराम बबलू, युवा नेता सुमित वशिष्ठ, भाजपा नेता सूरम सिंह भी मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित, एडीएम अश्विनी कुमार ने कहा-

# जल जीवन मिशन पर व्यय हो रहे 312 करोड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी कुमार ने की।



बैठक में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अरुण शर्मा और अधिशाषी अभियंता एवं सदस्य सचिव जल जीवन मिशन अमित ने बताया कि कुल्लू जिला में जल जीवन मिशन के तहत 152 परियोजनाओं के माध्यम से हर घर को जल की आपूर्ति की जानी है। उन्होंने बताया इस पर 312.36 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने बताया इसमें 45 परियोजना तैयार हो चुकी हैं और इनपर 171.27 करोड़ व्यय हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि शेष 107 स्कीमों का कार्य अभी प्रगति पर है और इसे जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की भूमिका को मजबूत करने पर चर्चा की गई। वर्षा जल संचयन, स्रोत स्थायित्व और पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार हेतु आगामी योजनाओं पर विचार किया गया। सदस्य सचिव ने बताया कि दिल्ली से उपायुक्त कुल्लू के साथ जल जीवन मिशन के तहत वर्चुअल माध्यम से एक बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें कुल्लू जिला में जल जीवन मिशन के तहत विकास कार्यों की चर्चा की जाएगी ।

बैठक में कृषि विकास अधिकारी सुमन ठाकुर, डीआरडीए से इंद्र देव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से डॉ. सुरेश कुमार, उच्च शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय से घनश्याम शर्मा सहित जल जीवन मिशन कमेटी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### ग्राम सभा में पास स्कीमें बनाई जाएंगी

सदस्य सचिव ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों के लिए ग्रामवासियों की सहमति से ग्राम सभा में पास स्कीमें बनाई जाएंगी। बैठक में मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन के अभिसरण पर चर्चा की गई, जिसमें मेनसोर्स से आगे स्कीमों को पंचायतों के सुपुर्द करना, पानी की आपूर्ति, स्कीमों का रख-रखाव व संचालन भी पंचायतों द्वारा ही करने के बारे में चर्चा की गई।

### हर परिवार को मिल रहा निर्बाध पेयजल

सदस्य सचिव ने बताया कि कुल्लू जिला में 1,13,905 घर हैं और जल जीवन मिशन के तहत आनी तथा बंजार को छोड़कर सभी हर परिवार को निर्बाध पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण होते ही आनी व बंजार में भी निर्वाधित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### नल लगाने के निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू अश्विनी कुमार ने विभाग को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत जिन गांवों, स्कूलों आंगनबाड़ी केंद्रों अथवा अन्य किन्ही संस्थानों में जहां नल नहीं लगे हैं या पानी की उपलब्धता नहीं है। ऐसे संस्थानों में शीघ्र पेयजल उपलब्ध करवाया जाए।

# कटराईं बिहाल में नहीं रुक रहा अवैध खनन

मोहन कपूर, पतलीकूहल

▶ प्रशासन की अनदेखी से मायूस गांव वासियों ने खुद संभाला मोर्चा

जिला कुल्लू के कटराईं बिहाल में अवैध खनन जोरों पर हैं, आलम यह है कि प्रशासन खनन माफिया पर नकेल कसने में गंभीर नहीं दिख रहा है जिस कारण इनके हौसले और बुलंद हो रहे हैं।

वहीं, ग्राम कमेटी कटराईं ने शुक्रवार को इस मामले को लेक बैठक आयोजित की।

बैठक में कटराईं बिहाल में हो रहे अंधाधुंध तथा बेतरतीब खनन को लेकर चिंता जताई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का कहना था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही जिसकी वजह से स्थानीय लोगों में खासा रोष व्याप्त है।

उनका कहना है कि संबंधित विभागीय अधिकारियों के लापरवाही पूर्ण रवैये कर कारण खनन माफिया लगातार अवैध खनन कर रहा है। (अनंत ज्ञान)



कटराईं बिहाल में किए जा रहे अवैध खनन का दृश्य।

### ग्राम कमेटी कटराईं विधायक से करेगी चर्चा

बैठक में यह फैसला लिया गया कि शीघ्र ही विधायक भुवनेश्वर गौड़ की अध्यक्षता में संबंधित विभागों और जिला प्रशासन की बैठक आयोजित कर कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा।

### पौधरोपण को नुकसान

ग्राम कमेटी ने वन विभाग से आग्रह किया है कि शीघ्र ही विभाग पूर्व की भांति इस स्थान की फैंसिंग करके इसमें पौधरोपण करे तथा खनन माफिया द्वारा पेड़ों का जो नुकसान किया गया है उसके खिलाफ भी नियमानुसार उचित कार्रवाई करे।

### कमेटी सदस्यों ने खदेड़े खनन करने वाले

बैठक के उपरांत ग्राम कमेटी के सदस्यों ने मौके पर पहुंच कर खनन कर रहे लोगों को मौके से खदेड़ा और चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में खनन करते हुए पकड़े जाने पर गाड़ियों को जप्त कर लिया जाएगा तथा कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।

### कटराईं गांव पर मंडरा रहा खतरा

खनन माफिया के सक्रीय होने के कारण दरिया का रुख कटराईं गांव की ओर मुड़ने की वजह से गांव के बजूद को भी भारी खतरा पैदा हो गया है। खनन माफिया की मनमानी के कारण व्यास नदी का बहाव कटराईं गांव की ओर बढता जा रहा है तथा आने वाली बरसात में कटराईं गांव को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

### श्मशानघाट को नुकसान

गौरतलब है कि किसी समय में कटराईं बिहाल में बहुत बड़ा मैदान, प्राकृतिक जल स्रोत, मंदिर, हरे भरे पेड़, सामाजिक गतिविधियों तथा पिकनिक के लिए स्थल उपलब्ध था, परंतु व्यास नदी में आई बाढ़ के कारण इस संपदा का निशान अब मिट गया, श्मशानघाट सहित जो कुछ बचा था उसे चंद स्वार्थी लोगों और खनन माफिया ने भारी नुकसान पहुंचाया है जो वर्तमान में भी जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं की करवाई जाएगी निबंध लेखन प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, कुल्लू। युवा सेवा एवं खेल विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से एक राज्यव्यापी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का विषय 'वर्ष 2048 के लिए हिमाचल प्रदेश का खेल दृष्टिकोण' और यह दो चरणों में आयोजित की जाएगी। जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजिय होने वाली प्रतियोगिता में 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का प्रथम चरण जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तर के लिए अलग विषय निर्धारित किया जाएगा तथा विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। समाज में खेलों की भूमिका, मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर खेलों का सकारात्मक प्रभाव और खेल नीति, जमीनी स्तर पर विकास और युवा सहभागिता का भविष्य प्रतिभागियों को किसी एक विषय पर 1500 से 2000 शब्दों का निबंध हिंदी या अंग्रेजी में लिखकर 18 मई 2025, सांय 5 बजे तक पीडीएफ फॉर्मेट में ईमेल के माध्यम से yssklu@gmail.com पर भेजना होगा। निबंध के प्रथम पृष्ठ पर प्रतिभागी का नाम, पता, आयु, मोबाइल नंबर, हस्ताक्षर व ईमेल अवश्य अंकित होना चाहिए। प्रथम पुरस्कार 8 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार, तृतीय पुरस्कार 3 हजार और चौथे से दसवें स्थान तक 1 हजार प्रत्येक प्रतिभागी को दिया जाएगा। प्रतियोगिता से संबंधित समस्त निबंधों की जांच निदेशालय, युवा सेवा एवं खेल विभाग, शिमला द्वारा की जाएगी। कुल्लू जिले से पांच प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। खेल अधिकारी ने युवाओं से आग्रह है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अपनी सृजनात्मकता व खेलों के प्रति दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करें।

### किसान 31 तक शिविर में करवाएं पंजीकरण

अनंत ज्ञान, केलांग। उपायुक्त जिला लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने कहा है कि जिला की विभिन्न पंचायतों में 1 मई से 31 मई तक परिपूर्णता शिविरों (सैचुरेशन कैंप) का आयोजन किया जा रहा है ताकि किसान इस योजना में अपना पंजीकरण करवा सकें। उन्होंने बताया कि जिला के वे सभी किसान जो कि केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं उन सभी पात्र किसानों को योजना में पंजीकरण करवाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला की ग्राम पंचायत लोसर, खुरिक, डंखर ,गयु, जोबरांग, बारपा, तांदी, गोंधला, केलोंग, कोलोंग, तिंदी, मड़ग्रां, किशोरी, थिरोट में मई माह की 13 व 26 तारीख को, ग्राम पंचायत हल, किब्बर, लान्चा, ताबो, गोहरमा, रानिका, गोशाल, खंग्सर, युरनाथ, दारचा, सलग्रान, उदयपुर, त्रिलोकनाथ, मूरिंग में मई माह की 14 व 27 तारीख को, ग्राम पंचायत काजा, सान्शा, मूलिंग, सिस्सू, कारदंग, शकोली, नालड़ा में 15 व 28 तारीख को, ग्राम पंचायत डेमुल, कोकसर, वरबोग, चिमरट, झुंडा में 16 व 30 तारीख को, ग्राम पंचायत लालुंग, तिन्ग्रत, जाहलमा में 17 व 31 तारीख को, ग्राम पंचायत कुंगरी में 19 व 26 तारीख को, ग्राम पंचायत सग्नम में मई माह की 20 व् 27 तारीख को ग्राम सभा/ परिपूर्णता शिविर (सैचुरेशन कैम्प) का आयोजन किया जायेगा । उन्होंने योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक किसानों से आग्रह किया है कि वे किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पंजीकरण हेतु अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र, तहसील, पटवार वृत्त कार्यालय, ग्राम पंचायत कार्यालय, परिपूर्णता शिविर में जाकर यथाशीघ्र अपना पंजीकरण करवाएं। किसान योजना का सुचारू रूप से लाभ लेना सुनिश्चित करें।

## हिम आंचल टैक्सी यूनियन जवानों को देगी मुफ्त सेवाएं

अनंत ज्ञान, मनाली। पाकिस्तान व भारत के बीच चल रहे विवाद के बीच टैक्सी यूनियन मनाली देश के जवानों के लिए टैक्सी सेवाएं निशुल्क देगी। हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन मनाली के प्रधान राज कमल राजा ने बताया कि देश की सुरक्षा के लिए हमारे देश के जबान दिन रात बॉर्डर पर तैनात होकर देश की सेवा कर रही है।

देश के ताजा हालात में सभी संस्थाएं आगे आ रही है। इसी कड़ी में हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर ने फैसला लिया है कि देश के जबानों को मनाली से लेह, मनाली से चंडीगढ़ दिल्ली व अन्य पोस्टिंग क्षेत्रों तक निशुल्क सेवाएं प्रदान करेगी। यह फैसला देश हित के लिए लिया गया है और साथ ही कहा कि इस परिस्थिति में हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन मनाली देश की सेना के साथ हर परिस्थितियों में खड़ी है।

# विक्की चौहान के नाम रही आनी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या

जितेंद्र गुप्ता, आनी



जिला स्तरीय आनी मेले की दूसरी स्टार नाइट हिमाचल प्रदेश के अलावा देश, विदेश में अपनी आवाज का जादू बिखेर चुके सुप्रसिद्ध लोक गायक विक्की चौहान के नाम रही।

विक्की चौहान के स्टेज संभालने से पहले लोक गायिका वर्षा ठाकुर ने कुल्लू वाली शॉल लाई दे, गोरखिये, पाता पानो रा, एक आधिया मंगाई जा रे, कांडा चुटा कुम्बरो रा, ईसा ग्राइं दिया लम्बरा, लोक गायक राजेश धालटा ने तेरी आखि रा लश्कारा और एसएमएस चवासी के नाम से मशहूर संजय ठाकुर और श्याम ठाकुर ने सुमना र फुला सहित कई सुपरहिट गाने गाकर पंडाल में उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। जबकि स्टार कलाकार के रूप में स्टेज सम्भालते ही विक्की चौहान ने हिट गाने गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

वहीं विक्की चौहान ने अपनी इस सांस्कृतिक संध्या के दौरान भारत माता की जय के नारों से दर्शकों में देशभक्ति का भी जज्बा पैदा किया। वहीं दूसरी सांस्कृतिक संध्या में में आनी के विधायक लोकेंद्र बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# काजा में 23 को 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम : शिखा

अनंत ज्ञान, काजा

जिला लाहौल-स्पीति के काजा में 23 मई को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा करेंगे। यह जानकारी कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने शुक्रवार को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों से चर्चा की गई है। कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों के निष्पादन हेतु दिशा निर्देश दिए ताकि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के दौरान आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में जनसमस्याएं सुनी जाएगी जिनका मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं संबंधी प्रदर्शनी भी कार्यक्रम में लगाई जाएगी।



कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे। इस अवसर पर आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की जांच तथा नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। बैठक में अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग जितेश शर्मा, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग मुनीश, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग मनोज नेगी, खंड विकास अधिकारी अंशुल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# 'मानवता के पक्ष में' विषय पर निकाली जागरूकता पदयात्रा

अनंत ज्ञान, निरमंड

निरमंड में चल रहे रेडक्रॉस मेले के दूसरे दिवस की शुरुआत 'मानवता के पक्ष में' विषय पर आयोजित जागरूकता पदयात्रा से हुई। इस अवसर पर शशि पाल नेगी, सहायक आयुक्त कुल्लू, मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मेले के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की गईं जिनमें दिव्यांग मूल्यांकन शिविर, रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख रहे। दिव्यांग मूल्यांकन शिविर में कुल 103 व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें से 62 पात्र व्यक्तियों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे।



रक्तदान करने वालों को सम्मानित करते हुए।

इस आयोजन का उद्देश्य जनमानस में मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

# रोहित पहलवान ने जीती कलैहली माली

अनंत ज्ञान, भुंतर

कलैहली कुश्ती दंगल लखदाता छिंज कमेटी के प्रयासों व लखदाता पीर की कृपा से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

इस कुश्ती दंगल में चौबे राम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। लखदाता की विधिवत पूजा के उपरांत रिबन काटकर मुख्य अतिथि ने कुश्ती का शुभारंभ किया। लखदाता छिंज कमेटी कलैहली के अध्यक्ष बुध राम, उपप्रधान दया राम व विजय, महामंत्री ज्ञान चंद, कोषाध्यक्ष गोपाल, आत्मा राम व तमाम मेंबरों ने इस आयोजन को सफलता बनाने इसके लिए सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। छिंज कमेटी कलैहली हर वर्ष शानदार प्रबंध करके कुश्ती दंगल करवाती है। कुश्ती का फाइनल मुकाबला पहलवान रोहित सारण पंजाब व पहलवान नवाज अली चंबा के बीच हुआ। रोहित ने नमाज अली को पछाड़ कर कलैहली दंगल जीत कर माली अपने नाम की ।



कलैहली कुश्ती माली के विजेता के साथ कमेटी के सस्य व अन्य गणमान्य लोग।

छिंज कमेटी ने क्रिकेट की बिजेता टीमों को मुख्यतिथि द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कुश्ती दंगल में रैफरी की भूमिका झावे राम पहलवान ने बखूबी निभाई और सही निर्णय दिए।

## सीएमओ कुल्लू ने दी नियमों की जानकारी

अनंत ज्ञान, कुल्लू । जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल के सभागार में टीकाकरण एवं संशोधित आरआई मैनुअल एवं एईएफआई निगरानी प्रतिक्रिया गाइडलाइन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

इस कार्यशाला का समापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनआर पवार ने किया। कार्यशाला में स्वास्थ्य कर्मियों और पर्यवेक्षको को नवजात शिशुओं और बच्चों के टीकाकरण की बारीकियां सिखाई गई। सीएमओ कुल्लू डॉक्टर नागराज पवार ने बताया कि कई बार 2 साल के बाद 5 साल तक के बच्चों को वैक्सीन नहीं मिल पाती है। ऐसे में किस तरह से उन्हें दोबारा से वैक्सीन दी जाए।

अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## एक-दूसरे का सहयोग न करना महिलाओं का पिछड़ने का मुख्य कारण



शीला नेगी, बबेली

महिलाओं के पिछड़ने का मुख्य कारण एक महिला का दूसरी के साथ सहयोग न करना है इसलिए महिलाओं को अपनी झिझक को छोड़कर आगे आना होगा। साथ ही महिलाओं को एक दूसरे का पूर्ण सहयोग करना चाहिए। सरकार को भी चाहिए कि महिलाओं के लोक लुभावनी घोषणा न करते हुए महिलाओं को अधिक से अधिक मौका दें और ये सुनिश्चित करें कि महिलाएं आर्थिक रूप से ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बने। हर वो काम करे जिसको करने का सपना वह देखती हैं। राजनेताओं को भी चाहिए कि वोट के लिए वो महिलाओं के साथ दोहरे मापदंड न अपनाएं।

# महिला उत्थान के लिए सही दिशा में हो प्रयास महिलाओं को खुद बनानी होगी अपनी जगह

**महिलाओं को समझनी होगी अपनी ताकत**

कमलेश वर्मा, कुल्लू। समाज में जितनी भूमिका पुरुषों की है उससे कहीं ज्यादा महिलाएं अपने जीवन काल में अलग-अलग भूमिकाओं को निभाते हुए समाज को एक दिशा देने का कार्य कर रही हैं, लेकिन आज भी हमारे समाज में कहीं न कहीं पुरुषों का वर्चस्व कायम हैं जोकि महिलाओं की भूमिका को पूरी तरह से बराबरी पर लाने में संकोच कर रहे हैं।

वर्तमान समय में देश व प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी पहले के मुकाबले काफी बड़ी है हालांकि इसे संतोषजनक तो नहीं कह सकते क्योंकि अभी भी इसमें बहुत से कार्यों को अंजाम दिया जाना बाकी है। बेशक महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत और अपने हौसले के दम पर अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है लेकिन पुरुष प्रधान समाज में आज भी कुछ लोग महिलाओं को पुरुषों से कम आंकते हैं। समाज से महिलाओं को अपनी जगह खुद ही बनानी होगी और इसके लिए महिलाओं को अपनी ताकत को समझना होगा।

साथ ही सरकारों को भी चाहिए कि महिला उत्थान के लिए भी सही दिशा में प्रयास होने चाहिए। इन्हीं कुछ विषयों को लेकर जिला की महिलाओं से अनंत ज्ञान की प्रभारी ने चर्चा की पेश हैं उसके कुछ अंश...

## हर दिवस महिलाओं के लिए उनका अपना दिवस होना चाहिए

हर साल हम 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हैं मगर मेरा मानना है कि हर दिवस महिलाओं के लिए उनका अपना दिवस होना चाहिए। इसके लिए सब से ज्यादा जरूरी है कि महिलाएं शिक्षित हों और अपने अधिकारों के प्रति सचेत हो।

इसके साथ ही महिलाओं को चाहिए कि वो आत्मनिर्भर बने और किसी पर भी निर्भर होने की दुर्बलता को पीछे छोड़ समाज में आगे बढ़े। वहीं, यदि राजनीति की बात करें तो महिलाओं का उत्थान के लिए उन्हें और भी ज्यादा मौके देने की जरूरत है। साथ ही महिलाओं को पॉलिसी मेकिंग ओर डिसीजन मेकिंग में भी शामिल करने की जरूरत है ताकि महिलाओं की भागीदारी बढ़े। राजनीति और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में डिसीजन मेकिंग ओर पॉलिसी मेकिंग में शामिल करें ताकि महिलाओं के आत्मविश्वास को ओर अधिक बल मिले।



कुब्जा ठाकुर, अखाड़ा बाजार

## महिलाओं को समाज में समानता का हक



सुनीता ठाकुर, मौहल

महिलाओं के बिना किसी भी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती और समाज में संतुलन के लिए महिलाओं को समानता का अधिकार सिर्फ घोषणाओं में न हो बल्कि इस पर कोई कारगर कानून बने तो ज्यादा अच्छा रहेगा। समाज में उनके लिए स्थान बनाने के लिए पुरुषों के साथ समान अधिकारों की गणना और समर्थन भी महत्वपूर्ण है। महिलाओं को समाज में समानता, न्याय और स्वतंत्रता का पूरा हक मिलना चाहिए। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार के मौके और समाजिक समर्थन की सुविधा मिलनी चाहिए इसके साथ ही सभी महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिले ताकि सुरक्षित माहौल में रहते हुए महिलाओं को अपने हुनर को तराशने ओर अपने लिए अवसर तलाश बनाने का मौका मिलना चाहिए।

## समाज में महिलाओं की भूमिका अहम



रमा राजपूत, सुल्तानपुर

समाज से महिलाओं को अपनी जगह खुद ही बनानी होगी और इसके लिए महिलाओं को अपनी ताकत को समझना होगा। समाज में आज भी महिलाओं के प्रति पुरुषों का रवैया सही नही है जिसके लिए नारी शक्ति को खुद को कमजोर मानने की बजाए खुद को मजबूती के साथ पेश करना होगा ताकि समाज में फैली पुरानी मानसिकता ओर भ्रांतियों को तोड़ा जा सके। समाज में महिलाओं की भूमिका बहुत ही अहम है। इसलिए सरकार को भी चाहिए कि वो महिलाओं के लिए ऐसे कानून बनाये जिससे महिलाओं का उत्थान हकीकत में न कि सिर्फ घोषणाओं ओर किताबी बातों तक सीमित रहे।

# स्कूलों में 250 लेक्चरर और 29 प्रिंसिपल की पोस्ट भरने की तैयारी

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन में सरकारी स्कूलों में रिक्त पड़े लेक्चर और प्रिंसिपल पदों को भरने की प्रक्रिया तेज हो गई है। शिक्षा विभाग के मुताबिक जिले के जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या अधिक है, उन पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान दिया जा रहा है। विभाग का कहना है कि सब कुछ योजना के अनुसार चला, तो अगले एक से डेढ़ महीने में ये खाली पद भर दिए जाएंगे।

बता दें कि स्कूलों में खाली पदों की वजह से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई स्कूलों में विषय अध्यापकों की अनुपस्थिति के कारण बच्चों को वैकल्पिक व्यवस्थाओं से पढ़ाया जा रहा है, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। विभाग का उद्देश्य न केवल पदों को भरना है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार लाना है। इससे छात्रों को उचित मार्गदर्शन और विषय विशेषज्ञों से पढ़ाई का लाभ मिल सकेगा।

## शिक्षा विभाग तीन माह से कर रहा स्कूलों की सूची तैयार



शिक्षा विभाग पिछले तीन महीनों से उन स्कूलों की सूची तैयार कर रहा है जहां छात्र संख्या अधिक है और शिक्षक पद रिक्त हैं। अधिकारियों का कहना है कि विभाग इन सूचियों के आधार पर प्राथमिकता तय कर रहा है ताकि पहले उन स्कूलों को शिक्षकों से सशक्त किया जा सके, जहां छात्रों की संख्या और आवश्यकता अधिक है।

## छात्रों को मिलेगा सीधा लाभ

खाली पदों को भरने से छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्हें प्रत्येक विषय में विशेषज्ञ अध्यापक मिल पाएंगे जिससे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी भी बेहतर हो सकेगी। विभाग का मानना है कि गुणवत्ता से समझौता किए बिना शिक्षकों की तैनाती की जाएगी, जिससे शिक्षा प्रणाली में मजबूती आएगी और बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा।

## शिक्षा व्यवस्था में आएगा बदलाव

इस कदम से छात्रों और उनके अभिभावकों में आशा की नई किरण जगी है। कई अभिभावकों ने कहा कि बच्चों को पिछले कुछ समय से विज्ञान और गणित जैसे अहम विषयों में कठिनाई हो रही थी। एक छात्रा ने कहा कि 'हमारी कक्षा में कई महीनों से अंग्रेजी विषय का शिक्षक नहीं था, उम्मीद है अब पढ़ाई ठीक से हो पाएगी।' वहीं एक शिक्षक संगठन ने इस प्रयास को सकारात्मक बताया और कहा कि यदि नियोजन और पारदर्शिता के साथ नियुक्तियां की जाएंगी, तो यह जिले की शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

# चरस तस्कर को दस साल का कठोर कारावास

अनंत ज्ञान, नाहन

सत्र न्यायाधीश जिला सिरमौर योगेश जसवाल की अदालत ने एक मामले में मुजरिम करार दिए गए चतर सिंह पुत्र स्व. जीत सिंह, निवासी गांव सथोह डाकघर कांटी मशवा, तहसील कमरऊ जिला सिरमौर को 10 साल का कठोर कारावास व एक लाख रुपए जुर्माना अदा करने के आदेश दिए। जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोषी को 2 साल का साधारण कारावास भुगतना होगा।

न्यायवादी चंपा सुरील ने बताया कि 28 नवंबर 2019 को एसआईयू टीम पांवटा-सतौन-रेणुका जी आदि क्षेत्रों में अवैध शराब की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही थी।

## दोषी को अदा करना होगा एक लाख रुपए जुर्माना



न्यायवादी चंपा सुरील ने बताया कि साढे आठ बजे जब टीम सतौन में मौजूद थी। इसी बीच एचसी राकेश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि चतर सिंह, पुत्र जीत सिंह चरस की बिक्री में संलिप्त है और चरस की बिक्री के सिलसिले में शिलैना के पास दछोई पुल पर आया हुआ है। जिला न्यायवादी ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस टीम दछोई पुल की ओर बढ़ी। टीम दछोई पुल के पास पहुंची तो इसी बीच मुजरिम को पुल के दूसरी ओर खड़ा देखा। एचसी राकेश कुमार ने चतर सिंह को अपना परिचय दिया। उसने अपने हाथ में लिया हुआ बैग मौके पर फेंक दिया और नाले की ओर भागने की कोशिश की। मुजरिम ने चप्पल पहन रखी थी और जैसे ही उसने भागने की कोशिश की, उसके दाहिने पैर में चोट लग गई और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बैग की जांच करने पर उसके पास से 1 किलो 525 ग्राम चरस बरामद हुई। चंपा सुरील ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने 16 गवाहों ने अपने बयान कमलबंद करवाए। अदालत ने सबूतों के आधार पर मुजरिम सजा सुनाई।

## न्यूज ब्रीफ

### विधानसभा उपाध्यक्ष का 5 दिवसीय सिरमौर प्रवास

अनंत ज्ञान, नाहन। हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 10 से 14 मई, 2025 तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 10, 11 व 12 मई को स्थानीय पंचायतों का दौरा कर लोगों से मिलेंगे तथा उनकी समस्याओं का निराकरण भी करेंगे। उपाध्यक्ष 13 मई को प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौहराधार में मुख्य अतिथि होंगे तथा वह विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष ग्राम पंचायत नोहराधार में लोक भवन का शिलान्यास करने के उपरांत गेलियो मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त कर भागवत कथा में भाग लेंगे। 14 मई को स्थानीय पंचायतों का दौरा करेंगे तथा क्षेत्र की समस्याओं को जानेंगे।

### बिल जमा न करवाने पर कटेगा कनेक्शन

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन डिवीजन के विद्युत उपमंडल बागथन के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं जिन्होंने अपने पुराने बिजली के बिल अभी तक जमा नहीं करवाया है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपना पुराना बिल तत्काल जमा करवाएं। अन्यथा कनेक्शन काटा जाएगा। बाद में 250 रुपए रिकनेक्शन फीस वसूली जाएगी। एसडीओ केपी सिंह ने बताया कि सभी उपभोक्ता अपने विद्युत बिलों की अदायगी विद्युत उपमंडल बागथन कार्यालय, लोकमित्र केंद्र, एचपीएसईबीएल की वेबसाइट अथवा एचपीएसईबीएल मोबाइल एप्प द्वारा तुरंत करें, अन्यथा बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन विद्युत उपमंडल बागथन के कर्मचारि बिना किसी अतिरिक्त पूर्व सूचना के काटने को बाध्य होंगे और कनेक्शन केवल पुरे बिल व अतिरिक्त 250 रुपए रिकनेक्शन चार्ज की अदायगी के बाद ही जोड़ा जाएगा।

### डीएवीएन स्कूल में रेडक्रॉस-डे पर प्रकाश डाला

अनंत ज्ञान, नाहन। डीएवीएन पब्लिक स्कूल ददाहू के द्वारा रेडक्रॉस-डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र गोयल ने विद्यार्थियों को बताया कि विश्व रेडक्रॉस-डे के जनक जीन हेनरी डयूनेंट के जन्मदिवस को चिन्हित करता है। जिसका जन्म 8 मई 1828 को जिनेवा जो कि स्विजरलैंड में है हुआ था। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने ददाहू अस्पताल में जाकर चिकित्सक अशोक से प्राथमिक चिकित्सा संबंधी और अपने आपको स्वस्थ बनाए रखने की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, सभी चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सक अशोक, विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कुणाल ठाकुर वॉलीबॉल हॉस्टल संघोल के लिए चयनित

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत मांगू के होनहार खिलाड़ी कुणाल ठाकुर का चयन वॉलीबाल हॉस्टल संघोल के लिए हुआ है। 24 अप्रैल को शिमला में आयोजित प्रदेश स्तरीय अंडर-19 वॉलीबाल ट्रायल में कुणाल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और हॉस्टल में स्थान हासिल किया। कुणाल ठाकुर शिमला के लालपानी स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र है और इंदिरा गांधी कांप्लेक्स में वॉलीबॉल कोच सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहा है। कुणाल के पिता सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि उनका बेटा बचपन से ही वॉलीबॉल का शौकीन है और कड़ी मेहनत के बल पर आज इस मुकाम पर पहुंचा है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा पर विचार किए सांझा

अनंत ज्ञान, सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन में 'शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान पद्धति और नवाचार शिक्षण उपकरणों का उपयोग के उभरते रुझान' पर चल रहे संकाय विकास कार्यक्रम का चौथा दिन भारतीय ज्ञान परंपरा के नाम रहा। इसमें संसाधन व्यक्ति के रूप में राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर मनीषा कोहली ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रतिभागियों से सांझा किए। जनजातीय समूहों का ज्ञान, देव संस्कृति, पारंपरिक वास्तुकला, लोक नृत्य, खेल, हस्तशिल्प, हथकरघा, विभिन्न व्यंजन तथा जीआई टैगिंग चर्चा में मुख्य विषय रहे। डॉ. कोहली ने नई पीढ़ी की भारतीय ज्ञान परंपरा में घटती रुचि पर गहरी चिंता जताई। इस मौके पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) के समन्वयक डॉक्टर अनिल ठाकुर सहित आइक्यूएसी के सभी सदस्य (डॉक्टर बीएन कमल, डॉक्टर प्रेम प्रकाश, डॉ. एनआर कश्यप, प्रो. प्रमोद कुमार डॉक्टर मीनू कुंडी, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. मंजू ठाकुर, डॉ. रमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### घनागुघाट में पशु जागरूकता शिविर का आयोजन

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। ग्राम पंचायत घनागुघाट में कामधेनु हितकारी मंच की ओर से नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय पशु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डॉक्टर स्वर्ण सेन ने की। इस शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को पशुपालन और विभागीय योजनाओं के बारे में जागरूक करना रहा। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ देवराज शर्मा ने पशुपालन को व्यावसायिक उन्नति का महत्वपूर्ण साधन बताया। उन्होंने पशुओं के रखरखाव,देखभाल और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. देवराज शर्मा ने कहा कि पशुपालन से न केवल आय बढ़ाई जा सकती है,बल्कि यह रोजगार का भी एक अच्छा साधन है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मानवी चौधरी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में ग्राम पंचायत प्रधान मधुबाला, उप प्रधान प्रवीण कुमार और कामधेनु हितकारी मंच की निशा देवी भी उपस्थित रहीं।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



अनंत ज्ञान, नाहन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला सिरमौर इकाई ने भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए आज उपायुक्त सिरमौर को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने प्रशासन को यह आश्वासन दिया कि जिले का प्रत्येक परिषद कार्यकर्ता किसी भी आपातकालीन स्थिति में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है। यह ज्ञापन परिषद के प्रदेश सह मंत्री मनीष बिरसांटा के नेतृत्व में सौंपा गया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार देश इस समय एक संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह राष्ट्रहित में अपने स्तर पर योगदान दे। विद्यार्थी परिषद का हर कार्यकर्ता राष्ट्रीय आपदा, युद्ध या अन्य संकट के समय प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए सेवा कार्यों में तत्पर रहेगा। मनीष बिरसांटा ने कहा कि परिषद का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक और सामाजिक जागरूकता फैलाना है, बल्कि राष्ट्रीय संकट के समय सक्रिय भूमिका निभाना भी है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि परिषद की इस तत्परता को संज्ञान में लिया जाए और आवश्यकता पड़ने पर परिषद कार्यकर्ताओं को उचित दिशा-निर्देश दिए जाएं ताकि वे ज़रूरतमंदों तक सहायता पहुंचा सकें।

## नेशनल हाईवे-5 पर 13 और 14 मई को अतिक्रमण हटाने की चलेगी मुहिम


# अवैध पार्किंग पर कसेगा शिकंजा

आर मोहन चौहान, सोलन

जिला मुख्यालय सोलन से होकर गुजर रहे नेशनल हाईवे-5 के परवाणु-सोलन और चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन के किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमणकारियों पर अब शिकंजा कसने वाला है।

प्रदेश हाईकोर्ट के आदेशानुसार ने प्रशासन मुख्य मार्गों सहित माल रोड सोलन और राजगढ़ रोड से 13 और 14 मई को एक बार फिर से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाएगा। वहीं प्रशासन ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग का सहयोग करने को कहा है। सोलन में नेशनल हाईवे सहित शहर की मुख्य सड़कों में अवैध पार्किंग से ट्रैफिक समस्या बढ़ती ही जा रही है।

इसके अलावा माल रोड सोलन और राजगढ़ रोड पर अतिक्रमण हटाने की करवाई के बावजूद दुकानदार बार-बार अतिक्रमण कर सड़क और फुटपाथ में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। रोड साइड वाहनों की पार्किंग से तंग आकर ट्रैफिक पुलिस पहले भी जिला प्रशासन को पत्र लिख कर वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुका है। (अनंत ज्ञान)



सोलन के सपरून में हाईवे के किनारे अवैध तरीके से पार्क वाहन।

## हाईवे और राजगढ़ रोड पर अधिक समस्या

हाईवे में सोलन से चंबाघाट तक, सपरून से समलेच तक, सिटी पुलिस चौकी से लेकर जौणाजी रोड, परवाणु-सोलन फोरलेन में रबोन, सपरून, बाईपास ,सब्जी मंडी से चंबाघाट तक रोड साइड पार्किंग हमेशा वाहन दुर्घटना का खतरा रहता है। अतिक्रमण के चलते सपरून और मॉल रोड पर अक्सर जाम की स्थिति भी देखने को मिल रही है। इससे ट्रैफिक पुलिस नाखुश है।

## कार्रवाई के बाद सड़कों पर फिर सज जाती हैं दुकानें

शहर में कई जगह अतिक्रमण देखने को मिल रहा है। सोलन नगर निगम भी शहर में अतिक्रमण को हटाने की मुहिम चलाता है। इसके लिए निगम कई बार लोगों के जहां चालान करती है तो वहीं कई बार लोगों का सामान भी जब्त हो जाता है। लेकिन निगम की कार्रवाई का इन अतिक्रमणकारियों पर कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। वहीं निगम की कार्रवाई के बाद भी सड़कों पर दुकानों को सजा देते हैं।

## मॉल रोड पर बने फुटपाथ पर भी अतिक्रमण

पुलिस जैसे ही एक तरफ से जाम को खुलवाने की कोशिश करती है तो दूसरी तरफ अतिक्रमण होने के चलते फिर जाम लग जाता है। वहीं मॉल रोड पर बने फुटपाथ पर भी अतिक्रमण है। इसके चलते यहां से लोग नहीं गुजर सकते है और मजबूरी में सड़क पर चलते है। यहां कई बार कुछ लोगों को वाहनों से चोटें भी आई है। इतना ही नहीं डीसी ऑफिस से कोटलानाल तक कई जगहों पर तो लोगों ने मनमानी कर वाहनों को पार्क करने के लिए लोहे के एंगल लगा कर कब्जा कर रखा था जिसे प्रशासन हटा चुका है। पर अब फिर से इस प्रकार की गतिविधियां शुरू हो गई है।

"हाईकोर्ट के निर्देशानुसार नेशनल हाईवे और शहर की मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी। इसके तहत सपरून से ओल्ड बस स्टैंड और राजगढ़ रोड पर अतिक्रमण की शिकायतें प्राप्त हुई है। दुकानदारों से आग्रह है कि नियम के अनुसार दुकानों से अंदर ही सामान लगाएं ताकि सोलन शहर साफ स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बना रहे।
-डॉ. पूनम बंसल, एसडीएम, सोलन।

# भारतीय सेना की कामयाबी के लिए नाहन में किया यज्ञ



हवन-यज्ञ के दौरान मौजूद राजीव बिंदल व साथ हैं अन्य।

अनंत ज्ञान, नाहन

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सफलता पूर्वक पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को खत्म कर दिया है। भारत की इस कामयाबी से पाकिस्तान ने देश के 15 शहरों पर हमला करने का प्रयास किया जिसे हमारी सेना ने विफल कर दिया।

सेना की इस कामयाबी पर और भारतीय सेना की सुरक्षा एवं सफलता के लिए आज नाहन के ऐतिहासिक माता कालीस्थान मंदिर में शाम एक यज्ञ का आयोजन किया गया।

इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अगुआई में बड़ी संख्या में लोगों ने यज्ञ व हवन में भाग लेकर देश की सुरक्षा, सेना की सफलता की प्रार्थना की गई। इस

## पाकिस्तान के जवाबी हमलों का भी दिया जा रहा मुंहतोड़ जवाब

अवसर पर डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि देश व हमारी सेना की सफलता को लेकर यह यज्ञ हो रहा है ताकि देश को विजयश्री प्राप्त हो। भारतीय सेना ने अदम्य साहस से ऑपरेशन सिंदूर कामयाब किया और अब पाकिस्तान के जवाबी हमलों का भी मुहतोड़ जवाब दिया जा रहा है।

यह विजय श्री यज्ञ देश की सेना की सफलता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता के लिए किया जा रहा है। आज देश के 140 करोड़ लोग देश के साथ खड़े हैं और देवी देवताओं के आशीर्वाद भी साथ हो इसके लिए यह आयोजन किया गया है।



# समाजसेवा और देशभक्ति के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, अर्की

लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड कैंप के समापन समारोह में डॉ. प्रेम गुप्ता बतौर मुख्यातिथि पधारे। विशेष अतिथि डॉ. कुसुम गुप्ता ने भी समारोह में शिरकत की। कैंप तीन दिन सुचारू रूप से चला इसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जैसे आत्म अनुशासन, समाजसेवा और देशभक्ति के बारे में पुष्पराज और वरुण द्वारा विधिवत रूप से बताया गया। समापन समारोह में स्कूल की गाइड मास्टर शिवानी के द्वारा तीन दिन की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यातिथि के सामने प्रस्तुत की गई। अंत में स्काउट मास्टर आशीष शर्मा में स्कूल की तरफ से सभी का धन्यवाद किया उनके साथ स्कूल के स्काउट मास्टर जितेंद्र और सुनीता भी मौजूद रहे।

# पाइनग्रोव स्कूल में चिनार सदन ने बांधा समां

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि का स्वागत विद्यालय के ब्रास बैंड के वाद्य यंत्रों बी फ्लैट, टेनर, ट्रोम्बों, बी फ्लैट कोर्नेट और बी फ्लैट इयुफोनेट की मधुर धुनों से किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत चिनार सदन के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई। स्वागत संबोधन का उद्घाटन अद्वित्य और समृद्धि जस्वाल द्वारा किया गया। इसके पश्चात चिनार सदन के होनहार विद्यार्थियों द्वारा शास्त्रीय संगीत की



सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र।

धुन, तबला वादक के ताल-लय और हारमोनियम की आवाज ने हाल में बैठे हुए श्रोतागण और अध्यापक व अध्यापिकाओं का मन मोह लिया। इस शानदार प्रस्तुति के बाद विद्यार्थियों द्वारा लघु नाटिका 'मधुआ' की प्रस्तुति की गई। लघु नाटिका के पश्चात विद्यार्थियों ने पश्चिमी संगीत की प्रस्तुति से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। पश्चिमी संगीत के बाद विद्यालय की बालिकाओं द्वारा नृत्य-गान व डांस से सब का मनमोह लिया। अंत में चिनार सदन के नभ्या और भारती ठाकुर ने धन्यवाद किया। मुख्यातिथि के रूप में पाइनग्रोव स्कूल के हेड ऑफ स्कूल कैप्टन रेणु शर्मा ने हौंसला अफजाई की।

# सेना के जवानों को ड्यूटी पर पहुंचाएगी शूलिनी टैक्सी यूनियन

अनंत ज्ञान, सोलन

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी के बीच जो भी भारतीय फौजी छुट्टी आए थे उन्हें सोलन टैक्सी यूनियन निशुल्क उनके ड्यूटी स्थल तक पहुंचाएगी। शूलिनी टैक्सी यूनियन ने यह निर्णय लिया है कि देश के रक्षकों को अब ट्रेन व बस में धक्के खाने की जरूरत नहीं है। यदि किसी कारणवश रेल या बस इत्यादि की रिजर्वेशन नहीं होती है तो टैक्सी यूनियन सेना के जवानों को निशुल्क उनके स्थल पर पहुंचाएगी।

शूलिनी टैक्सी यूनियन के प्रधान कमल कुमार ने बताया कि सैनिकों को उनके ड्यूटी स्थल पर टैक्सी यूनियन निशुल्क पहुंचाएगी।



टैक्सी यूनियन के सदस्य जानकारी देते हुए।

# मानवता की सेवा ही रेडक्रॉस का उद्देश्य : मनमोहन

अनंत ज्ञान, सोलन

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस का उद्देश्य पीड़ित मानवता की सेवा और जरूरमंदों की सहायता करना है। मनमोहन शर्मा आज यहां विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली को रवाना करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह दिवस हमें पीड़ित मानवता के प्रति सेवा की भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस का इस वर्ष का थीम 'मानवता को जीवित रखना' है जो वर्तमान में अत्यंत



रेडक्रॉस दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली को रवाना करते उपायुक्त।

महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मानवता के कार्यों को जीवित रखना और जरूरतमंदों की सहायता करना ही रेडक्रॉस समिति का ध्येय है।

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने इससे पूर्व क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के विभिन्न वार्डों में जाकर रोगियों को फल वितरित किए तथा उनका कुशलक्षेम जाना। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च विद्यालय खरड़हट्टी, राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार, राजकीय उच्च विद्यालय बातल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुन्धन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथालग, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डुमैहर आदि में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# नाको में एक पर्यटक की मौत

अनिल नेगी, रिकांगपिओ। किन्नौर के नाको गांव में एक पर्यटक की हाई एल्टीट्यूट में सांस की दिक्कत के कारण मृत्यु हो गई। जिला परिषद सदस्य शांता कुमार ने कहा कि यह घटना टाली जा सकती थी अगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाको चालू होता, लेकिन सरकार की बेरुखी के कारण यह सब हुआ है।

शांता कुमार ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बंद कर दिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। पर्यटक की पहचान सुनील चंदेल उम्र 55 वर्ष पुत्र सुरेश चंदेल अहमदाबाद के रूप में हुई है।

## दिशा-निर्देश | उपायुक्त सोलन ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए की बैठक

# सोलर लाइटों को बंद करने और ढकने के आदेश जारी

अनंत ज्ञान, सोलन

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने आज यहां युद्ध की आशंका के दृष्टिगत आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की और सभी विभागों को इस संबंध में उचित दिशा-निर्देश जारी किए। मनमोहन शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को ब्लैक आउट के समय प्रयोग किए जाने वाले साइरनों की जांच सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए ताकि आपात स्थिति में लोगों तक सायरन की आवाज पहुंच सके।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिला सोलन में स्थापित सभी



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त व मौजूद अन्य अधिकारी।

सोलर लाइटों को अस्थाई तौर पर बंद करने अथवा ढकने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी आदेशों तक संवेदनशील क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें बंद करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को जवाहर पार्क में स्थापित साइरन के संचालन के लिए गृह रक्षा के जवान की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। मनमोहन शर्मा ने अग्निशमन विभाग को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने जिला के नागरिकों को सुरक्षा की दृष्टि से बिना कार्य के सांय बाद घरों से बाहर न निकलने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से रात्रि के समय में अपने घरों की खिड़कियां ढंक कर रखने का आग्रह भी किया।

## पंचायत सचिव और प्रधान लोगों को करें जागरूक

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन के अध्यक्ष ने सुरक्षा और सावधानी के दृष्टिगत सभी पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत प्रधान, बीडीसी सदस्य एवं जिला परिषद सदस्यों को आदेश जारी किए हैं। पंचायती राज प्रतिनिधि लोगों को सतर्क रहने तथा रात के समय घरों की लाइटें बंद रखने के निर्देश जारी करें।

# बाडुबाड़ा मंदिर दाड़लाघाट में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

उप तहसील दाड़लाघाट के अंतर्गत बाडुबाड़ा मंदिर दाड़लाघाट में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। कथावाचक आचार्य हरि जी महाराज व उनके साथ आए अन्य आचार्यों का ग्रामीणों ने स्वागत किया गया।

कथा शुरू होने से पहले महिलाओं ने शिव मंदिर दाड़ला से लेकर कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली। कथा के पहले दिन आचार्य हरि जी महाराज ने आत्मदेव और धुंधकारी की कथा सुनाते हुए जीवन में संतुलन और आज्ञाकारी संतान के महत्व को बताया। आचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल श्रवण की नहीं, बल्कि जीवन में अनुसरण करने की भी बात करती है। यही मार्ग मोक्ष की प्राप्ति की ओर ले जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेक्टर-31 में ग्रुप होम का निर्माण हुआ चालू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा मानसिक बीमारी (एमआई), बौद्धिक दिव्यांगता (आईडी) और ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) से ठीक हुए व्यक्तियों के लिए सेक्टर-31 चंडीगढ़ में एक ग्रुप होम का निर्माण किया गया है। समाज कल्याण विभाग ने इच्छुक माता-पिता/अभिभावकों से अपने बच्चों को ग्रुप होम में दाखिले के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित करने के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया था। विभाग को ग्रुप होम में दाखिले के लिए 33 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ईडब्ल्यूएस आवेदकों सहित पात्र आवेदकों के पहले बैच को नामित चिकित्सा संस्थानों में भेजा गया है, अर्थात मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, सेक्टर-32 (मानसिक बीमारी से ठीक हुए व्यक्तियों के लिए) और बौद्धिक विकलांगता के लिए सरकारी पुनर्वास संस्थान (जीआरआईआईडी), सेक्टर-31 (बौद्धिक विकलांगता (आईडी) और ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) से पीड़ित व्यक्तियों के लिए) 45 दिनों के चिकित्सा मूल्यांकन के लिए, जो 7 मई को शुरू हुआ था। इस मूल्यांकन का उद्देश्य उन व्यक्तियों की चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक उपयुक्तता का मूल्यांकन करना है, जिन्हें समूह गृह के तहत आवासीय देखभाल के लिए आवेदन किया है। मनोचिकित्सकों, नैदानिक मनोवैज्ञानिकों और चिकित्सा अधिकारियों वाली एक बहु-विषयक टीम निवासियों के लिए उपयुक्त और सहायक प्लेसमेंट सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक मूल्यांकन करेगी।

### लोगों को मौजूदा स्थिति की तैयारियों बारे करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव और यूटी चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री कंवरदीप कौर ने लोगों को मौजूदा स्थिति और पूरे केंद्र शासित प्रदेश में किए जा रहे तैयारियों के उपायों से अवगत कराने के लिए एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग आयोजित की।



उपायुक्त ने पिछले दो दिनों में चंडीगढ़ के निवासियों के अनुकरणीय सहयोग के लिए उनकी हार्दिक सराहना की। बीती शाम पूरे शहर में की गई ब्लैक आउट और इससे एक दिन पहले की गई मॉकड्रिल, दोनों ही सफलतापूर्वक संपन्न की गईं। प्रशासन विशेष रूप से सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने, तत्काल जानकारी का प्रसार करने और गलत सूचनाओं के प्रसार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए) के योगदान की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि कक्षा 12 तक के सभी कोचिंग संस्थान अगले आदेश तक बंद रहेंगे 9 मई को, मॉल, बार, होटल और शोरूम सहित सभी बाजार और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान शाम 7 बजे के बाद बंद रहेंगे, केवल मेडिकल स्टोर को छोड़कर, जो हमेशा की तरह काम कर सकते हैं।

### आपातकाल के लिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत सरकार के निर्देशों और चंडीगढ़ प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए, स्वास्थ्य विभाग, यूटी चंडीगढ़ ने चंडीगढ़ में किसी भी तरह की आपदा/आपातकाल के प्रबंधन के लिए तुरंत कदम उठाए हैं। आपदा प्रबंधन के लिए जीएमएसएच-16, चंडीगढ़ में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष के लिए एक समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और आवश्यक कर्मचारियों को रोटेशनल ड्यूटी पर रखा गया है। जीएमएसएच-16 और संबद्ध सिविल अस्पतालों के आपातकालीन विभागों को पर्याप्त जनशक्ति, उपकरण और आवश्यक दवाओं के साथ मजबूत किया गया है। सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों के रोटेशनल ड्यूटी रोस्टर तैयार किए गए हैं। एंबुलेंस बेड़े को मजबूत किया गया है और उन्हें आवश्यक उपकरण, जनशक्ति और दवाओं से सुसज्जित किया गया है। किसी भी आपदा से निपटने के लिए आवश्यक सभी दवाइयां खरीदी गई हैं। उपकरण, उपभोग्य सामग्रियों और दवाओं की विस्तृत सूची बनाई गई है। स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में संचार नेटवर्क को मजबूत किया गया है। पीजीआईएमईआर, जीएमसीएच 32 और निजी अस्पतालों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। सभी निजी अस्पतालों और चिकित्सकों को जागरूक करने के लिए अध्यक्ष और आईएमए के साथ बैठक की गई है।

### रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को चुना नया पोप



**एजेंसी, वेटिकन।** वेटिकन में शुक्रवार को पेपल कॉन्क्लेव के दूसरे दिन नए पोप का चयन हो गया। 69 साल के रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुन लिया गया है। वह अमेरिका से पोप बनने वाले पहले कार्डिनल हैं। उन्होंने अपने लिए पोप लियो-14 नाम चुना है। 133 कार्डिनल्स ने वोटिंग के जरिए दो-तिहाई बहुमत (89 वोट) से उन्हें पोप चुना। 1900 के बाद से यह पांचवां मौका है, जब नए पोप को दो दिनों में चुन लिया गया। वोटिंग के दूसरे ही दिन रोमन कैथोलिक चर्च के सिस्टीन चैपल पर स्थित चिमनी से सफेद धुआं निकला, जिससे पता चलता है कि नए पोप का चयन हो गया है। नए पोप का चयन होते ही वेटिकन में मौजूद 45 हजार से ज्यादा लोगों ने जोरदार तालियां बजाई और एक-दूसरे को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### मित्र देश की जासूसी नहीं की जा सकती : मेटे



**एजेंसी, ओस्लो।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने साफ कहा है कि किसी मित्र देश के खिलाफ जासूसी नहीं की जा सकती। उनका यह बयान तब आया जब एक अमेरिकी अखबार ने रिपोर्ट दी कि अमेरिका ने ग्रीनलैंड में खुफिया जानकारी जुटाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, लेकिन उसे आंशिक रूप से स्वायत्तता प्राप्त है। इस मामले को लेकर डेनमार्क ने कोपेनहेगन में मौजूद अमेरिका की शीर्ष राजनयिक जेनिफर हॉल गॉडफ्रे को विदेश मंत्रालय में बुलाया। डेनमार्क के वरिष्ठ राजनयिक जेपे ट्रानहोल्म-मिकेलसेन ने इस मुद्दे पर चर्चा की। हालांकि मंत्रालय ने ज्यादा जानकारी साझा नहीं की और अमेरिकी दूतावास ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### यूएस वायुसेना के अफसरों ने ढाका में डाला डेरा

**एजेंसी, ढाका।** अमेरिकी एयरफोर्स के अधिकारियों की एक टीम बांग्लादेश की राजधानी ढाका पहुंची है। चार सदस्यों की यह टीम कतर एयरवेज की फ्लाइट से ढाका के शाह जलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंची। इस टीम की आमद का मकसद एक भारी कार्गो विमान के ढाके आने से पहले व्यवस्था देखना है। इन अधिकारियों के डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी से जुड़े होने का दावा किया जा रहा है। ढाका में जो विशाल कार्गो आ रहा है, उसे कथित तौर पर बांग्लादेश सीमा के जरिए म्यांमार में भेजा जाएगा। इसमें खतरनाक हथियार होने का अंदेशा है। हाल ही में ये रिपोर्ट भी सामने आई थी कि अमेरिका की ओर से बांग्लादेश की सीमा के जरिए म्यांमार के विद्रोही गुटों को सैन्य मदद भेजी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# चंडीगढ़ में 7 बजे बंद हो जाएंगे बाजार

## पटाखे और आतिशबाजी पर रोक, घरों को लौटने लगे छात्र

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



फाइल फोटो

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बाद पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान 12 मई तक बंद कर दिए गए हैं। वहीं ट्राईसिटी (चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली) में भी हाई अलर्ट है। ऐसे में चंडीगढ़ प्रशासन ने चंडीगढ़ के सभी मार्केट, शॉपिंग मॉल को शाम 7 बजे बंद करने का आदेश जारी किया है। इसके अलावा पटाखे और आतिशबाजी पर भी रोक लगा दी गई है।

पंचकूला में भी जिला प्रशासन ने शाम 6 बजे से सभी दुकानों को बंद करने का फैसला लिया है। हालांकि, जरूरी सामान जैसे मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे। वहीं, मोहाली में रात 8 बजे सभी बाजार बंद हो जाएंगे। चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) ने जम्मू और कटड़ा के लिए अपनी बस सेवाएं बंद कर दी हैं। चंडीगढ़ व आसपास के इलाकों से कॉलेज के छात्र घरों को लौटने लगे हैं। चंडीगढ़ के 43 बस स्टैंड पर शुक्रवार को खासी भीड़ देखने को मिली। वहीं, शहर के कई इलाकों की सड़कों पर भी सन्नाटा पसरने लगा है। पाकिस्तान की तरफ से पंजाब के कई इलाकों में बीती रात को ड्रोन अलर्ट का बड़ा असर देखने को मिल रहा है और चंडीगढ़ से मोहाली जिले के बड़े कॉलेज यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रह रहे ज्यादातर स्टूडेंट्स अपना बैग पैक कर अपने-अपने घरों की तरफ रुख कर रहे हैं।

बता दें कि पंजाब, हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के बड़ी संख्या में छात्र चंडीगढ़ के आसपास के निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करते हैं। हिमाचल प्रदेश से भी बड़ी संख्या में छात्र चंडीगढ़ के अलग-अलग संस्थानों पर पढ़ाई करते हैं, जो कि अब घर लौट रहे हैं। लांडरां रोड पर बने अलग-अलग कॉलेज यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स हॉस्टल छोड़ गए हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स का कहना है कि परीक्षाएं पोस्टपोन कर दी गई हैं। हमें कहा गया है कि जो घर जाना चाहता है, वह जा सकता है। क्योंकि अब एग्जाम की अगली तारीख जल्द बताई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### जमाखोरी पर रोक, शिकायत के लिए नंबर जारी

**प्रशासन** ने राशन सहित जरूरी चीजों को स्टोर करने पर रोक लगा दी है। चंडीगढ़ के डीसी निशांत यादव ने ये आदेश जारी किए हैं। ऐसे में कोई भी व्यक्ति, ट्रेडर, होलसेलर्स, रिटेलर्स किसी भी तरह की खाने की सामग्री का स्टॉक नहीं बना सकता। सभी को हिदायत दी गई है कि उनके पास जो स्टॉक है उसकी जानकारी डिपार्टमेंट ऑफ फूड एंड सप्लाई को दें। यदि कहीं पर महंगी फूड आइट्म्स बेची जा रही है, तो नागरिक इसकी शिकायत सेक्टर-17 स्थित कंज्यूमर्स अफेयर्स एंड लीगल मेट्रोलॉजी विभाग को दे सकता है।

# रिवर्स पलायन कर चुके लोगों को मिलेगा प्लेटफॉर्म : धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में पलायन निवारण आयोग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य में रिवर्स पलायन कर चुके लोगों के अनुभवों को साझा करने के लिए एक उपयुक्त प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा।

इसका उद्देश्य है कि अन्य लोग भी इन सफलताओं से प्रेरित होकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों के सुझावों को विभिन्न योजनाओं में सम्मिलित किया जाएगा, जिससे योजनाएं अधिक प्रभावी बन सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आने वाले समय में उत्तराखंड को देश के श्रेष्ठ राज्यों में स्थान दिलाएगी। यह भागीदारी नारी शक्ति के जुनून, हौसले और हुनर का सम्मान होगा।

मुख्यमंत्री धामी ने सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा को निर्देशित किया कि वे रिवर्स पलायन कर चुके लोगों की सफलता की कहानियों को साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म विकसित करने की दिशा में कार्य करें और उन्हें योजना निर्माण में शामिल करें। उन्होंने ग्रामीणों के स्थायी आजीविका हेतु कौशल विकास पर बल देते हुए स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं की पहचान कर स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पेशेवर दक्षता प्रदान किया जाए, जिससे उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग बेहतर हो सके और उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो।

पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एसएस नेगी ने बैठक में आयोग द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अब तक लगभग 2,000 लोगों ने राज्य में रिवर्स पलायन करते हुए कृषि, पशुपालन, पर्यटन, होम स्टे, बागवानी और अन्य क्षेत्रों से जुड़कर स्वरोजगार अपनाया है और अच्छा लाभ कमा रहे हैं। इस अवसर पर अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एसएस नेगी, सदस्य राम प्रकाश पैन्यूली, सुरेश सुयाल, दिनेश रावत, अपर आयुक्त ग्राम्य विकास राजेंद्र सिंह रावत समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अनुपालन पर हुई समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने 606/2018 नगर पालिका ठोस अपशिष्ट नियम, 2016 का अनुपालन और अन्य पर्यावरणीय मुद्दे के मामले में माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों के अनुसार ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में पर्यावरण एवं स्थानीय निकाय सचिव मंदीप सिंह बराड़, वित्त सचिव दीप्रवा लाकड़ा, पर्यावरण निदेशक सौरभ कुमार, आयुक्त, एमसी, चंडीगढ़ अमित कुमार, वन संरक्षक अनूप सोनी ने भाग लिया।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव को अपशिष्ट जल उत्पादन और उसके उपचार की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। सभी एसटीपी के प्रदर्शन की समीक्षा की गई और बताया गया कि चंडीगढ़ में लगभग 255 एमएलडी क्षमता है, जबकि वर्तमान में लगभग 255 एमएलडी क्षमता है। 232 एमएलडी इसलिए अपशिष्ट जल के उपचार के लिए 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी कार्य माननीय एनजीटी को दिए गए समय-सीमा के अनुसार पूरे होने चाहिए और संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करना चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि चंडीगढ़ में कहीं भी कचरा न जलाया जाए।

### हिसार में अवैध रूप से चल रहा नशा मुक्ति केंद्र सील

**अनंत ज्ञान, हिसार।** जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चिकनवास गांव के पास चल रहे अवैध नशा मुक्ति केंद्र को सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि उक्त सवेरा नशा मुक्ति केंद्र पिछले पांच वर्षों से बिना मंजूरी के चल रहा था। शिकायत मिलने के बाद एडीसी ने नशा मुक्ति केंद्र को सील करने के आदेश दिए। बताया जा रहा है कि अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव चिकनवास के पास सवेरा नशा मुक्ति केंद्र पिछले कई वर्षों से चलाया जा रहा था। किन्हीं तकनीकी खामियों व शिकायतों की वजह से उक्त नशा मुक्ति केंद्र का लाइसेंस वर्ष 2020 से रिन्यू नहीं किया गया था। इसके बावजूद उक्त नशा मुक्ति केंद्र नियम व कायदों को ठेंगे पर रखकर चलाया जा रहा था।

# भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच मेयर ने बुलाई आपातकालीन बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए, चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने आज नगर निगम चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक बुलाई। इस बैठक में नगर आयुक्त अमित कुमार, आईएएस, वरिष्ठ उप मेयर जसबीर सिंह बंटी, उप मेयर तरुणा मेहता, सभी संयुक्त आयुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मेयर बबला ने चंडीगढ़ निवासियों की सुरक्षा और भलाई को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आपातकालीन स्थिति के लिए शहर को तैयार रखने हेतु कई आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और नगर निगम पूरी तरह से सतर्क है तथा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तत्पर है।

### मेयर के नेतृत्व में उठाए गए प्रमुख कदम

**इंटीग्रेटेड** कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में 24×7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है (फोन 0172-2787200) जो सभी आपातकालीन कॉल को संभालेगा। इसके संचालन के लिए एसडीई रुदेश कुमार की देख-रेख में एक समर्पित टीम तैनात की गई है। मेयर ने तुरंत ब्लैकआउट योजना लागू करने के निर्देश दिए। एसई (बागवानी) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो स्ट्रीट और सोलर लाइट्स को बंद कराने और आवश्यकता पड़ने पर सायरन बजवाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में, एसई (पब्लिक हेल्थ) को टैंकरों के माध्यम से निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों से मिलकर ब्लैकआउट प्रोटोकॉल, अफवाहों से बचाव, जमाखोरी से रोकथाम और आपातकालीन निर्देशों के पालन की जानकारी दें।

# देश के कई उद्योगपतियों ने दिया सशस्त्र बलों को समर्थन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच देश के दो बड़े उद्योगपति, मुकेश अंबानी और गौतम अडानी, अनिल अग्रवाल सहित कई उद्योगपतियों ने भारतीय सेना को पूरा समर्थन देने का वादा किया है। भारतीय सेना इन दिनों पाकिस्तान की तरफ से हो रही भारी गोलीबारी, ड्रोन और मिसाइल हमलों का डटकर मुकाबला कर रही है।

### भारत की एकता ही इसकी ताकत : गौतम अडानी

**देश** के दूसरे बड़े कारोबारी और अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी ने एक्सपर लिखा, 'ऐसे वक्त में दुनिया भारत की असली ताकत और एकता को देख रही है। हम अपनी सेना के साथ मजबूती से खड़े हैं।' उन्होंने भारत फर्स्ट और जय हिंद का नारा लगाते हुए लिखा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन अपनी गरिमा और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। (अनंत ज्ञान)



### भारत आतंक के खिलाफ एकजुट : मुकेश अंबानी

**एशिया** के सबसे अमीर व्यक्ति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा, 'हम अपनी भारतीय सेना पर गर्व करते हैं, जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' में साहस दिखाया है। भारत आज आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट है।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता की भी तारीफ की और कहा कि भारत अब हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। पीएम मोदी के निर्णायक नेतृत्व में हमारी सेना ने सीमा पार से हुई हर उकसावे की कार्रवाई का सटीक और ताकतवर जवाब दिया है। मुकेश अंबानी ने आगे कहा कि अब भारत किसी भी आतंकी हमले पर चुप नहीं रहेगा। हमारा देश शांति चाहता है, लेकिन अब कोई भी हमला हमारे नागरिकों या सैनिकों पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने भरोसा जताया कि एकजुट होकर हम खड़े होंगे, लड़ेंगे और विजय प्राप्त करेंगे।



### भारतीय सेना ने बढ़ाया आत्मसम्मान : अनिल


**खान** कारोबारी अनिल अग्रवाल ने भी भारतीय सेना को सलाम करते हुए लिखा, 'मेरी सारी दुआएं बहादुर जवानों के साथ हैं। उन्होंने अपने न्यायपूर्ण कदम से भारत का आत्मसम्मान बढ़ाया है।' उन्होंने कहा कि वे देश के नेतृत्व और सेना के साथ पूरे दिल से खड़े हैं।



## देश-विदेश

### पाकिस्तान को पवार ने दिखाया आईना

**मुंबई।** एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सरकार और सेना के अधिकारियों की मौजूदगी से एक बार फिर पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब हुआ है। एक तरफ पड़ोसी आतंकी गतिविधियों में अपना हाथ होने से इनकार करता है, वहीं दूसरी तरफ उसके अधिकारी आतंकियों के जनाजे में शामिल होते हैं। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के जनाजों में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी और नेता दिखाई दिए। (अनंत ज्ञान)



# आतंकवाद का सिर है पाकिस्तान उसे कुचलना जरूरी : माइकल रुबिन

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



भारत के साथ जारी तनाव के बीच पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के पूर्व शीर्ष अधिकारी माइकल रुबिन ने एक बड़ा बयान देते हुए पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। माइकल रुबिन ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान ही दुनिया में आतंक का गढ़ व आतंक का सिर है और इस पर वार करना जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

**अमेरिकी विशेषज्ञ ने खुलकर किया भारत का समर्थन**

### अमेरिका करे भारत का समर्थन

**रुबिन** ने कहा कि अमेरिका ने लश्कर ए तैयबा को आतंकी संगठन घोषित किया था, लेकिन हमने पाकिस्तान को आतंक को वित्त पोषित करने वाला देश करार नहीं दिया। अब समय आ गया है कि हम ऑक्टोपस के बाजुओं पर कार्रवाई करने के बजाय उसके सिर पर हमला करें। अमेरिका को एकमत होकर भारत का समर्थन करना चाहिए। रुबिन ने ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करते हुए कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के नेता का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा करे। पीएम मोदी और भारत का पूरा राजनीतिक नेतृत्व ये समझ रहा है कि सभी भारतीय खतरे में हैं। इस सब की शुरुआत, तब हुई जब आसिम मुनीर ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम एक साथ नहीं रह सकते, लेकिन भारत में दोनों समुदाय साथ मिलकर रह रहे हैं। पाकिस्तान में ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि पाकिस्तान व्यवस्थागत तरीके से अपने अल्पसंख्यकों को देश से बाहर कर रहा है।

# सेंसेक्स 800 से ज्यादा अंक गिरा, निफ्टी भी लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**



भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक फीसदी से अधिक की गिरावट आई।

पिछले दिन की गिरावट को जारी रखते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सूचकांक 880.34 अंक या 1.10 फीसदी गिरकर 79,454.47 पर बंद हुआ। इसे काफी हद तक सीमित कारोबार माना जा रहा है। ऐसे ही एनएसई निफ्टी 265.80 अंक या 1.10 फीसदी गिरकर 24,008 अंक पर आ गया। दरअसल, भारत ने वीरवार रात को जम्मू और पठानकोट सहित सैन्य स्थलों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने के पाकिस्तान के नापाक इरादों पर पानी फेर दिया था। पाकिस्तान ने भारत के उत्तरी और पश्चिमी इलाकों में 15 स्थानों पर इसी तरह के प्रयास किए, जिसे भारतीय सशस्त्र बलों ने नाकाम कर दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ते तनाव के कारण ही शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई है। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट ने डिप्टी कलेक्टर को तहसीलदार बनाने का दिया आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश सरकार के एक अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने वाले डिप्टी कलेक्टर को पदावनत कर तहसीलदार के पद पर नियुक्ति करें।



### कोर्ट के आदेश की अवहेलना कानून की नींव पर हमला

**दरअसल** उच्च न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में झोपड़ियां न हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी, चाहे वो कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, वह अदालत द्वारा पारित आदेशों का सम्मान करने के लिए बाध्य है। पीठ ने कहा कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना कानून के शासन की उस नींव पर हमला है, जिस पर हमारा लोकतंत्र आधारित है। (अनंत ज्ञान)

## सुरक्षा — सतह से हवा में मार करने वाला सबसे शक्तिशाली हथियार

# 'आकाश' रक्षा प्रणाली बनी देश की ढाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने वीरवार की रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। देश में ही तैयार सतह से हवा में मार करने वाली 'आकाश' मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने भारतीय शहरों को निशाना बनाकर किए गए पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई है।

वहीं, 8 मई और 9 मई की दरम्यानी रात भारतीय सेना ने पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम किया और उनका जवाब दिया।

मामले से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और वायुसेना दोनों ने पाकिस्तान सीमा पर मिसाइल प्रणाली तैनात की है। रक्षा अधिकारियों ने कहा, 'भारत में निर्मित आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली का भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा भारतीय लक्ष्यों पर पाकिस्तानी हमलों को विफल करने में प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया है।' (अनंत ज्ञान)

### 45 किमी दूरी तक लक्ष्य भेदने में सक्षम

**'आकाश'** बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है।

### 64 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकती है एक बैटरी

**आकाश** में एक राजेंद्र 3डी पैसिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार और चार लॉन्चर होते हैं। इनमें से प्रत्येक में तीन मिसाइलें होती हैं। यह सभी आपस में जुड़ी होती हैं। प्रत्येक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकती है और उनमें से 12 पर हमला कर सकती है।

# श्रीलंका में मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश, छह सैनिकों की मौत

**एजेंसी, कोलंबो**



श्रीलंका में शुक्रवार को एक सैन्य हेलिकॉप्टर के जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सशस्त्र बलों के छह कर्मियों की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि श्रीलंका वायुसेना का बेल 212 हेलिकॉप्टर उत्तर मध्य क्षेत्र मदुरु ओया में एक जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकॉप्टर सेना के विशेष बल ब्रिगेड की पासिंग आउट परेड के लिए जा रहा था। मृतकों में वायु सेना के दो और विशेष बल के चार सैनिक शामिल हैं।

श्रीलंका वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना की जांच के लिए नौ सदस्यीय समिति गठित की गई है। श्रीलंकाई एयरफोर्स की तरफ से जानकारी दी गई कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय हेलिकॉप्टर सेना के विशेष बल ब्रिगेड की पासिंग आउट परेड में प्रदर्शन के लिए जा रहा था। ऐसे में मामले की जांच के लिए 9 सदस्यीय पैनल नियुक्त किया गया है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि हेलिकॉप्टर क्रैश किस वजह से हुआ। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### मुंबई के लिए फिर खेलना चाहते हैं जायसवाल, एमसीए को लिखा पत्र

**एजेंसी, मुंबई।** गोवा टीम में जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगने के एक महीने बाद भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनुरोध किया है कि वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए ही खेलना चाहते हैं। अप्रैल में जायसवाल ने एमसीए को पत्र लिखकर गोवा के लिए खेलने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। एमसीए ने भी उनका अनुरोध मान लिया था। पीटीआई के पास एमसीए को भेजा गया जायसवाल का वह ईमेल है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगले घरेलू सत्र में वह मुंबई के लिये खेलने के लिये उपलब्ध हैं। जायसवाल ने लिखा,''मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मैं एनओसी वापिस लेने का अनुरोध करता हूं क्योंकि गोवा में जाकर बसने की परिवार की योजना फिलहाल रद्द हो गई है।'' उन्होंने कहा ,'' मैं एमसीए से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सत्र में मुंबई के लिए खेलने की अनुमति दी जाए। मैने एनओसी बीसीसीआई या गोवा क्रिकेट संघ को नहीं भेजी है।''



### भुल्लर और चौरसिया जापान में कट में जगह बनाने में सफल

**एजेंसी, टोक्यो।** गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में शुक्रवार को यहां कट में जगह बनाने में सफल रहे जबकि पांच अन्य अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने निराश किया। एशियाई टूर पर 11 बार के विजेता भुल्लर ने दूसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान चार बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाए। उन्होंने बृहस्पतिवार को पार 71 का कार्ड खेला था। वह कुल दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर है। चौरसिया ने तीन बर्डी और इतनी ही बोगी कर पार 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में भी 71 का कार्ड खेला था, जिससे वह संयुक्त 52वें पायदान पर है। इस बीच जीव मिल्खा सिंह (73, 70) एक शॉट से कट में प्रवेश करने से चूक गए। अन्य भारतीयों में युवराज संधू (71-74), राहिल गंगजी (75-70), अजितेश संधू (73-72) और शिव कपूर (73-74) का कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।



### अरुण जेटली स्टेडियम में बम की धमकी निकली अफवाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को बम की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम के साथ बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और 'डॉग स्क्वॉड' की टीम अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचीं जो अफवाह निकली। डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने बताया, ''हमें डीडीसीए के पते पर ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। हमने तुरंत इसे दिल्ली पुलिस को भेज दिया। दिल्ली पुलिस के बम दस्ते ने आकर पूरे स्टेडियम की जांच की जिसमें कुछ भी नहीं मिला।'' दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा कि कई टीम को तुरंत स्टेडियम भेजा गया और पूरी जगह की अच्छी तरह से जांच की गई। सूत्र ने कहा, ''जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके अलावा हमने स्टेडियम के अंदर और इसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है।''

### सारा ग्लेन का खूबसूरत अंदाज

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड की स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर सारा ग्लेन अपने प्रदर्शन के साथ-साथ अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए भी क्रिकेट जगत में काफी मशहूर है। सारा को सिर्फ खुद ही तैयार होना पसंद नहीं है, बल्कि वह दूसरों को भी तैयार करना पसंद करती हैं।



### उन्नति, आयुष ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**एजेंसी, ताइपे।** युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 17 साल की उन्नति ने 52 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी हुंग यी टिंग को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में 21-8 19-21 21-19 से शिकस्त दी। अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी की चुनौती होगी। जापान की इस खिलाड़ी ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ताइपे की सियांग लिन को 17-21, 21-8, 21-17 से हराया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष को भी अंतिम आठ की बाधा पार करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पिछले दौर में अनुभवी किदांबी श्रीकांत को हराने वाले आयुष ने कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग 16-21 21-19 21-14 से मात दी। टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में ऑल इंग्लैंड के उपविजेता ली चिया हाओं को हराकर उलटफेर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोऊ टीएन चेन और इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदुल्लाह के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी।

## भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ा सैन्य तनाव

# आईपीएल एक सप्ताह के लिए स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया और बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच वीरवार का मैच बीच में ही रद्द होने के बाद से मौजूदा आईपीएल के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक विज्ञप्ति में कहा,''बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया है।''

पहले यह बताया गया था कि आईपीएल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसमें कहा गया,''नए कार्यक्रम और टूर्नामेंट के आयोजन के बारे में सूचना समय आने पर दी जाएगी। इससे पहले संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ हालात की व्यापक समीक्षा की जाएगी।'' लीग का समापन 25 मई को कोलकाता



**बोर्ड ने कहा राष्ट्रहित सर्वोपरि**

में होना था। बोर्ड बाकी 16 मैच (12 लीग और चार नॉकआउट) सही समय पर कराने की कोशिश करेगा। ऐसी अटकलें हैं कि सितंबर महीने में होने वाला एशिया कप रद्द किया जाता है तो यह एक विकल्प हो सकता है। बोर्ड के बयान में कहा गया,''इस नाजुक मोड़ पर बीसीसीआई देश के साथ खड़ा है। हम भारत सरकार, सशस्त्र बलों और देश के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हैं।'' इसमें कहा गया,''बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है जिनके 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए वीरतापूर्ण प्रयास राष्ट्र की रक्षा करने के साथ प्रेरणा देते हैं और जो हाल ही के आतंकवादी हमले और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अनुचित आक्रमण का दृढ़ जवाब दे रहे हैं।'' बोर्ड ने कहा कि क्रिकेट देश का जुनून है, लेकिन यह देश की अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर नहीं है।

इसमें कहा गया,''बोर्ड भारत की सुरक्षा के लिए सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और हमेशा राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में अपने निर्णय लेगा।'' बोर्ड ने आधिकारिक प्रसारक, टाइटल प्रायोजक और सभी साझेदारों समेत हितधारकों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने के लिए धन्यवाद दिया। भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर मिसाइल हमले किए।

दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाड़ी फिलहाल सड़क मार्ग से धर्मशाला से राष्ट्रीय राजधानी आ रहे हैं। आईपीएल में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जॉइंट्स के बीच मैच खेला जाना था जो अब स्थगित है। लीग के स्थगित होने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा ,''देश सबसे पहले।'' वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स ने लिखा,''हमारी ढाल भारतीय सैन्यबल। देश सबसे पहले।''

**विदेशी खिलाड़ी चिंता में**

**लीग** सूत्रों के अनुसार, सैन्य टकराव ने विदेशी खिलाड़ियों में काफी चिंता पैदा कर दी है और वे अगले कुछ दिनों में वापस लौट जाएंगे। पिछले साल मेगा नीलामी में 10 फ्रेंचाइजी ने 62 विदेशी खिलाड़ियों को अनुबंधित किया था। आईपीएल की एक टीम के अधिकारी ने बताया,''खिलाड़ी ठीक हैं लेकिन जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर चिंता तो है।''

### दक्षिण अफ्रीका ने शुकरी कॉनराड को सभी प्रारूपों का कोच किया नियुक्त

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड 2027 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप तक सीमित ओवर की टीमों की भी कमान संभालेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को यहां इसकी घोषणा की। कॉनराड 2023 से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कोच है। वह सीमित ओवरों की टीम में रॉब वाल्टर की जगह लेंगे। वाल्टर ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था।



इस 58 वर्षीय कोच के सामने सीमित ओवरों के प्रारूप में पहली चुनौती जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में होगी। सीएसए के राष्ट्रीय टीमों और हाई परफार्मेंस निदेशक एनोच एनक्वे ने कहा, ''टेस्ट टीम के साथ शुकरी का रिकॉर्ड काफी कुछ बयां करता है। उन्होंने एक ठोस नींव रखी है और टेस्ट प्रारूप में टीम को काफी मजबूत किया है। मैं उन्हें सीमित ओवर के प्रारूप की जिम्मेदारी उठाते हुए देखने के लिए उत्साहित हूं।''

कॉनराड के मार्गदर्शन में दक्षिण अफ्रीका अपने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंच गया है। वह 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स, लंदन में खिताब के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। कॉनराड ने कहा, ''मैं तीनों प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी मिलने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं भविष्य की संभावनाओं को लेकर उत्साहित हूं। सीमित ओवर प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ अविश्वसनीय कौशल वाले खिलाड़ी है। मुझे विश्वास है कि हमारे पास कुछ खास हासिल करने के लिए जो चाहिए वो है।'' कॉनराड को घरेलू सरजमीं पर एकदिवसीय विश्व कप से पहले भारत की मेजबानी में 2026 में टी20 विश्व कप में टीम को सफलता दिलाने की चुनौती होगी।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड व टोटेनहैम यूरोपा लीग के फाइनल में

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने आसान जीत के साथ यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। इंग्लैंड की इन दोनों टीमों की इंग्लिश प्रीमियर लीग में स्थिति अच्छी नहीं है, लेकिन यूरोप की दूसरे स्तर की प्रतियोगिता यूरोपा लीग को जीतने पर उन्हें चैंपियंस लीग में जगह मिल जाएगी।



यूनाइटेड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में सेमीफाइनल के दूसरे चरण में एथलेटिक बिलबाओ को 4-1 से हराया और इस तरह से स्पेन के क्लब के खिलाफ कुल-मिलाकर 7-1 से जीत हासिल की। टोटेनहैम ने नॉर्वे के क्लब बोडो ग्लिम्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से पराजित करके कुल 5-1 से जीत हासिल की।

### कबड्डी चैंपियनशिप के लिए हिमाचल की टीमों की घोषणा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन ने राष्ट्रीय सीनियर बीच कबड्डी चैंपियनशिप के लिए हिमाचल की टीमों की घोषणा कर दी है। टीमों के चयन के लिए सोलन जिला के दभोटा नालागढ़ में कोहिनूर एकेडमी के मैदान में हुए ट्रायल के बाद एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव कृष्ण लाल ने चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी की। पुरुषों की टीम में सोलन के गुरप्रीत , प्रियंक व बलबीर, जबकि मंडी के लाल सिंह, रजत व मिथुन को स्थान मिला है। जबकि बलदेव, नरेश व खमिंदर को स्टैंडबाई खिलाड़ी के रूप में रखा गया है।



महिला टीम में बिलासपुर जिला की किरण, सिरमौर की निकिता व तनु ठाकुर, मंडी की शगुन, सोलन की जसप्रीत व शिमला की अदिति सुप्टा को स्थान मिला है जबकि सोलन की रिदम, अंशु सविता को स्टैंडबाई में के रूप में रखा गया है। उन्होंने बताया कि ट्रायल में चयनकर्ता के रूप में पूर्ण कटोच व भूषण कुमार उपस्थित रहे। जबकि अर्जुन अवॉर्डी, पद्मश्री प्राप्त भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान अजय ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी बीएल धर्माणी ने बताया कि चयनित टीमें मांगीनापुडी बीच मछलीपट्टनम ,आंध्र प्रदेश में 15 मई से 18 मई के बीच होने वाली 12वीं राष्ट्रीय बीच कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की भारत और पाक की स्थिति पर करीबी नजर

**एजेंसी, सिडनी**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर 'करीबी नजर' रखे हुए है, क्योंकि 20 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

आईपीएल पर वीरवार को उस समय अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे जब आसपास के शहरों में हवाई हमले की संभावना के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रद्द करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी मौजूदा स्थिति की समीक्षा कर रहा है।

इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैचों को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, ''हम ऑस्ट्रेलिया सरकार, पीसीबी, बीसीसीआई और स्थानीय सरकारी अधिकारियों से नियमित सलाह और अपडेट प्राप्त करने सहित पाकिस्तान और भारत की स्थिति पर करीबी नजर रखना जारी रखेंगे। हम अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के साथ भी संपर्क में हैं।''

पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड और कोच रिकी पोंटिंग और ब्रैड हैडिन आईपीएल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर, तेज गेंदबाज रिले मेरेडिथ और सीन एबॉट जैसे खिलाड़ी पीएसएल में खेल रहे हैं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है और वे जल्द से जल्द भारत छोड़ने के इच्छुक हैं।

### धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच दिसंबर में



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतर्राष्ट्रीय धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में अब दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा मैच 14 दिसंबर को धर्मशाला स्टेडियम में खेला जाएगा। मार्च 2024 में भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी के पौने दो साल बाद एचपीसीए को अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी को मौका मिला है। इस बार आईपीएल के तीन मैच धर्मशाला में थे, जिसमें एक मैच ही पूरा हो पाया और एक मैच बीच में ही रोकना पड़ा, जिसके बाद क्रिकेट प्रेमियों में मायूसी भी छा गई है। धर्मशाला स्टेडियम को अब तक 11 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की मेजबानी का मौका मिल चुका है। अब दक्षिण अफ्रीका चौथी बार आएगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि सुरक्षा कारणों के चलते आईपीएल मैच बीच में ही रोकना पड़ा है। अब क्रिकेट प्रेमियों को धर्मशाला में दिसंबर में टी-20 मैच देखने का मौका मिलेगा। यह मैच 14 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा।

## पीएसएल के बाकी मैच यूएई में करवाएगा पीसीबी

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के साथ चल रहे सैन्य टकराव के कारण शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी बचे मैचों को संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित करने का फैसला किया, क्योंकि टूर्नामेंट में भाग ले रहे विदेशी खिलाड़ी चिंतित हैं। पीसीबी ने शुक्रवार की सुबह बयान जारी करके कहा कि टूर्नामेंट के आखिरी आठ मैच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किए जाएंगे। पहले इनका आयोजन रावलपिंडी, मुल्तान और लाहौर में होना था। बयान के अनुसार इन मैचों का कार्यक्रम निर्धारित समय पर साझा कर दिया जाएगा।



पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आरोप लगाया कि भारत ने पीएसएल को बाधित करने के लिए पाकिस्तान के अंदर हालिया हमले में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाया था।

नकवी ने दावा किया, ''रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाने की बेहद गैर-जिम्मेदाराना और खतरनाक भारतीय कार्रवाई को देखते हुए, जो स्पष्ट रूप से चल रहे पाकिस्तान सुपर लीग को बाधित करने के लिए किया गया था, पीसीबी ने शेष मैचों को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।'' पीसीबी प्रमुख ने कहा कि घरेलू और विदेशी क्रिकेटरों की चिंताओं का उचित समाधान करने के लिए टूर्नामेंट को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया गया।

उन्होंने कहा, ''एक जिम्मेदार संगठन के रूप में हमारे लिए पीएसएल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की मानसिक रूप से मजबूती सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण था।'' इससे पहले गुरुवार को पीसीबी ने रावलपिंडी स्टेडियम में पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच निर्धारित मैच रद्द कर दिया था। ब्रिटिश मीडिया की रिपोर्टों में कहा गया है कि लीग में भाग ले रहे इंग्लैंड के खिलाड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

**प्रतिक्रियाएं** | **पाकिस्तान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच खेल जगत की हस्तियों ने कार्रवाई के लिए दिया समर्थन**

# खेल जगत ने की भारतीय सशस्त्र बलों की हौसलाअफजाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रोहित शर्मा, नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, वीरेंद्र सहवाग सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा' करार दिया। भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को वीरवार रात तुरंत विफल कर दिया था।



रोहित शर्मा ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ''हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं। प्रत्येक भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी फर्जी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षित रहें। ऑपरेशन सिंदूर, जय हिंद।''

कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, ''हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सैल्यूट करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी तथा उनके और उनके परिवारों द्वारा हमारे महान राष्ट्र के लिए किए गए बलिदानों के लिए तहेदिल से आभारी हैं।''



ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ''हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।''



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने पोस्ट किया, ''भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को ऊंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद। ''



पूर्व भारतीय साथी शिखर धवन ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। धवन ने ट्वीट किया, ''हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भारत मजबूत है। जय हिंद।' भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने भी शामिल थे।



विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने कहा, ''हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर खड़े हमारे सैनिकों के लिए हैं। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हमारे बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हमारे लिए जीतें।''



पूर्व सलामी बल्लेबाज सहवाग ने मौजूदा हालात के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। सहवाग ने एक्स पर पोस्ट किया, ''पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।''



पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, ''आइए हम सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हों, क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं।''



धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मैच सुरक्षा कारणों से बीच में रोककर रद्द करना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसके बाद आईपीएल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।